राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 204, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मुख्यमंत्री की 24 घंटे का ट्रांसफार्मर बदलने काआदेश हवा हवाई साबित हो रहा है...02

कानपुर में भीषण आग में जिंदा जला व्यापारी,बेटे बहू नाती और भतीजी गंभीर...11

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, स्विस एयर विमान के इंजन में लगी आग, 6 यात्री घायल

● दिल्ली से ज्यूरिख जाने वाली स्विस एयर की फ्लाइट LX147 टेकऑफ के दौरान इंजन फेल होने की वजह से उड़ान रद्द कर दी. इस फ्लाइट के इंजन में अचानक गड़बड़ी आ गई और आग लग गई. इस हादसे में 6 यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है




दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रविवार (26 अप्रैल) को एक बड़ा विमान हादसा टल गया. यहां स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस (SWISS) की फ्लाइट LX147 के टेकऑफ के दौरान खराबी आ गई, जिसके बाद इंजन में आग लग गई. हालांकि समय रहते पायलट की सूझबूझ से टेकऑफ रोक दिया गया, जिससे सैकड़ों यात्रियों की जान बच गई।

जानकारी के मुताबिक,स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट रुङ्ग147, जो दिल्ली से ज्यूरिख के लिए रवाना होने वाली थी।

फ्लाइट रनवे पर टेकऑफ की प्रक्रिया में थी. तभी विमान के एक इंजन में खराबी आई और उसमें आग लग गई. स्थिति गंभीर होते देख पायलट ने तुरंत टेकऑफ को रद्द कर दिया और आपातकालीन निकासी करनी पड़ी।

### हादसे में 6 यात्री घायल

बताया जा रहा है कि इस घटना में 6 यात्री घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. घटना के बाद विमान में सवार सभी यात्रियों को तुरंत इमरजेंसी स्लाइड के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया. एयरलाइन के अनुसार, कुछ यात्रियों को सीढ़ियों की मदद से बाहर लाया गया, क्योंकि वे स्लाइड का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे थे। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन क्रू मेंबर्स ने स्थिति को संभाल लिया।

### विमान में कुल 228 यात्री और चार बच्चे सवार थे

अधिकारियों ने बताया कि एयरबस ए330 विमान संख्या एलएक्स147 ने सुबह 1.08 बजे उड़ान भरना शुरू किया, तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और आग लग गई. राहत की बात यह है कि विमान के सभी क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं. विमान में कुल 228 यात्री और चार बच्चे सवार थे।

### स्विस एयरलाइन ने जारी किया बयान

स्विस एयरलाइन ने आधिकारिक बयान में कहा कि फ्लाइट LX147 से जुड़ी एक घटना दिल्ली में हुई. यह विमान Airbus A330 था. विमान में 228 यात्री और 4 शिशु सवार थे. एयरलाइन ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम बना दी है. बयान में बताया गया कि उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद, रात करीब 1 बजे, विमान के एक इंजन में समस्या आ गई. इसके बाद पायलट ने सुरक्षा के तौर पर उड़ान रोक दी और विमान को खाली कराने का फैसला लिया।

बयान में आगे कहा गया है किएयरलाइन की स्थानीय टीम यात्रियों की मदद कर रही है और उनके लिए नई फ्लाइट या होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है. सभी यात्रियों से संपर्क बनाए रखा जा रहा है. वहींयात्रियों को जल्द आगे की यात्रा के विकल्प देने की कोशिश की जा रही है. एयरलाइन ने कहा कि इस घटना की पूरी जांच की जाएगी.तकनीकी विशेषज्ञ दिल्ली आकर विमान की जांच करेंगे।

## ममता के समर्थन में उतरे केजरीवाल,AAP में टूट के बाद बंगाल में की पहली सभा

» कहा- यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव

» अरविंद केजरीवाल पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं

» उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र और बंगाली अस्मिता पर हमला करने का आरोप लगाया. केजरीवाल ने 27 लाख वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने को 'षड्यंत्र' बताया और जनता से ममता को वोट देने की अपील की

» उन्होंने कहा कि यह देश बचाने और लोकतंत्र सुरक्षित रखने की लड़ाई है, जिसमें वे दीदी के साथ हैं।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस वक्त पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं. पार्टी में हुई टूट के बाद पहली जनसभा करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये देश को बचाने और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है. पूरा देश आपकी लड़ाई देख रहा है. बीजेपी ने पूरी आर्मी और केंद्रीय बल भेज दिए हैं. बंगाल में आतंकवादी रहते हैं क्या? आप लोग भी भारतीय हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये बंगाल और बंगाली संस्कृति और अस्मिता के ऊपर हमला है, आप लोगों को जमकर जवाब देना पड़ेगा. आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा कुर्बानी आपके दादा-परदादा ने दी, आप लोग इस आजादी को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने षडयंत्र किया वोटर लिस्ट बदल दो. 27 लाख वोटर लिस्ट से काट दिए, कई देशों की जनसंख्या इतनी नहीं होती. आपका वोट नहीं तो देश के नागरिक नहीं. कल पता नहीं क्या करेंगे आपके साथ. मां-बाप का वोट है बेटा का वोट काट दिया, चुनाव के बाद इन लोगों का क्या करेंगे. आपके साथ सारे अधिकार छीन लिए।

### वोटरों के नाम कटने के बताया षडयंत्र

केजरीवाल ने कहा कि आज कसम खाकर जाओ, जिन 27 लाख लोगों के वोट कटे हैं, वो घर-घर जाकर दीदी के लिए वोट मांगेंगे. देश के अलग अलग हिस्सों से लोग आ रहे हैं और फर्जी वोट बनवा रहे हैं।

उन्होंने कहा किपहली बार बंगाल आया हूं, मुझे लगा इस घड़ी में बंगाल की लड़ाई में शामिल होने आया हूं. आजादी को बचाने की लड़ाई का इतिहास लिखा जाएगा तो लिखा जाएगा कि केजरीवाल आया था. सारे एक महिला के पीछे पड़े हैं, फिर भी वो जीतेंगी. उनके साथ काली माई का आशीर्वाद है।

### हम सभी दीदी के साथ हैं

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक साल पहले दिल्ली के ऊपर हमला किया. फर्जी केस लगाया. अभी अदालत ने कहा कि सारे आरोप फर्जी हैं. मुझे जेल में डालकर दिल्ली पर कब्जा कर लिया. दिल्ली में फ्री बिजली बंद करने जा रहे हैं. हम सब लोग दीदी के साथ हैं।

'बंगाल की अस्मिता' का मुद्दा

केजरीवाल ने अपने संबोधन में बंगाल के इतिहास और आजादी की लड़ाई में उसके योगदान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बंगाल की संस्कृति और अस्मिता की रक्षा से जुड़ा हुआ है और लोग इसे उसी भावना से देखें। अपने भाषण में उन्होंने दिल्ली की राजनीति का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए मामले झूठे साबित हुए हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में जनता को मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मार्ग दुर्घटना में भट्टा मालिक की हुई मौत



#### भवानीगंज थाना क्षेत्र के श्यामपुर चौराहे के समीप हुआ हादसा

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज चन्द्रीपघाट मार्ग पर भवानीगंज थाना क्षेत्र के श्यामपुर चौराहे के समीप क्षेत्र के बायताल स्थित राजा भट्ठा मालिक की मार्ग दुर्घटना में मौत का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार भट्ठा मालिक राजाराम मिश्रा पुत्र स्वर्गीय हरिराम मिश्रा उम्र 55 वर्ष निवासी जोगिया थाना सोनहा जनपद बस्ती जो की भड़रिया की तरफ अपने बाईक से जा रहे थे तभी उक्त स्थान पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। घटना देख स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई,लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेंवा ले जाया गया जहां उनकी हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने उन्हें बस्ती के लिए रेफर कर दिया। बस्ती ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष भवानीगंज बृजेश सिंह ने बताया की उक्त घटना की हमें जानकारी नहीं है।

### दिल्ली में गोल्ड जीतने के बाद अब बैंकॉक के लिए मिला भारत का प्रतिनिधित्व करेगा

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े छोटे शहर ललितपुर का एक साधारण परिवार से आने वाला युवक आज अपनी मेहनत और जुनून के दम पर देश का नाम रोशन करने जा रहा है। कार्तिक करोसिया, जिसने हाल ही में दिल्ली में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, अब भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बैंकॉक (थाईलैंड) रवाना होगा। दिल्ली में गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रेजेंट करने का मौका मिला है, जो उनके साथ-साथ पूरे ललितपुर के लिए गर्व की बात है।

## घरवाले खाते रहे रसगुल्ला-रसमलाई... चोर ले गया 1 करोड़ रुपए के गहने, सदमे में परिजन

» बेंगलुरु के एक शादी हॉल से 1 करोड़ के सोने के गहनों की चोरी ने हड़कंप मचा दिया है।

» अमेरिका में रहने वाली महिला डॉक्टर सिरुवेल्ला श्रीदेवी के 725 ग्राम गहने एक ताले लगे कमरे से गायब हो गए।

» परिवार सदमे में है, जबकि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्धों की तलाश कर रही है।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कर्नाटक के बेंगलुरु में एक ऐसी घटना घटी है जहां शातिर चोरों ने एक शादी के हॉल से 1 करोड़ रुपये के सोने के गहने चुरा लिए. बुधवार शाम को अवलाहल्ली पुलिस थाना क्षेत्र के एक शादी के हॉल से अमेरिका में रहने वाली 52 वर्षीय महिला डॉक्टर सिरुवेल्ला श्रीदेवी के सोने के गहने चोरी होने की घटना सामने आई है. इस घटना से शादी का जश्न मना रहे परिवार वालों को गहरा सदमा लगा है।

सिरुवेल्ला श्रीदेवी ने गुरुवार दोपहर इस घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई. वह 18 अप्रैल को अपने भतीजे की शादी के लिए बेंगलुरु आई थीं और बेल्लारी रोड स्थित गंगानगर में अपने भाइयों के घर पर ठहरी हुई थीं. बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे वह बिदाराहल्ली के ओल्ड मद्रास रोड पर स्थित एसडीपी पैलेस मंडपम गईं. शाम 6:30 बजे तक उनके भाइयों ने उन्हें मंडपम में ही सोने के गहनों से भरा एक बक्सा दे दिया. उन्होंने कुछ गहने पहन लिए और बाकी अपने कमरे में रखकर दरवाजा बंद कर लिया और रिसेप्शन में चली गईं. कमरा बंद होने के बावजूद गहने चोरी हो जाने से कई सवाल उठ रहे हैं।

### पुलिस कर रही सीसीटीवी की जांच

चोरी हुए सोने के आभूषणों का वजन लगभग 725 ग्राम बताया जा रहा है और संदेह है कि शिकायतकर्ता के किसी परिचित या उसके परिवार के किसी सदस्य ने यह अपराध किया होगा. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और कमरे में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ कर रहे हैं।

### वेडिंग हॉल के मैनेजर ने क्या कहा?

वेडिंग हॉल के मैनेजर प्रभु ने कहा कि वेडिंग हॉल के कर्मचारी इस घटना में शामिल नहीं थे और दरवाजा बंद था. चाबी भी शिकायतकर्ता के पास थी. उन्होंने यह भी कहा कि वे पुलिस जांच में सहयोग कर रहे हैं. व्हाइटफील्ड डिवीजन के डीसीपी सैदुलु अदावत ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश चल रही है।

### जिनकी हर तस्वीर में धड़कती थी जिंदगी... कैमरा से इतिहास रचने वाले रघु राय की कमी खलती रहेगी



**बॉम्बे (मुंबई)** के एक प्लेटफार्म पर लोकल ट्रेन खड़ी है। भीड़ उस पर चढ़ने के लिए दौड़ रही है किन्तु एक अधेड़ व्यक्ति खड़ा हुआ अखबार को आमने-सामने से खोलकर पढ़ रहा है। रघु राय के इस अकेले फोटो ने साबित कर दिया कि इस तरह की स्टिल फोटो सिर्फ कैमरे का कमाल नहीं बल्कि इसके पीछे फोटोग्राफर की टेक्निक है, कौशल है और इसी कौशल को जीते थे रघु राय! उनका स्थेटिक सेंस और फिर कैमरे को अपनी मर्जी से चलाना वे जानते थे। इसीलिए वे पहले फोटोग्राफर थे जिन्हें फोटो एडिटर कहा गया. कैमरा टांग कर किसी रिपोर्टर के कहने पर वे फोटो नहीं खींचते थे बल्कि उनकी फोटो रिपोर्टर को विवश कर देती कि वह फोटो के अनुसार स्टोरी फाइल करे. रघु राय की फोटो ही खबर होती। उनके कारण ही अखबार के फोटोग्राफर फोटो जर्नलिस्ट कहे गये और पालेकर अवार्ड में उनकी श्रेणी भी उस मीडिया हाउस के पत्रकारों की तरह कैटेगराइज हुई।

## अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन और सदस्यों के खाली पदों क्यों नहीं की भर्ती? दिल्ली सरकार से हाई कोर्ट का सवाल

» दिल्ली हाई कोर्ट ने अल्पसंख्यक आयोग के खाली पदों पर सवाल उठाया

» सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया

» 24 अगस्त 2023 से पद खाली, कोर्ट ने रिपोर्ट मांगी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य अल्पसंख्यक आयोग में चेयरमैन और सदस्यों के खाली पदों पर भर्ती न करने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सवाल उठाया कि 2023 से खाली पद अब तक क्यों नहीं भरे गए हैं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कानून में यह शर्त है कि खाली जगहें जितनी जल्दी हो सके भरी जानी चाहिए, इसका मतलब यह नहीं है कि पदों को हमेशा के लिए खाली रखा जा सकता है।

### नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया

पीठ ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों को नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए इस संबंध में एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हलफनामा में ये बताया जाए कि पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और आयोग में खाली जगहें किस समय-सीमा के भीतर भरी जाएंगी।

याचिकाकर्ता सालेक चंद जैन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि 24 अगस्त 2023 से आयोग में चेयरमैन और सदस्यों के पदों पर कोई भी व्यक्ति नियुक्त नहीं है। इस पर पीठ ने कहा कि 24 अगस्त 2023 से आज तक आयोग में न तो किसी सदस्य और न ही चेयरमैन की नियुक्ति की गई है और यह एक काफी लंबा समय है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 12 अगस्त तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी।

## लखनऊ में हल्दी मेहंदी रस्म के दौरान दुल्हन के घर के बाहर हवाई फायरिंग, अपहरण की धमकी देकर भागे बदमाश



» हल्दी मेहंदी रस्म में दुल्हन के घर के सामने फायरिंग।

» कार सवारों ने गाली-गलौज कर अपहरण की धमकी दी।

» पुलिस ने तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** बीकेटी क्षेत्र के एक गांव में हल्दी मेहंदी रस्म के दौरान दुल्हन के घर के सामने पहुंचे कार सवारों ने गाली-गलौज करते हुए हवाई फायरिंग कर दी। ग्रामीण जुटे तो आरोपित कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। दुल्हन के पिता ने बीकेटी थाने में तीन लोगों के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय है। शुक्रवार को घर में हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम था। मेहमान और पड़ोसी भी घर पर थे। इसी बीच स्विफ्ट कार सवार तीन युवक घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। यह देख लोग सहम गए। पड़ोसियों ने विरोध जताया तो नशे में धुत आरोपित गाली-गलौज देते हुए धमकाने लगे। यह देख बड़ी संख्या में आसपास के लोग जुट गए। आरोपितों ने खुद को घिरते देखा तो कार छोड़कर मौके से भाग गए। पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। पुलिस को एक खोखा मिला है। दुल्हन के पिता ने गांव के सुखदेव, अंकित और अनुज पर फायरिंग और बेटी के अपहरण की धमकी देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गाड़ी कब्जे में ली गई है। विवाह के दिन एहतियात के तौर पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

## सीएचसी बनकटी पर कार्यरत लिपिक पर डियूटी से गायब रहने का लगा आरोप

» प्रमुख सचिव (गृह) से लिपिक शमीम के खिलाफ हुई शिकायतलिपिक शमीम के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी हुई शिकायत

» डियूटी से गायब लिपिक शमीर के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी, जनपद बस्ती में कार्यरत लिपिक द्वारा अनियमित उपस्थिति, कर्तव्यों में लापरवाही एवं संदिग्ध आचरण के संबंध में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने हेतु प्रमुख सचिव (गृह) उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ से मांग की गई है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई है आरोप है कि जनपद बस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी में कार्यरत लिपिक शमीम द्वारा लंबे समय से ड्यूटी में अत्यंत गंभीर अनियमितता एवं घोर लापरवाही बरती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कर्मचारी पूरे माह अनुपस्थित रहते हैं तथा केवल वेतन निर्माण (पेरोल बनवाने) के समय (प्रत्येक माह लगभग 21 एवं 22 तारीख ) को ही कार्यालय में उपस्थित होते हैं, जिससे सरकारी कार्य प्रभावित हो रहा है एवं कार्यालय व्यवस्था बाधित हो रही है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ0 राजेश कुमार को भी अवगत कराया गया है कि उक्त कर्मचारी मूलतः जनपद बलिया जिले का निवासी है तथा उनका निवास गोरखपुर एवं लखनऊ में है। पारिवारिक कारणों से भी वे नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं रहते हैं। उक्त कर्मचारी का मानव संपदा कोड 235211 है। उपलब्ध तथ्यों के अनुसार, संबंधित कर्मचारी द्वारा स्वयं यह कथित रूप से कहा गया है कि वह अपने पूर्व में तैनाती वाले स्थानों पर भी नियमित रूप से ड्यूटी नहीं किया गया है तथा वह अपने अनुसार ही कार्यालय आता- जाता है।




लिपिक शमीम का पूर्व सेवा विवरण 1. वर्ष 1995 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गगहा, जनपद गोरखपुर में लिपिक पद पर तैनाती के दौरान भी नियमित उपस्थिति नहीं रहती थी। 2. दिनांक 30 जुलाई 2014 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, गोरखपुर में तैनाती रही। 3. दिनांक 11 सितम्बर 2014 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, देवरिया में तैनाती रही। 4. दिनांक 05 फरवरी 2015 को पुनः मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, गोरखपुर में तैनाती हुई। 5. दिनांक 05 अप्रैल 2018 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरौली, जनपद गोरखपुर में तैनाती हुई। 6. दिनांक 13 अगस्त 2021 से वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी, जनपद बस्ती में कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी द्वारा यह भी कहा गया कि 'आज तक मुझे कोई नौकरी नहीं करवा पाया है, मैं अपने हिसाब से नौकरी करता हूं और मेरा प्रभाव विभाग के उच्च कार्यालय तक है। इस प्रकार के कथन से सरकारी अनुशासन एवं कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। न्याय हित में शिकायत कर्ता ने कहा है कि उक्त प्रकरण को गंभीरता को देखते हुए 1. मामले की उच्च स्तरीय जांच (High & Level Inquiry) कराई जाए। 2. संबंधित कर्मचारी की उपस्थिति, वेतन भुगतान एवं कार्यप्रदर्शन की विस्तृत जांच कराई जाए। 3. आवश्यकतानुसार संबंधित मोबाइल नंबर 9935310326 के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) की जांच कर वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन कराया जाए।

4. जांच पूर्ण होने तक संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। 5. यदि कोई वित्तीय प्रशासनिक अनियमितता पाई जाए तो विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराते हुए आवश्यक कठोर कार्रवाई करने का कष्ट करें जिससे शासन की छवि एवं कार्यप्रणाली में सुधार हो सके। अब देखना यह है कि डियूटी से गायब लिपिक शमीर के खिलाफ क्या विभागीय जांच हो पाती है या जांच के नाम पर लेन देन करके मामले में लीपापोती कर मामले को रफा दफा कर दिया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन पर चढ़कर बंदूक के साथ प्रदर्शन करने वाले युवक व संबंधित वाहन स्वामी को थाना रुधौली पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना रुधौली पुलिस द्वारा वाहन पर चढ़कर बंदूक के साथ प्रदर्शन करने से संबंधित चार पहिया ब्लैक स्कॉर्पियो (वाहन सं0 UP 32QF0036) के वाहन स्वामी अमरिश सिंह पुत्र मनोज सिंह उम्र करीब 26 वर्ष ग्राम डड़वा खुर्द थाना रुधौली जनपद बस्ती को धारा 170/126/135 BNSS के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया तथा हाथ में रायफल लिए हर्ष उर्फ मानवेंद्र सिंह पुत्र धर्मराज सिंह उम्र करीब 20 वर्ष ग्राम मझवा कला थाना रुधौली जनपद बस्ती के विरुद्ध धारा 126/135 BNSS के तहत कार्यवाही कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया एवं संबंधित चार पहिया ब्लैक स्कॉर्पियो वाहन संख्या UP32QF 0036 को थाना स्थानीय पर लाकर सीज की कार्यवाही की गई। लेकिन ताजा मामला रुधौली थाना क्षेत्र का है कहीं ना कहीं पुलिस के सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं सरकार के रोक के बावजूद ऐसी हरकत करने वालों का पुलिस का खौफ नहीं रह गया है सिस्टम को सुधारने के बजाय सिस्टम बिगड़ नजर आ रहा है

### दो किशोरों की डूबने से मौत

**देवरिया।** जनपद के भाटपार रानी थाना क्षेत्र में छोटी गंडक नदी में नहाते समय दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। रविवार को चार लड़के नदी में नहा रहे थे, तभी हादसा हो गया। मृतकों की पहचान अतुल कुशवाहा (14) व किशन गुप्ता (12) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### मेरिकी कृषि ट्रेड नीति का किसान कांग्रेस जतायेगी विरोध

**देवरिया।** पथरदेवा ब्लॉक में रविवार को किसान कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने कहा कि अब लड़ाई किसानों के सम्मान के लिए लड़ी जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक में 'किसान सम्मान संवाद' कार्यक्रम चलाकर कृषि से जुड़े मुद्दों और अमेरिकी कृषि ट्रेड नीति के विरोध को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी महिला सम्मान और संस्कृति के संरक्षण पर भी जोर दे रही है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान की बात करती है, लेकिन व्यवहार में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पथरदेवा ब्लॉक में किसान सम्मान चौपाल आयोजित कर किसानों से संवाद किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस अख्तर अंसारी ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को जोड़ेंगे और कृषि बाजार से जुड़े मुद्दों पर जागरूक करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नियामत अंसारी, जिला सचिव पन्नालाल पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी व पीसीसी सदस्य दीनानाथ भारती, जिला महासचिव करुणेश राय, तरकुलवा प्रभारी बालेश्वर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष मुख्तार अंसारी, इदरीश अंसारी, जमीर अली व अशोक यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विवाहिता के उत्पीड़न तथा मारपीट व धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।पड़ोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के हरिवंश का पुरवा निवासिनी मनीषा पुत्री स्व0 रामलाल सरोज ने लालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी बीते वर्ष 17 मई को लालगंज कोतवाली के सेवकी का पुरवा गांव में अशोक कुमार के साथ हुई। तहरीर में कहा गया है कि शादी के बाद से ससुरालीजन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। बीती 24 अप्रैल को दिन में दो बजे पति अशोक कुमार, ससुर श्रीपाल सरोज व सास जगनाथा ने व्यापार के नाम पर मायके से पांच लाख रूपये ले आने की मांग रखी। पीड़िता के द्वारा असमर्थता जताने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। तहरीर में कहा गया है कि ससुरालीजनों ने उसे घर से भगा दिया। पीड़िता ने अपनी मां व मामा को आपबीती सुनाई। पीड़िता की तहरीर पर पति अशोक समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री की 24 घंटे का ट्रांसफार्मर बदलने काआदेश हवा हवाई साबित हो रहा है

**●साल भर से अंधेरा: एक साल से जला है ट्रांसफार्मर, विभाग बना तमाशबीन। 10000 की मांग कर रहा है अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के शंकरपुर कुदरा के विद्युत उपकेंद्र फीडर पर बड़ी लापरवाही साबित हो रही है 1 साल से जला हुआ ट्रांसफार्मर अभी तक बदल नहीं गया ग्रामीण अंधेरे में दिन काट रहे हैं भीषण गर्मी के चलते ग्रामीणों का सब्र का बात टूट चुका है विद्युत विभाग कार्यालय का कभी भी घेर हो सकता है ऐसे कर्मचारियों पर जिला प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है की 1 साल से जिला ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं बदल गया कहीं ना कहीं सिस्टम में गुटबाजी या रुपए के चक्कर में नहीं लग पा रहा है विद्युत विभाग की भारी लापरवाही के चलते ग्रामीणों का रौद्र रूप ना ले ले जिस अधिकारी को नतमस्तक होना पड़े?धूल फांकती फाइलें: शिकायतों का अंबार लगा, पर अधिकारियों ने सुध नहीं ली।

**भीषण गर्मी का टॉर्चर:** 45 डिग्री की धूप में तड़प रहे ग्रामीण और मासूम बच्चे। सिस्टम फेल: 10 केवी का ट्रांसफार्मर बदलना विभाग के लिए बना 'हिमालय जीतना'।

**अधिकारी बेपरवाह:** जनता पसीने में तर, साहब एसी में मस्त।

**खोखले वादे:** हर बार मिला सिर्फ आश्वासन, हकीकत में गांव आज भी काला।

**बढ़ता आक्रोश:** ग्रामीणों का सब्र टूटा, अब आर-पार की होगी जंग। अंधेरगर्दी- रात होते ही गांव में पसर जाता है खौफनाक सन्नाटा।

**क्षमता की कमी:** ओवरलोडिंग से जला, पर क्षमता बढ़ाने में विभाग नाकाम. ओवर लोड लोड दिखाकर ट्रांसफार्मर नहीं लग रहे विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मांगते हैं रुपया जिसे न देने पर 1 साल से अंधेरा है गांव में अधिकारी नहीं सुन रहे हैं

**साल भर से अंधेरा:** एक साल से जला है ट्रांसफार्मर, विभाग बना तमाशबीन ग्रामीण अंधेरे में दिन-रात कट रहा है एक तरफ की रोशनी बंद कर दिया सरकार दूसरी तरफ ट्रांसफार्मर 24 घंटे का आदेश हवा हवाई साबित हुआ?

**धूल फांकती फाइलें:** शिकायतों का अंबार लगा, पर अधिकारियों ने सुध नहीं ली।

**गर्मी का टॉर्चर:** 45 डिग्री की धूप में तड़प रहे ग्रामीण और मासूम बच्चे।

**सिस्टम फेल:** 10 केवी का ट्रांसफार्मर बदलना विभाग के लिए बना 'हिमालय जीतना'। **सवालों के घेरे:** क्या किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा बिजली विभाग बदहाली का जिम्मेदार: गौरा रोहारी की दुर्दशा का असली गुनहगार विभाग।?आखिरी चेतावनी: जल्द नहीं बदला ट्रांसफार्मर तो होगा विभाग का घेराव! ग्रामीणों का गुस्सा भीषण गर्मी में सातवें आसमान पर चला गया है यह जिले में इस तरह की शिकायतें को जिलाधिकारी क्यों नहीं ध्यान देती हैं विद्युत विभाग पर शिकंजा क्यों नहीं कसा जा रहा है ऐसे विभाग के अधिकारियों का वेतन रुका हुआ है फिर भी यह विभाग लापरवाही के चलते

**पूरामामलाउपकेंद्रशंकरपुर,कुदरहा फीडर से है जुड़ा।**

**सवालों के घेरे:** क्या किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा बिजली विभाग? बदहाली का जिम्मेदार: गौरा रोहारी की दुर्दशा का असली गुनहगार विभाग। आखिरी चेतावनी: जल्द नहीं बदला ट्रांसफार्मर तो होगा विभाग का घेराव!

दूसरा मामला जिले के विद्युत केंद्र हरैया द्वारा रात्रि में भीषण कटौती के कारण आमजन मानस बद हाल है रोस्टर के हिसाब से विद्युत वितरण नहीं हो पा रही है जबकि मुख्यमंत्री का आदेश है शाम 5:00 बजे से लेकर सुबह 5:00 तक विद्युत कटौती नहीं होगी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को राहत मिले लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी जिले के जनप्रतिनिधि के दबाव में सभी फीडरॉन पर रात में भीषण कटौती करते हुए जनता को चेकिंग अवैध रसूली की जाती है भीषण कटौती से आम जनमानस परेशान है विद्युत अधिकारियों का सीयूजी सरकारी नंबर नहीं उठाता है रात में फोन बंद कर लेते हैं और पूरी रात विद्युत संचालन ठप रहता है उच्च अधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जबकि विद्युत शेड्यूल के हिसाब से 22 घंटे देहात क्षेत्र में उपलब्ध कराने का आदेश हुआ विद्युत विभाग द्वारा दिन में सप्लाई जारी रखते हैं रात को भीषण कटौती के कारण आमजन मानस परेशान है कहीं चोरों से मिलकर बिजली विभाग रात में विद्युत काट देता है जिससे चोर चोरी करने में आसानी होती है लगातार एक हफ्ते से इसी तरह कटौती हो रही है भदावल गांव में चोरी हुई और मरवट लाखों का चांदी का मुकुट चोरी हो गया एक तो पुलिस के सुस्ती के कारण दूसरा कारण यह की विद्युत रात में कटौती क्यों की जाती है यही कटौती दिन में किया जाए जिससे रात में चोरों से निजात मिल पाए ना तो जिला प्रशासन इस बात को ध्यान दे रहा है ना विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी मामले को संज्ञान ले रहे हैं कहीं चोरों से उनकी मिली भगत तो नहीं चल रही है।

## खनन अधिकारी और पुलिस की मिली भगत से अवैध खनन जारी सफेद सोना बेचने में खनन माफिया सक्रिय

**●अवैध खनन अधिकारी के लापरवाही से करोड़ों का राजस्व का नुकसान हो रहा है जिले का इन पर रोक लगाना जिला प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्तीजिलेमें अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से पुलिस की मिली भगत सेबाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अवैध खनन जारी,माझा कला में अवैध खनन से आतंक मचाने वाले खनन माफिया अपने लश्कर के साथ पहुचे महुआ पा खादी,पुलिस और खनन विभाग के गठजोड़ ने बालू माफियाओं के हौसले किए बुलंद , महुआपार,गंगापुर व मइपुर के तीनों पुरवो के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा?

महुआ पार में अवैध तरीके से जारी पट्टे के साथ अवैध तरीके से हो रहा बालू खनन दे रहा बाढ़ की विभीषिका को निमंत्रण,कटान से कैसे बचेंगे गांव ग्रामीण अभी से सासंकित नजर आ रहे हैं क्षेत्र में प्रतिदिन हो रही विवाद की स्थिति उत्पन्न पट्टाधारको के मनमर्जी खनन से सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य जमीन हर साल सरयू की धारा में हो रही विलीन किसने की कई एकड़ जमीन सरजू की मुख्य धारा में विलीन हो रही है पुलिस और खनन अधिकारी की मिली भगत से किसानों के ऊपर से गंजा कस कर खनन माफियाओं को दे रहे हैं संरक्षण थाना अध्यक्ष और खनन माफिया किसनो की कीमती जमीन जमीन पर हो रहे हैंअवैध खननसे माफिया सफेद सोना माह के दामों में बेचकर अधिकारियों को बंटवारा कर देते हैं कुछ जिससे रोक पाना उनके लिए नामुमकिन होता है।

आखिर जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में खनन करना घोर अपराध तो बार बार कैसे सक्रिय हो जा रहे खनन माफिया,क्यूं अपनी जिम्मेदारी से मुंह फेर रहे जनप्रतिनिधि मोटी रकम लेकर के अवैध बालू का खनन जोरों पर चल रहा है जिससे आने वाली बाढ़ में आम जनमानस के लिए खतरा बन जा रहा है जिला प्रशासन कुंभकरण नींद में सो रहा है घनानंदकारी पर से गंजा कसने में जिला प्रशासन फेल नजर आ रही है।

डीएम साहब ऑफिस में बैठकर के अवैध खनन क्षेत्र में हो रहा है जोरों पर जिस पर रोक लगाना खनन अधिकारी के लिए मुश्किल हो रहा हैमहुआपार में शाम होते ही गरजने लगती है प्रतिबंधित मशीने,ओवर लोड डंपरों से टूट रहे रास्ते,स्पीड में बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रालियों से हो रहे एक्सीडेंट हो रहे हैंअवैध बालू खनन से पूर्व में भी बाढ़ की विभीषिका झेल चुके के महुआ पार,गंगापुर,माझा कला व मइपुर,आखिर खनन माफिया पर कार्रवाई में क्यूं कांप रहे अधिकारियों के हाथ क्या खनन माफिया से डरते हैं अधिकारी या उनसे मोटी रकम लेकर के अवैध खनन करवाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं खनन अधिकारी और पुलिस की गठजोड़ से अवैध खनन जारी है जिसे रोकने में जिला प्रशासन से लेकर के पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

## पुलिस लाइन में 362 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड सम्पन्न

**●अनुशासन व दक्षता का शानदार प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



जनपद बलरामपुर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन के प्रशिक्षण केन्द्र में रविवार को 362 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। पूरे परेड ग्राउंड में अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नवआरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण, समर्पण और तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक (कारागार प्रशासन एवं सुधार) कुंतल किशोर रहे, जिनका स्वागत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली और सुसज्जित 13 टोलियों का अवलोकन किया। 362 प्रशिक्षार्थियों की एकरूपता, शारीरिक क्षमता और ड्रिल की सटीकता की सराहना की गई। इसके बाद सभी टोलियों ने शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। कदम से कदम मिलाकर सलामी मंच से गुजरते हुए नवआरक्षियों ने अतिथि को सलामी दी, जिससे पूरे परिसर में गर्व और उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**प्रमुख पुरस्कार विजेता**

सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी (अंतः + बाह्य): अंश वर्मा (1339 अंक)

अंतः कक्षीय विषयों में सर्वोत्तमः अखिल पटेल (706 अंक)

बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तमः अंश वर्मा (557 अंक)

विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में भारत प्रजापति, शिव ओम सिंह, निशांत मिश्रा, अंश वर्मा, अखिल पटेल, ऋषभ कश्यप, आदर्श सिंह, राहुल लाल, दीपक कुमार, सुमित कुमार मिश्रा, रोहित कुमार यादव, प्रवेश कुमार, शुभम सिंह, रजनीश पटेल, रितिक शर्मा, पंकज कुमार वर्मा, सोहेल शर्मा और विशाल कुमार शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने नवआरक्षियों को ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संदेश दिया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। साथ ही सभी को कर्तव्यों के प्रति शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने भी नवआरक्षियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि को सुदृढ़ बनाने में इनकी अहम भूमिका होगी और संवेदनशील तथा जवाबदेह पुलिसिंग ही उनकी पहचान बनेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री, क्षेत्राधिकारी ललिया डी.के. श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर/लाइंस जितेन्द्र कुमार, प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी अशोक सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## श्री राम कथा में राम जन्म प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रोता हुए भाव- विभोर



**सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर कस्बे से सटे जनपद बलरामपुर सीमा पर स्थित मधुपुर पकड़ी गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा में शनिवार की रात यज्ञाचार्य दुर्गेश कुमार शास्त्री अयोध्या से आए हुए जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य ने श्री राम जन्म के बारे में कथा सुनाई जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य ने बताया कि भगवान राम की जन्म किस किस भाव में हुआ उसका वृतांत सुनाने जा रहा हूं। इस कथा से सनातन धर्म परंपरा के विशेष कृपा भक्ति भाव की जल जीवन परमात्मा की ध्यान आनंदित होने लगे तब जाने भगवान की कृपा मेरे ऊपर स्थान है। प्रभू श्री राम भाव सागर पार करने के लिए नाव का आश्चर्य लेकर संसार सागर को पार करना है। श्री राम कथा की श्रवण रसपान में डुबकी लगाए नौका के सहारे भाव सागर पार हो जाता है।यह केवल राम की जन्म के बारे में सच्चे लगन प्रेम से अंतर आत्मा में बिठाना पड़ता है। माता पार्वती ने महादेव से कहा कि प्रभु श्री राम जन्म किस किस रूप में हुआ महादेव जी ने कहा बाल चरित्र किशोरी जी से विवाह, वन गमन, खरदूषण वध, रावण वध, अयोध्या में बैठकर राज्य व प्रजा में कार्य किया। इस अवसर पर धनीराम प्रजापति,सीताराम प्रजापति,पंकज प्रजापति, पप्पू सिंह, संजय सिंह, चेयरमैन अजय गुप्ता,रक्षा राम प्रजापति,धर्मेंद्र शुक्ला, गुड्डू सिंह,प्रेम मोदनवाल,बबलू सिंह, शिवपूजन सिंह, मनीराम प्रजापति, दयाराम प्रजापति, विजय पाल प्रजापति, राम नरेश पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

## मनोरमा पुल पर भीषण टक्कर सेकार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल

**●घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची NHAI टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया..**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के हरैया थाना क्षेत्र के मनोरमा पुल पर गड्ढे होने से आने में नियंत्रित हुई कर आपस में टकराई जिससे कर क्षतिग्रस्त हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ताजा मामला स्थानीय लोगों के अनुसार मनोरमा पुल पर एक नहीं बल्कि तीन अलग अलग स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं जो लगातार हादसों की वजह बन रहे। बीती रात नेशनल हाईवे पर स्थित मनोरमा पुल एक बार फिर खतरनाक हादसा का गवाह पुल पर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर जैसी हरिया पर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया जानकारी के अनुसार मुंडेरवा थाना क्षेत्र निवासी सूरज सोनी पुत्र सुभाष सोनी अपनी कार से अयोध्या की ओर जा रहे थे जैसे ही वह मनोरमा पुल के पास पहुंचे पुल पर बने गहरे गड्ढों गैपिंग के कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और आ रही एक अन्य वाहन से जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सूरज सोनी गंभीर रूप से घायल हो गएघटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची NHAI टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया.. स्थानीय लोगों के अनुसार मनोरमा पुल पर एक नहीं बल्कि तीन अलग अलग स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं जो लगातार हादसों की वजह बन रहे लोगों द्वारा बताया गया कई बार शिकायत किया गया लेकिन अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैंपूरा मामला हरैया थाना क्षेत्र के मनोरमा पुल का है जहां लापरवाही अब लोगों की जान पर भारी भारी दुर्घटना घट सकती है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक गड्ढे को बांटने का रिक्स नहीं उठाया।

जानकारी के अनुसार मुंडेरवा थाना क्षेत्र निवासी सूरज सोनी पुत्र सुभाष सोनी अपनी कार से अयोध्या की ओर जा रहे थे जैसे ही वह मनोरमा पुल के पास पहुंचे पुल पर बने गहरे गड्ढों गैपिंग के कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और आ रही एक अन्य वाहन से जोरदार टक्कर हो गई..टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सूरज सोनी गंभीर रूप से घायल हो गएघटना की सूचना मिलते ही मौके पर






पहुंची NHAI टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार मनोरमा पुल पर एक नहीं बल्कि तीन अलग अलग स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं जो लगातार हादसों की वजह बन रहे.. पूरा मामला हरैया थाना क्षेत्र के मनोरमा पुल का है जहां लापरवाही अब लोगों की जान पर भारी पड़ती दिख रही.. लेकिन नेशनल हाईवे कंपनी के ठेकेदार कुंभकरण नींद में सो रहे हैं रोड पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं जिससे खबर करने की कोशिश नहीं की जा रही है भारी दुर्घटना हो सकती है।

## प्रधानाचार्य व थारू जनजाति के दो छात्रो ने सीएम योगी से किया शिष्टाचार भेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर,** महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज इमिलिया कोडर के प्रधानाचार्य व थारू जनजाति के दो छात्रो ने सीएम योगी से शिष्टाचार भेट किया। पचपेड़वा-दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप ग्रामोदय इमिलिया कोडर बलरामपुर के दो छात्रो ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का पोस्टर पर प्रतिमा बनाया था, प्रतिमा बनाकर छात्रो ने विद्यालय के प्रधानाचार्य व सचिव दीन दयाल शोध संस्थान गोंडा से मिले तत्पश्चात सचिव रामकृष्ण ने दो छात्रो व विद्यालय के प्रधानाचार्य को मिलने के संदर्भ मे मुख्यमन्त्री से समय लिया और 24 अप्रैल को सायंकाल 5:15 पर मुख्यमंत्री आवास लखनऊ मे मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार शुक्ल और कक्षा 9 वी के छात्र बलराज चौधरी तथा रमन राणा द्वारा बनाई गई प्रतिमा को माननीय मुख्यमंत्री को सप्रेम भेट की गई जिससे माननीय मुख्यमंत्री प्रसन्न हुए और इन गरीब घर के बच्चो को माननीय मुख्यमंत्री से मिलना बड़ी गर्व की बात है वही इस अवसर पर दयाल शोध संस्थान द्वारा पचपेड़वा से सेमरहवा गांव से सड़क का चोड़ी करण/रेलवे क्रशिंग पर अंडर पास, थारू संग्रहालय मे भगवान बिरसा मुण्डा की आदम कद प्रतिमा, महाराणा प्रताप ग्रामोदय इण्टर कॉलेज आवासीय विद्यालय हेतु सुंदर एवम सुसज्जित भवन आदि कार्यो के प्रस्ताव का निवेदान किया गया, मुख्यमंत्री का इन कार्यो को कराने के लिए सहमति देने के लिए ग्रामोदय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## व्यापक स्तर पर चला बहू-बेटी अभियान

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत रविवार को जनपद में बहू-बेटी अभियान व्यापक स्तर पर चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने गांव और कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के तहत रुद्रपुर, लार, बरहज, भाटपार रानी व सुरौली समेत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित हुए। महिला पुलिसकर्मियों ने परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित व कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए और नए आपराधिक कानूनों (2023) के प्रावधानों से अवगत कराया गया। साथ ही 112, 181, 1090, 1098, 108 व 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीमों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में भव्यता से आयोजित किया गया नव प्रशिक्षित आरक्षियों का दीक्षान्त परेड समारोह

**●पुलिस महानिरीक्षक, इंटेलीजेंस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा आरक्षियों को दिलायी गयी सेवा और कर्तव्यनिष्ठता की शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के परेड ग्राउंड में नव प्रशिक्षित आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक, इंटेलीजेंस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीक्षान्त परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। तदोपरान्त विभिन्न टोलियों में नव प्रशिक्षित आरक्षियों द्वारा बैंड की मधुर धुन पर कदम से कदम मिलाते हुये शानदार मार्च पास्ट किया गया और मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। परेड कमाण्डर प्रथम अंकुल यादव तथा इनके सहयोगार्थ परेड कमाण्डर द्वितीय आकाश यादव व परेड कमाण्डर तृतीय दिलीप कुमार द्वारा परेड का नेतृत्व किया गया।


तदोपरान्त समारोह में सम्मलित सभी लोगों द्वारा मुख्यालय लखनऊ से मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के अभिभाषण का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन में नव आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया। कार्यक्रम की अग्रिम कार्यवाही के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नव प्रशिक्षित आरक्षियों को संबोधित करते हुये उनका मनोबल बढ़ाया गया तथा उन्हें बताया गया कि आरक्षियों का दायित्व अब और बढ़ गया है। समाज की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना उनका उत्तरदायित्व है। प्राप्त कठिन प्रशिक्षण आरक्षियों के भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। महोदय द्वारा आरटीसी प्रशिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने इन आरक्षियों को एक कुशल अनुशासित सैनिक के रूप में ढालने में कड़ी मेहनत की है। अभिभाषण के उपरान्त विभिन्न बाह्य व अन्तर्विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया समस्त अन्तः विषयों में सर्वोत्तम- आनन्द विश्वकर्मा समस्त बाह्य विषयों में सर्वोत्तम- दिलीप कुमार सर्वांग सर्वोत्तम (अन्तः व बाह्य)- आनन्द विश्वकर्माअन्त में मंच के दाहिने- बायें 02 डिवीजनों के फार्मेशन में समस्त आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा और बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी से जनसेवा करने की शपथ दिलाते हुये औपचारिक रूप से आरक्षियों को पुलिस बल की मुख्यधारा में शामिल कर लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी, पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी., मुख्य विकास अधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी, आरटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## खंदक में गिरी बाइक, एक की मौत एक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** क्षेत्र के डांग खैराई मार्ग पर रात के समय एक दर्दनाक हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद खंदक में जा गिरी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी प्रदीप बीती 23 अप्रैल को मध्यप्रदेश के थाना मिहौना क्षेत्र के ग्राम अंतियन का पुरा अपने रिश्तेदार रामसेवक से मिलने गया था। एक रात रुकने के बाद प्रदीप, रामसेवक को बाइक से अपने गांव सिकंदरपुर ले आया। देर रात दोनों ग्राम खजरी स्थित एक मंदिर में दर्शन करने गए थे, दर्शन कर वापस लौटते समय डांग खैराई मार्ग पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों गहरी खाई में जा गिरे। घटनास्थल बीहड़ क्षेत्र में होने के कारण रात भर किसी को हादसे की जानकारी नहीं हो सकी। सुबह जब ग्रामीण उधर से गुजरे तो दोनों को खंदक में पड़ा देखा। तब तक रामसेवक निवासी अंतियन




का पुरा, थाना मिहौना, जिला भिंड की मौत हो चुकी थी जबकि प्रदीप जाटव गंभीर रूप से घायल था। ग्रामीणों की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लू की हवा का प्रकोप, कैसे सांस लेंगे हम




## प्रकृति का बेरहमीं से दोहन।

बेरहम तथा अप्राकृतिक प्रकृति के दोहन का परिणाम अब अपने चरम परिणामों के साथ हमारे सामने खड़ा है। आने वाले महीनों में मौसम वैज्ञानिकों ने जिस तीव्र गर्मी की आशंका जताई है, वह केवल मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि दशकों से जारी प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इंटरगवर्नमेंटल क्लाइमेटिक चेंज स्टडीज की नवीनतम रिपोर्टें स्पष्ट करती हैं कि वैश्विक तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद लगभग 1.1 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है और यदि वर्तमान उत्सर्जन दर जारी रही तो 2030 के दशक में यह 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर जाएगा। वर्ल्ड मेटियोरोलिजकल ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में चेतावनी दी है कि पिछले आठ वर्ष मानव इतिहास के सबसे गर्म वर्ष रहे हैं और दक्षिण एशिया विशेष रूप से चरम हीटवेव की चपेट में है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ, परंतु विडंबना यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी हमने उसी मॉडल को और तीव्र रूप में अपनाया, परिणामस्वरूप मनुष्य तो स्वतंत्र हुआ पर प्रकृति आज भी बंधनों में जकड़ी रही। यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंटल एजेंसी के अनुसार दुनिया हर वर्ष लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र खो रही है, और भारत भी इससे अछूता नहीं है, जहाँ शहरीकरण और औद्योगीकरण की तेज रफ्तार ने जंगलों, जलस्रोतों और जैव विविधता पर गंभीर दबाव डाला है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी, किंतु हमने विकास को उपभोग और विस्तार की अंधी दौड़ बना दिया, मशीनें जितनी विशाल होती गईं, मनुष्य उतना ही प्रकृति से दूर और बौना होता गया। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़े बताते हैं कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से विश्व की लगभग 33 प्रतिशत भूमि की उर्वरता प्रभावित हुई है, भारत में भी कई क्षेत्रों में मिट्टी की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है और भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहाँ जल संकट तेजी से गहराता जा रहा है और 2030 तक देश की जल मांग उपलब्ध संसाधनों से दोगुनी हो सकती है। जब से हमने विकास के नाम पर उद्योगों की चिमनियाँ ऊँची कीं, मोबाइल क्रांति का बटन दबाया और डिजिटल संसार में प्रवेश किया, तब से प्रकृति की ध्वनियाँ धीमी पड़ती चली गईं, झरनों का कलकल स्वर, पक्षियों का कलरव और नदियों की जीवनदायिनी धारा जैसे विलुप्त होती जा रही है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार भारत के कई प्रमुख शहरों की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुमान है कि वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष लाखों समयपूर्व मृत्यु हो रही हैं। अब प्रश्न यह है कि विकास के नाम पर हमें केवल डिजिटल इंडिया चाहिए या हरित भारत की भी आवश्यकता है, क्या बच्चों के हाथ में केवल इंटरनेट देकर हम भविष्य सुरक्षित कर लेंगे या उन्हें स्वच्छ हवा, जल और हरियाली भी देनी होगी। हरा-भरा हिंदुस्तान और डिजिटल इंडिया विरोधी नहीं बल्कि पूरक हो सकते हैं, बशर्ते हम संतुलन बनाना सीखें।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा संस्थान के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज़ी से बढ़ना ही जलवायु संकट से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय है और भारत ने सौर तथा पवन ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति भी की है, फिर भी यह प्रयास पर्याप्त नहीं है जब तक कि हम उपभोग की प्रवृत्ति को नियंत्रित न करें। महात्मा गांधी का यह कथन आज और भी प्रासंगिक हो उठता है कि पृथ्वी सभी की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, किंतु किसी एक के लालच को नहीं। भारत की विडंबना यह है कि एक ओर महानगरों की चकाचौंध, मेट्रो, डिजिटल नेटवर्क और ऊँची इमारतें हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण भारत में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, किसान पसीना बहा रहा है और बच्चे दीपक या कैरोसिन की रोशनी में पढ़ रहे हैं, यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है।

नीति आयोग की रिपोर्टों में भी जल संकट, कृषि संकट और पर्यावरणीय असंतुलन को गंभीर चुनौती के रूप में रेखांकित किया गया है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विकास का रास्ता हरित क्रांति, सतत संसाधन उपयोग और पर्यावरण संरक्षण से होकर ही गुजरता है, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोगैस, ज्वार-भाटा ऊर्जा जैसे विकल्प केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। यदि जल, खनिज और प्राकृतिक संसाधन ही समाप्त हो गए तो न तो उद्योग चलेंगे, न ऊर्जा उत्पादन होगा और न ही डिजिटल इंडिया का सपना साकार होगा। किसी कवि की पंक्ति आज सच लगती है कि यदि घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, क्योंकि वही पेड़ आने वाली पीढ़ियों की सांसों का आधार बनेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विकास की परिभाषा को पुनः परिभाषित करें, उसे केवल आर्थिक प्रगति नहीं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, सामाजिक समानता और मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ें, तभी हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित भविष्य दे पाएंगे और एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकेंगे जहाँ हरित क्रांति और डिजिटल प्रगति साथ-साथ आगे बढ़ें, न कि एक-दूसरे के विकल्प बनकर खड़े हों।

**संजीव ठाकुर**

# त्याग और समर्पण की देवी- माँ जानकी

भई प्रगट कुमारी भूमि-विदारी जनहितकारी भयहारी । अतुलित छबि भारी मुनि-मनहारी जनकदुलारी सुकुमारी ।।
सुन्दर सिंहासन तेहिं पर आसन कोटि हुताशन द्युतिकारी । सिर छत्र बिराजै सखि संग भाजै निज-निज कारज करधारी ।।
सुर सिद्ध सुजाना हनै निशाना चढ़े बिमाना समुदाई । बरसहिं बहुफूला मंगल मूला अनुकूला सिया गुन गाई ।।
दम्पति अनुरागेउ प्रेम सुपागेउ यह सुख लायउं मनलाई । अस्तुति सिय केरी प्रेमलतेरी बरनि सुचेरी सिर नाई ।। - गोस्वामी तुलसीदास



सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में जानकी नवमी या सीता नवमी का काफी महत्व है। जनक नंदिनी और भगवान राम की अर्द्धांगिनी मां सीता का प्रकटीकरण वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यह शुभ दिवस रामनवमी के ठीक एक माह बाद पड़ता है और पूरे देश में धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। माँ सीता मिथिला के राजा (जिसे विदेह भी कहा जाता है) राजा जनक की दत्तक पुत्री थी, इसलिए उन्हें जानकी या जनक नंदिनी के नाम से भी संबोधित किया जाता है। सनातन धर्म की पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार राजा जनक बिहार के वर्तमान सीतामढ़ी में एक यज्ञ अनुष्ठान के दौरान भूमि की जुताई कर रहे थे। इस दौरान उन्हें खेत के गड्ढे में एक सोने के घड़े में एक बच्ची मिली, जिसे निःसंतान राजा ने दिव्य उपहार स्वरूप अपनी प्यारी बेटी के रूप में अपना लिया। श्री राम भगवान विष्णु के अवतार थे और माँ सीता को उनकी पत्नी देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। भूमि के गर्भ से प्रकट होने के कारण उन्हें भूमिजा भी कहा जाता है।

प्रभु श्री राम और मां सीता को एक आदर्श युगल माना जाता है। हालाँकि उनके सांसारिक मार्ग में अनेकानेक बाधाएँ आई, लेकिन अपने संबंधों को लेकर वे सदैव अटल रहे। माँ सीता का चरित्र मानव जगत में एक आदर्श महिला का प्रतीक है और लगभग सभी परिवारों में यह आकांक्षा रहती है कि उनके यहां बेटी, जीवनसाथी, बहू, भाभी या माँ के रूप में देवी सीता जैसी कन्या हो। वे अपने समर्पण, ईमानदारी, साहस, पवित्रता और आत्म-बलिदान के लिए जानी जाती हैं। वे एक राजकुमारी थी, लेकिन वनवास गमन में पतिव्रता स्त्री की भांति उन्होने अपने पति का साथ दिया। वह लक्ष्मण और हनुमान को अपने भाई और पुत्र के रूप में प्यार करती थी। उन्होंने छद्म साधु वेशधारी रावण को भिक्षा देकर गरीबों और संतों की मदद करने की परंपरा का पालन किया। अपहरण के दौरान वानरों के बीच अपने आभूषण फेंककर उन्होने बुद्धिमत्ता का परिचय दिया, जो बाद में श्री राम-सेना को अपहरण मार्ग का पता लगाने में सहायक सिद्ध हुआ। अपहरण के बाद, उन्होने रावण को अपने कुकर्मों के कारण उसके वंश के सर्वनाश की चेतावनी भी दी।

गर्भावस्था के दौरान सीता अपने अलगाव या अनौपचारिक तलाक से अप्रसन्न एवं कुंठित थीं, परन्तु उन्होने इस विकट परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना किया । उन्होने अपने बच्चों को जन्म देने और उन्हें सभी गुणों से लैस करने का निर्णय किया। अपनी मानव जीवनयात्रा के अंतिम दौर में वे एक एकल माँ के रूप में रहीं। उन्होने स्वयं को पीड़ित नहीं माना और समान अधिकारों की मांग के लिए अयोध्या वापस नहीं गई। वे राजा एवं पति के बीच भूमिका चुनने में श्री राम के आंतरिक द्वंद को समझती थी। उन्होंने राजा जनक के परिवार की प्यारी बेटी, दशरथ के परिवार की बहू, प्रभु राम की पत्नी और अंत में महाराज लव एवं कुश की माँ के रूप में अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन किया। जब लव और कुश को अयोध्या की प्रजा और पिता राम ने स्वीकार कर लिया, तो माता के रूप में उनकी अंतिम भूमिका भी पूर्ण हो गई और वह इस क्रूर जगत, जहां पवित्रता हेतु महिलाओं से प्रमाण की आवश्यकता होती है, से मुक्ति पाने के लिए धरती माता के गर्भ में वापस लौट आई।

जानकी नवमी के शुभ दिवस पर, विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सफल जीवन के लिए उपवास रखती हैं और आशीर्वाद हेतु श्री राम और मां सीता की पूजा-अर्चना करती हैं। राम, सीता और लक्ष्मण के साथ-साथ धरती माता का प्रतिनिधित्व करने वाले हल की भी पूजा का विधान है। भक्तजन ऋग्वेद 4.57.6 के सीता श्लोक का जाप कर उनकी वंदना करते हैं- ''अर्वाची सुभगे भवः सीते वंदामहे त्वा । यथा नः सुभगास्सि यथाः नः सुफलास्सि ।।'' (हे मां सीते, हमें दर्शन दीजिए । हम आपके समक्ष शीश झुकाते हैं। हे रिद्धि-सिद्धि की सर्वोच्च देवी, कृपया अपनी दया और उदारता दिखाएं और हमारे लिए शुभ फलप्राप्ति के अग्रदूत बनें )। माँ सीता, उनका चरित्र और संघर्षमय जीवन भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसी मान्यता है कि जानकी नवमी पर पूजा-अनुष्ठान और व्रत करने से विनय, मातृत्व, त्याग और समर्पण जैसे गुणों की प्राप्ति होती है और एक सुखी और समृद्ध वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। **ई0 प्रभात किशोर**

# संपादकीय

## 1800 करोड़ की ठगी के साये में बढ़ता साइबर खतरा और 100 करोड़ के प्लान से उम्मीद की नई शुरुआत



डिजिटल युग ने जहां आमजन के जीवन को आसान बनाया है वहीं इसके साथ एक गंभीर खतरा भी तेजी से बढ़ा है और वह है साइबर अपराध। ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को सुविधा तो दी है लेकिन साथ ही उन्हें ठगी और धोखाधड़ी के नए जाल में भी फंसा दिया है। राजस्थान सहित पूरे देश में साइबर अपराधों की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ी है वह चिंताजनक है। पिछले पांच वर्षों के आंकड़े इस खतरे की गंभीरता को साफ तौर पर उजागर करते हैं।

राजस्थान में बीते पांच सालों में साइबर क्राइम के मामलों में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान कुल 4 लाख 49 हजार 182 शिकायतें दर्ज हुई। यह संख्या केवल आंकड़ा नहीं बल्कि उस सामाजिक और आर्थिक संकट का संकेत है जो धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। इन मामलों में करीब 1800 करोड़ रुपए की ठगी सामने आई है जो आम लोगों की मेहनत की कमाई पर सीधा हमला है। अगर शिकायतों के निपटान की स्थिति पर नजर डालें तो 2 लाख 25 हजार 387 शिकायतों का निपटान किया गया है जबकि 2 लाख 23 हजार 795 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसके बावजूद 2 लाख 16 हजार 355 शिकायतें अभी भी प्रक्रिया में हैं और 4288 केस ऐसे हैं जो अब भी लंबित हैं। यह स्थिति बताती है कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए वर्तमान व्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। साल दर साल बढ़ते मामलों की तस्वीर और भी स्पष्ट संकेत देती है। वर्ष 2021 और 2022 में जहां शिकायतों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी वहीं 2023 में यह तेजी से बढ़कर 63 हजार 765 तक पहुंच गई। 2024 में यह संख्या 94 हजार 409 हो गई और 2025 में 1 लाख 15 हजार 2 शिकायतें दर्ज हुई। यह लगातार बढ़ता ग्राफ बताता है कि साइबर अपराधियों के तरीके अधिक संगठित और खतरनाक होते जा रहे हैं।

सिर्फ शिकायतों की संख्या ही नहीं बल्कि ठगी की रकम भी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2022 में 158.67 करोड़ रुपए की ठगी हुई जिसमें से केवल 11 करोड़ रुपए ही वापस हासिल किए जा सके। 2023 में ठगी की राशि बढ़कर 354.55 करोड़ हो गई और रिकवरी 39.33 करोड़ तक पहुंची। 2024 में यह आंकड़ा और भयावह हो गया जब 795.9 करोड़ रुपए की ठगी सामने आई और 104.5 करोड़ रुपए की ही रिकवरी हो पाई। इससे यह स्पष्ट होता है कि ठगी की रकम बढ़ने के मुकाबले रिकवरी की दर अभी भी बहुत कम है।

इन आंकड़ों के बीच राहत की एक उम्मीद भी दिखाई देती है जब 2025 में 76.87 करोड़ रुपए की राशि रिकवर की गई। हालांकि यह पूरी ठगी के मुकाबले कम है लेकिन यह संकेत देता है कि यदि प्रयासों को मजबूत किया जाए तो स्थिति में सुधार संभव है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए 100 करोड़ रुपए का एक बड़ा प्लान तैयार किया है। यह योजना केवल कागजी नहीं बल्कि एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा खड़ा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसके तहत एक रीजनल साइबर क्राइम सेंटर स्थापित किया जाएगा जो आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ काम करेगा।

इस सेंटर के लिए 52 पद स्वीकृत किए गए हैं जिनमें पुलिस उपाधीक्षक से लेकर कांस्टेबल तक के पद शामिल हैं। इसके अलावा लेखाधिकारी और अन्य तकनीकी कर्मचारियों की भी नियुक्ति की जाएगी। हालांकि प्रस्तावित पदों की संख्या 275 बताई गई है लेकिन वर्तमान में स्वीकृत संख्या काफी कम है जिससे यह साफ है कि आने वाले समय में स्टाफ की और जरूरत पड़ेगी। इस योजना के तहत साइबर विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जाएंगी जिन पर लगभग 30 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन विशेषज्ञों की भूमिका बेहद अहम होगी क्योंकि साइबर अपराध अब केवल तकनीकी नहीं बल्कि विश्लेषणात्मक चुनौती भी बन चुका है। डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल ट्रैकिंग जैसे आधुनिक टूल्स के जरिए अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी।


100 करोड़ रुपए के इस प्लान में से लगभग 50 करोड़ रुपए संसाधनों और स्टाफ पर खर्च किए जाएंगे जबकि करीब 60 करोड़ रुपए भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास पर लगाए जाएंगे। यह निवेश इस बात का संकेत है कि सरकार अब साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने लगी है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि पारंपरिक पुलिसिंग के तरीके अब साइबर अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। डिजिटल अपराधों की प्रकृति तेजी से बदल रही है और अपराधी नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस भी तकनीकी रूप से सशक्त बने और आधुनिक उपकरणों का उपयोग करे।

साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या का एक बड़ा कारण लोगों में जागरूकता की कमी भी है। कई लोग फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक के जरिए ठगी का शिकार हो जाते हैं। बैंकिंग फ्रॉड, ओटीपी शेयरिंग, फेक कस्टमर केयर और सोशल मीडिया स्कैम जैसे मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यदि आमजन सतर्क रहें और बुनियादी साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करें तो इन अपराधों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके साथ ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को भी सरल और तेज बनाने की जरूरत है। एनसीआरपी जैसे प्लेटफॉर्म पर शिकायतें दर्ज तो हो रही हैं लेकिन उनके निपटान में समय लग रहा है। यदि जांच प्रक्रिया को तेज किया जाए और तकनीकी सहायता बढ़ाई जाए तो पीड़ितों को जल्द राहत मिल सकती है। यह भी जरूरी है कि साइबर अपराधों के मामलों में राज्यों के बीच समन्वय बढ़े क्योंकि कई मामलों में अपराधी एक राज्य में बैठकर दूसरे राज्य के लोगों को निशाना बनाते हैं। ऐसे में एक मजबूत नेटवर्क और सूचना साझा करने की व्यवस्था बेहद जरूरी हो जाती है।

राजस्थान में शुरू किया जा रहा यह 100 करोड़ का प्लान यदि सही तरीके से लागू होता है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। इससे साइबर अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी और आमजन का डिजिटल सिस्टम पर भरोसा भी मजबूत होगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि साइबर अपराध केवल कानून व्यवस्था की समस्या नहीं बल्कि सामाजिक और तकनीकी चुनौती भी है। इससे निपटने के लिए सरकार, पुलिस और आम नागरिक तीनों को मिलकर काम करना होगा। जहां एक ओर सरकार को मजबूत ढांचा तैयार करना होगा वहीं नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा। तभी 1800 करोड़ की ठगी जैसे आंकड़ों को भविष्य में कम किया जा सकेगा और डिजिटल भारत को सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# कविता



### संजीव-नी।

एक शहर के आशियाने में एक हसीन मेहताब रहता है,
किसी पुरानी ग़ज़ल की किताब में महका खूबसूरत सूखा गुलाब रहता है।

सब कहते हैं मैं बहक-बहक सा गया हूँ, दूर गए जब से,
दिन भर की खामोशी के बीच यूँ दिमाग़ ख़राब रहता है।

तेरी यादों की खुशबू से भर जाती सूनी रातें,
हर पन्ने के किनारे कोई अधूरा-सा हिसाब रहता है।

आईने से नज़र मिलाऊँ तो चेहरा अजनबी लगता है,
मुस्कान के नीचे जैसे कोई टूटा-सा नकाब रहता है।

पहले तेरे होने से हर शय में उजाला ठहरता था,
अब शाम ढले दिल पर बस धुंधला-सा आफताब रहता है।


तुम पूछो तो कह दूँगा सब ठीक है मेरे हालात,
वरना हर एक सवाल के आगे ख़ामोश जवाब रहता है।

इस शहर की भीड़ में नाम बहुत हैं, चेहरे भी अनगिन,
पर दिल की गलियों में बस एक ही तन्हा जनाब रहता है।

कुछ ख़्वाब अभी भी पलकों पर भीगे-भीगे से ठहरे
उन ख़्वाबों की तह में इक हल्का-सा सा आब रहता है।

**संजीव ठाकुर**

# दल बदल की राजनीति और जनविश्वास का प्रश्न ईमानदारी से चलने वाले दल की निरंतर उन्नति और भ्रष्टाचार में डूबे दल की अनिवार्य गिरावट




भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसकी बहुदलीय व्यवस्था है जहां अनेक विचारधाराएं अनेक नेतृत्व और अनेक सामाजिक आकांक्षाएं एक साथ विकसित होती हैं, परंतु पिछले कुछ वर्षों में एक अलग ही प्रवृत्ति तेजी से उभरती दिखाई दी है जिसे आम भाषा में दल बदल या राजनीतिक टूटफूट कहा जाता है ।यह केवल व्यक्तियों का एक दल से दूसरे दल में जाना भर नहीं है ,बल्कि यह उस गहरे राजनीतिक और नैतिक संकट का संकेत भी है जो कई दलों के भीतर पनप रहा है।

जब हम देश के विभिन्न राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर हुए घटनाक्रमों को देखते हैं तो एक पैटर्न स्पष्ट दिखाई देता है ।कई क्षेत्रीय दल और राष्ट्रीय दल अपने ही नेताओं और विधायकों को संभालने में असफल रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप उनके भीतर असंतोष बढ़ा और वह असंतोष अंततः टूट के रूप में सामने आया ।इस प्रक्रिया में एक दल मजबूत होता गया और अन्य दल कमजोर होते गए यह केवल संख्या का खेल नहीं है, बल्कि यह भरोसे और विश्वसनीयता का प्रश्न भी है।

लोकतंत्र में जनता केवल नारों या वादों पर भरोसा नहीं करती बल्कि वह यह भी देखती है कि कोई दल अपने सिद्धांतों पर कितना टिकता है और अपने नेताओं को कितनी ईमानदारी से आगे बढ़ाता है जब किसी दल के भीतर पारदर्शिता की कमी होती है या नेतृत्व अपने स्वार्थ में उलझ जाता है तो वहां असंतोष जन्म लेता है। यही असंतोष धीरे धीरे विद्रोह में बदलता है और अंततः दल टूट जाता है। पिछले वर्षों में कई राज्यों में हुए राजनीतिक घटनाक्रम इस बात के उदाहरण हैं जहां विधायकों और सांसदों ने अपने ही दल को छोड़कर दूसरे दल का दामन थाम लिया। इन घटनाओं के पीछे केवल सत्ता का आकर्षण नहीं था बल्कि कई बार यह आरोप भी लगे कि मूल विचारधारा से भटकाव हुआ है और नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास को तोड़ा है। जब ऐसी स्थिति बनती है तो दल के भीतर का ढांचा कमजोर पड़ जाता है। यह भी सत्य है कि जिस दल ने अपने संगठन को मजबूत रखा अनुशासन बनाए रखा और कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास कायम किया वह लगातार आगे बढ़ता गया संगठन की मजबूती किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होती है। जब यह रीढ़ मजबूत होती है तो बाहरी आघात भी उसे ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाते इसके विपरीत जब संगठन भीतर से ही खोखला हो जाता है तो छोटी सी चुनौती भी उसे हिला देती है। राजनीतिक दलों की सफलता केवल चुनाव जीतने में नहीं होती बल्कि यह इस बात पर निर्भर करती है कि वे जनता के बीच कितनी विश्वसनीयता बनाए रखते हैं ।यदि कोई दल ईमानदारी से काम करता है पारदर्शिता रखता है और अपने वादों को निभाने का प्रयास करता है तो जनता उसे बार बार अवसर देती है यह प्रक्रिया धीरे धीरे उस दल को और मजबूत बनाती है और उसकी उन्नति निरंतर होती रहती है। इसके विपरीत यदि कोई दल भ्रष्टाचार में डूब जाता है नेताओं पर आरोप लगते हैं और जनता के मुद्दों से दूरी बढ़ती जाती है तो उसकी गिरावट निश्चित हो जाती है ।इतिहास इस बात का गवाह है कि ऐसे दल चाहे कुछ समय के लिए सत्ता में रहे हों लेकिन अंततः उन्हें जनता ने नकार दिया जनता की नजर में विश्वास सबसे बड़ी पूंजी होती है और जब यह पूंजी खत्म हो जाती है तो कोई भी रणनीति उस दल को बचा नहीं सकती। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों में यह भी देखने को मिला है कि जब किसी दल के कई नेता एक साथ इस्तीफा देते हैं या दूसरे दल में शामिल होते हैं तो वह केवल संख्या का नुकसान नहीं होता बल्कि वह उस दल की साख पर भी चोट होती है। जनता के मन में यह प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि इतने बड़े स्तर पर असंतोष पैदा हो जाता है। उस दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है।

राजनीति में विचारधारा का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। जब कोई दल अपनी मूल विचारधारा से भटकता है और केवल सत्ता प्राप्ति को लक्ष्य बना लेता है तो उसके भीतर की एकता कमजोर पड़ने लगती है कार्यकर्ता स्वयं को असहज महसूस करते हैं और धीरे धीरे दूरी बनाने लगते हैं यही दूरी आगे चलकर टूट का कारण बनती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हर दल अपने मूल सिद्धांतों पर कायम रहे और समय समय पर आत्ममंथन करता रहे। संगठन में लोकतंत्र भी उतना ही जरूरी है यदि निर्णय लेने की प्रक्रिया में केवल कुछ लोगों का वर्चस्व हो और अन्य नेताओं को नजरअंदाज किया जाए तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। एक स्वस्थ दल वही होता है जहां संवाद होता है जहां असहमति को भी स्थान मिलता है और जहां सभी को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है ऐसे दल लंबे समय तक टिके रहते हैं और निरंतर प्रगति करते हैं वर्तमान समय में जनता भी पहले से अधिक जागरूक हो चुकी है वह केवल चुनावी वादों से प्रभावित नहीं होती बल्कि वह यह भी देखती है कि कौन सा दल वास्तव में उसके हित में काम कर रहा है कौन सा दल केवल दिखावे की राजनीति कर रहा है और कौन सा दल ईमानदारी से शासन चला रहा है। यह जागरूकता लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि इससे राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनता है कि वे बेहतर काम करें। दल बदल की राजनीति को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखना भी पूरी तरह उचित नहीं है कई बार यह बदलाव उन नेताओं के लिए एक अवसर भी होता है जो अपने पुराने दल में उपेक्षित महसूस कर रहे थे या जिनकी विचारधारा को वहां स्थान नहीं मिल रहा था लेकिन जब यह प्रक्रिया बहुत अधिक होने लगे और बार बार होने लगे तो यह लोकतंत्र की स्थिरता के लिए चुनौती बन जाती है।

यह भी जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने भीतर नैतिक मूल्यों को मजबूत करें भ्रष्टाचार के आरोप किसी भी दल के लिए सबसे बड़ा खतरा होते हैं क्योंकि ये आरोप सीधे जनता के विश्वास को प्रभावित करते हैं यदि कोई दल पारदर्शिता बनाए रखता है और गलत कार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है तो वह अपने विश्वास को बनाए रख सकता है इसके विपरीत यदि आरोपों को नजरअंदाज किया जाए या उन्हें दबाने का प्रयास किया जाए तो स्थिति और खराब हो जाती है। अंत में यह कहा जा सकता है कि राजनीति में स्थायी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है यह एक लंबी प्रक्रिया है जिसमें ईमानदारी अनुशासन पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण की आवश्यकता होती है, जो दल इन मूल्यों को अपनाते हैं वे धीरे धीरे मजबूत होते जाते हैं और उनकी उन्नति निरंतर होती रहती है वहीं जो दल इन मूल्यों से दूर हो जाते हैं और भ्रष्टाचार में डूब जाते हैं उनकी गिरावट तय होती है इसलिए आज के समय में हर राजनीतिक दल के लिए यह आवश्यक है कि वह आत्ममंथन करे अपने संगठन को मजबूत बनाए और जनता के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे क्योंकि अंततः लोकतंत्र में वही दल सफल होता है जो जनता के दिल में जगह बनाता है और यह स्थान केवल ईमानदारी और सेवा भाव से ही प्राप्त किया जा सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गोंडाः ट्रैक्टर पलटने से लगी आग में चालक की दर्दनाक मौत

दुर्घटना/हादसा

**गोंडा** जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के कुकनगर ग्रांट भरपूरवा स्थित रत्न ब्रिक फील्ड पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद शॉर्ट सर्किट से उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश उर्फ धनु (36) पुत्र अर्जुन, निवासी बेलवरिया जंगल थाना गौर, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। वह रत्न ब्रिक फील्ड पर ट्रैक्टर चालक के रूप में मजदूरी करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने से ट्रैक्टर में आग लग गई और चालक उसके नीचे दब गया। आग इतनी तेजी से फैल गई कि आसपास मौजूद लोग चाहकर भी उसे बचा नहीं सके। सूचना मिलने पर खोड़ारे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। थाना अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने के बाद शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिससे चालक की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गोरखपुर पुलिस लाइन में भव्य दीक्षांत परेडः 493 महिला आरक्षियों ने ली शपथ

● कानून-व्यवस्था को मिलेगी नई ताकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर रविवार को महिला रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन हुआ, जहां अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ माह के कठोर प्रशिक्षण के बाद 493 महिला प्रशिक्षुओं ने शपथ लेकर सेवा के पथ पर कदम बढ़ाया। समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी रेंज एस. चन्नप्पा ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन की सराहना की।



**प्रदेश स्तर पर यह प्रशिक्षण अभियान योगी**

आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 21 जुलाई 2025 से शुरू हुआ था, जिसमें करीब 60 हजार प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया। गोरखपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में महिला आरक्षियों को शारीरिक दक्षता, कानून की जानकारी, आपदा प्रबंधन, हथियार संचालन और अनुशासन का गहन प्रशिक्षण दिया गया। दीक्षांत परेड की कमान आकांक्षा यादव ने संभाली। उनके नेतृत्व में 12 टोलियों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अजिता सिंह और अंजली तिवारी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय परेड कमांडर के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। परेड की एकरूपता और तालमेल ने समारोह को यादगार बना दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअल संबोधन में प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षित पुलिस बल ही राज्य की सुरक्षा की मजबूत नींव होता है। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों की भूमिका को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुखी पुलिसिंग के लिए अहम बताया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि यह दीक्षांत परेड उनके कर्तव्य जीवन की शुरुआत है और उन्हें ईमानदारी व निष्ठा के साथ सेवा करनी होगी।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 256 महिला आरक्षी गोरखपुर में तैनात होंगी, जबकि 237 को कुशीनगर भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त 983 अन्य रिक्रूट्स के आगमन से कुल 1239 नए पुलिसकर्मी जनपद में सक्रिय होंगे। इससे पुलिस बल को मजबूती मिलेगी और खासकर महिला सुरक्षा के मामलों में तेजी और संवेदनशीलता बढ़ेगी।

यह दीक्षांत परेड न केवल एक समारोह रहा, बल्कि गोरखपुर में सुरक्षा, सेवा और विश्वास के नए अध्याय की सशक्त शुरुआत भी बन गया।

## जयमाला के दौरान डीजे विवाद हुई मारपीट, कई घायल; लूट का भी आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी समारोह की खुशियां उस समय तनाव में बदल गई, जब जयमाला कार्यक्रम के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जबकि एक पक्ष ने मारपीट के साथ लूटपाट का भी आरोप लगाया है। घटना शनिवार रात थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर में हुई। फर्रुखाबाद जनपद के थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव शेखपुर रुस्तमपुर निवासी सनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मां और भाई के साथ रिश्तेदारी में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था। जयमाला के दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर कहासुनी हो गई, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के कुछ युवकों ने अपने 10-12 साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। इस दौरान सनी के गले से सोने की चेन छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं उसके छोटे भाई को गंभीर रूप से पीटा गया, जिससे उसके कान में अंदरूनी चोट आई और खून बहने लगा। परिजनों के अनुसार, घटना के बाद से उसे सुनने में भी परेशानी हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद विवाह समारोह का माहौल भी तनावपूर्ण हो गया। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर ब्रेकिंगः 45 मिनट में पुलिस ने अपहृत मासूम को सकुशल छुड़ाया, बदमाश फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** मे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां बोलेरो सवार बदमाशों ने डेढ़ वर्षीय मासूम का अपहरण कर लिया। हालांकि, पुलिस की त्वरित और सटीक कार्रवाई के चलते महज 45 मिनट के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। यह घटना गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर बाजार की है। जानकारी के अनुसार, गजपुर निवासी सुमन यादव अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र अयांश को दवा दिलाकर शनिवार शाम करीब छह बजे घर लौट रही थीं। जैसे ही वह घर के पास पहुंचीं, पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटा सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच बोलेरो में सवार तीन बदमाश मौके का फायदा उठाकर मासूम अयांश को जबरन उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया।

सुमन के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल पूरे इलाके में नाकेबंदी शुरू कर दी गई। पुलिस टीमों ने आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी सर्विलांस के जरिए संदिग्ध बोलेरो की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए बोलेरो का पीछा किया और कुछ ही देर में वाहन को घेर लिया। खुद को चारों ओर से घिरता देख बदमाश घबरा गए और गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। राहत की बात यह रही कि उन्होंने मासूम को भी वाहन में ही छोड़ दिया, जिससे पुलिस ने अयांश को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में केवल 45 मिनट का समय लगा, जो पुलिस की मुस्तैदी और पेशेवर दक्षता को दर्शाता है।

मासूम के सुरक्षित मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। वहीं, पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस घटना ने जहां एक ओर क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा किया, वहीं दूसरी ओर पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिरहाना रोड मार्केट में भीषण आग, 6 मंजिला इमारत धधकी



**कानपुर।** कानपुर के सबसे व्यस्त बाजार बिरहाना रोड में शनिवार देर रात एक 6 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई और देखते ही देखते मोबाइल एक्सेसरीज के गोदाम में फैल गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इमारत की ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई, जहां कई परिवार रहते हैं। आग लगने के दौरान कई लोग अंदर फंस गए, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। राहत और बचाव कार्य जारी है, वहीं फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका है। हाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

## ग़ोला क्षेत्र भर्रोह में भीषण सड़क हादसाः बारात से लौट रहे किराना दुकानदार की मौत, बहनोई घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला- गोरखपुरः** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डाड़ी खास में शनिवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। बारात से लौट रहे दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, डाड़ी खास निवासी दिलीप जायसवाल (50) शनिवार को जय प्रजापति के पुत्र की बारात में शामिल होने के लिए भर्रोह गए थे। उनके साथ बाइक पर पीछे बैठे थे उनके बहनोई राजेश जायसवाल, जो बड़हलगंज थाना क्षेत्र के नीबी गांव के निवासी हैं। रात करीब 10 बजे दोनों बारात से वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दिलीप जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, राजेश जायसवाल का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

मृतक दिलीप जायसवाल अपने पीछे एक पुत्र विशाल (22 वर्ष) और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनकी एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बेटी सुधा का विवाह अभी नहीं हुआ है। दिलीप गांव के डाड़ी चौराहे पर किराना की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और अपने मिलनसार व सज्जन स्वभाव के लिए जाने जाते थे।

जैसे ही उनकी मौत की खबर गांव पहुंची, घर में कोहराम मच गया और पूरे डाड़ी खास में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि घायल राजेश जायसवाल गुजरात में कारोबार करते हैं और भांजी की शादी में शामिल होने के लिए गांव आए थे। शादी के कार्यक्रम के बाद दोनों बारात में गए थे और लौटते समय यह हादसा हो गया, जिसने खुशियों को मातम में बदल दिया।

## गोरखपुर में चोरी का बड़ा खुलासाः 2 अभियुक्त व 2 अभियुक्ता गिरफ्तार, आभूषण व 1.10 लाख बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर** के गुलरिहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की दो बड़ी वारदातों का सफल खुलासा करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इनके कब्जे से चोरी के कीमती आभूषणों के साथ 1,10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को स्थानीय पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना गुलरिहा पुलिस सक्रिय थी। इसी क्रम में उ0नि0 विवेक अवस्थी के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आदित्य यादव उर्फ दतहवा, प्रवेश साहनी, सरिता पासवान उर्फ कोमल और पुष्पा निषाद को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना 11 अप्रैल 2026 को सामने आई थी, जब अज्ञात चोरों ने एक विद्यालय का जंगला तोड़कर वहां रखी कैमरे की टीवी और 12 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। दूसरी घटना 19 अप्रैल 2026 की है, जब एक परिवार शादी में शामिल होने गया था। इसी दौरान चोरों ने घर की छत के रास्ते घुसकर आभूषण और नकदी पार कर दी। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर आरोपियों को दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मुकदमों में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बरामद सामान में 2 जोड़ी पायल, 1 जोड़ी बिछिया, सोने का हार, चेन, मांगटीका और नकद 1.10 लाख रुपये शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह काफी समय से इलाके में सक्रिय था और सुनसान घरों को निशाना बनाता था। गौरतलब है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी आदित्य यादव और प्रवेश साहनी पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके पेशेवर अपराधी होने की पुष्टि होती है। पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक कनेक्शनों की भी जांच कर रही है। इस सफल कार्रवाई में थाना गुलरिहा की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें कई उपनिरीक्षक और महिला उपनिरीक्षक अर्चना भारती सहित पुलिसकर्मियों ने मिलकर ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरिहरपुर, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत हरिहरपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत हरिहरपुर कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्तें-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत हरिहरपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- मनदावती देवी**
**ग्राम पंचायत हरिहरपुर**
**विकास खण्ड खाजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खण्ड खाजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अहिरौली, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत अहिरौली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत अहिरौली कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्तें-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अहिरौली कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- अन्नू देवी**
**ग्राम पंचायत अहिरौली**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत केवटली, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत केवटली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत केवटली कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्तें-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत केवटली कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- विमलादेवी**
**ग्राम पंचायत केवटली**
**विकास खण्ड ख़जनी जनपद**
**गोरखूपुर**

**ग्राम सचिव**
**शतीश यादव**
**विकास खण्ड ख़जनी जनपद**
**गोरखूपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुईकोल, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कुईकोल, विकास खण्ड ख़जनी, जनपद गोरखपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु विभिन्न निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति के लिए योग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्रियों में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर बोर्ड, चिप्स/गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सामग्री, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप एवं मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल से संबंधित सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट, फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा दरें एवं आवश्यक अभिलेख दिनांक- 27-4-2026 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कुइकोल कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

**धरोहर राशि** 5000/- (पांच हजार रुपये) निर्धारित है, जो नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर/एनएससी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्तें-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य है। 3. निविदा ग्राम प्रधान,राकेश यादव सचिव कमलेश शाह एवं नामित खंड विकसाधिकारी रमेश शुक्ल की उपस्थिति में खोली जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित स्थल पर स्वीकृत दरों पर करनी होगी। 5. सभी दरें कर सहित प्रस्तुत की जाएंगी। 6. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। 7. दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक मान्य नहीं होंगी। 8. सीमेंट आपूर्ति हेतु अधिकृत डीलरशिप या पक्का बिल अनिवार्य है। 9. आपूर्ति आदेश के 07 दिवस के भीतर सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। 10. गुणवत्ता प्रमाणन एवं मापन के बाद ही भुगतान किया जाएगा। 11. किसी भी कारण से निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है। 12. संबंधित पदाधिकारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी। 13. निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 200/- में प्राप्त किया जा सकता है। 14. विलंब अथवा शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में निविदा स्वतः निरस्त कर धरोहर राशि जब्त की जा सकती है। 15. अधिक जानकारी एवं शर्तों के लिए कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कुईकोल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान- राकेश यादव**
**ग्राम पंचायत कुडकोल**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)**

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्रा ज़िक्रा ने किया विद्यालय का नाम रोशन, 85.34% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

**लखीमपुर खीरी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज, खीरी टाउन की मेधावी छात्रा ज़िक्रा ने 85.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी विषय में 100 में 93 अंक हासिल कर उन्होंने विशेष उपलब्धि दर्ज की है। छात्रा की सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ज़िक्रा की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्रा के पिता ज़ाकिर अली व माता खूबी नाज़ ने बेटी की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि ज़िक्रा शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। ज़िक्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल हुआ है। ज़िक्रा ने कहा कि यह सफलता उनके लिए शुरुआत है और आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार व देश का नाम रोशन करना उनका सपना है। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### गंगाघाट पुल बना जाम का बड़ा कारण, अवैध सब्जी बाजार से रोज ठप पड़ रही रफ्तार

**कानपुर/शुक्लागंज (उन्नाव)।** कानपुर और उन्नाव को जोड़ने वाला गंगाघाट पुल इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। स्थिति यह है कि हर रोज शाम होते ही पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और घंटों तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहता है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ रोजाना ड्यूटी पर आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस जाम की सबसे बड़ी वजह पुल पर अवैध रूप से लगने वाला सब्जी बाजार है। शाम ढलते ही पुल पर बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें सजा लेते हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और यातायात बाधित हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि यह सब पुलिस और प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद लगातार जारी है। यह पुल कानपुर, शुक्लागंज, उन्नाव और लखनऊ को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब जाम के बीच एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी फंस जाते हैं। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा पाता, जिससे उनकी जान पर भी खतरा बन जाता है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से इस समस्या को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के चलते सब्जी विक्रेता बिना किसी डर के पुल पर दुकानें लगाते हैं। वहीं पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है, जिससे समस्या दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगाघाट पुल से अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

### पहले चरण में ही टूट गया टीएमसी का घमंड, ममता सरकार पर पीएम मोदी का तीखा हमला



पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग होनी है। इस चुनाव प्रचार के सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 24 परगना जिले के बनगांव में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित किया। पीएम मोदी ने ममता बनर्जी की सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे 'जंगलराज' करार दिया। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण की वोटिंग में ही टीएमसी का घमंड टूट चुका है और अब दूसरे चरण में बीजेपी की जीत पक्की है। पीएम ने जनता से टीएमसी के भ्रष्टाचार, डर और गुंडागर्दी से आजादी पाने के लिए बीजेपी को वोट देने की अपील की।

**टीएमसी के 'जंगलराज' पर हमला**

पीएम मोदी ने कहा कि 15 साल पहले टीएमसी 'मां-माटी-मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज वे ये शब्द लेने से भी कतराते हैं। उन्होंने टीएमसी पर बंगाल की जमीन को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शब्दों को याद दिलाते हुए जनता से कहा, 'आज बंगाल को आपसे बस एक वोट की जरूरत है। मुझे अपना आशीर्वाद दें, हम आपको टीएमसी के भ्रष्टाचार, डर, और गुंडाराज से आजादी दिलाएंगे।'

# दहेज के खातिर टूटी बिटिया की शादी परिवार सदमे में, नहीं आयी बारात

● एन वक़्त पर दूल्हा और उसके पिता ने किया शादी से इन्कार

●लड़की पक्ष ने दी थाना मैलानी में तहरीर नहीं लिखी गई रिपोर्ट, पुलिस अधीक्षक को शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी-** मामला थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर का बताया जाता है जहां पर एक बाइक और 50000 नगदी तिलक पर ना दे पाने के चलते लड़के वालों ने तिलक चढ़ाये बिना ही लड़की पक्ष को वापस कर दिया और शादी करने से इनकार कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम दशरथपुर निवासी फूल सिंह ने अपनी पुत्री की शादी थाना मैलानी के अंतर्गत संसारपुर निवासी संजीत कुमार पुत्र सियाराम के साथ तय की थी वरीक्षा में 5100 नगद और एक सोने की अंगूठी लगभग 5 ग्राम तथा फल फ्रूट पर 2000 खर्च किए थे ।तब तक सब कुछ ठीक रहा आगे लगन के साथ दिनांक 20 अप्रैल 2026 को 2000 नगद और अपनी समर्थ के अनुसार साड़ी ब्लाउज भेजा था ।घटना दिनांक 24 6.26 की है जब प्रार्थी अपनी पुत्री का तिलक लेकर संजीत कुमार पुत्र सियाराम के दरवाजे पर गया तो संजीत कुमार व उनके पिता सियाराम तथा उनकी मां ने तिलक पर 50000 और एक मोटरसाइकिल चढ़ाने की बात कही प्रार्थी ने अपनी हैसियत का वास्ता देते हुए उक्त मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो संजीत कुमार व उनके पिता ने तिलक चढ़ाई बिना ही संभ्रांत लोगों के समक्ष ही शादी से इनकार करते हुए भगा दिया।

अपनी बिटिया की सगाई टूटने से आहत फूल सिंह ने मामले की लिखित तहरीर पुलिस चौकी संसारपुर में दी जहां चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामला आपसी है मिल बैठकर निपट लो इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता हूं। और कोई भी कार्यवाही नहीं की। चौकी प्रभारी संसारपुर की इस पक्षपात पूर्ण रवैया से आहत पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक व अपर जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय व अपर जिलाधिकारी कार्यालय से टेलीफोन से थाना मैलानी पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया फिर भी विपक्षी गणों से मिले चौकी प्रभारी संसारपुर ने अपना अड़ियल रवैया अपनाते हुए आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। शायद उन्हें पुलिस अधीक्षक के आदेश या निर्देश का कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने पून :पुलिस अधीक्षक खीरी को मोबाइल द्वारा शिकायत की पुलिस अधीक्षक से की उसके बाद भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। चौकी प्रभारी संसारपुर और प्रभारी निरीक्षक मैलानी के इस अड़ियल रवैय्या से पूरा परिवार गहरे सदमें में चला गया है। लड़की और उसकी मां का रो-रोकर इस घटना से बुरा हाल है पीड़ित पक्ष अब सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में जाकर अपनी बात सुनाते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य, चौकी प्रभारी संसारपुर के कार्य व्यवहार की शिकायत करने की बात कही है।

# दिनदहाड़े दंपति से छीना-झपटी, दो बदमाश गिरफ्तार

● सूचना मिलते ही निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में भर्ती कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

क्राइम

**सिंगाही-खीरी।** सिंगाही-निघासन नेशनल हाईवे पर रविवार को बाइक सवार दंपति के साथ सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक में लात मारकर दंपति को सड़क पर गिरा दिया और नवविवाहिता महिला के कमर में बंधा बिछुवा छीनकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, कुशाही बाजार बेलरायां निवासी राजू अपनी पत्नी शिव लोचना के साथ अदलाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। निघासन-सिंगाही रोड पर मोटे बाबा पुल के पास पीछे से आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने महिला के कमर में बंधा बिछुवा छीन लिया और भाग निकले। सूचना मिलते ही निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में भर्ती कराया। इसी दौरान क्षेत्राधिकार को लेकर सूचना सिंगाही पुलिस को दी गई। सिंगाही पुलिस जब घटनास्थल का निरीक्षण कर रही थी, तभी दो संदिग्ध युवक बाइक से मौके पर पहुंचे। पीड़ित द्वारा पहचान कराने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम प्रीतम और गोपी निवासी प्रीतम पुरवा, थाना निघासन बताए हैं। क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राम की Ayodhya में गूंजेगा हर-हर महादेव, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में अब शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण की तैयारी पूरी हो चुकी है। मंदिर परिसर में पहले ही रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों में ध्वजारोहण हो चुका है। अब 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वज फहराएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर अयोध्या में खास तैयारियां की जा रही हैं।

**ध्वजारोहण का कार्यक्रम**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 29 अप्रैल को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद भक्त मंदिर परिसर में जाकर दर्शन कर सकेंगे। चम्पत राय ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 700 खास मेहमानों को बुलाया गया है।

## टूण्डला में बूथ स्तर पर सुनी गई 'मन की बात' का 133वां संस्करण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** टूण्डला विधानसभा क्षेत्र के पचोखरा मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 96, कोटकी पर आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर जिला सह मीडिया प्रभारी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष बीटू जैन एवं शक्ति केंद्र संयोजक सुनील पाठक सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे प्रेरणा ली। जिला सह मीडिया प्रभारी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके जरिए प्रधानमंत्री जी देशवासियों को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रेरणादायक विषयों से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस प्रकार के आयोजन से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती मिलती है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में जिला सह सोशल मीडिया संयोजक सचिन जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह जुरैल, मंडल महामंत्री ब्रजवीर सिंह, पुष्पेंद्र जैन, पंकज बघेल, सरनाम सिंह, गोवर्धन सिंह, सचिन बघेल व अन्य कई गणमान्य जन व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य: ऊर्जा सुरक्षा का प्रवेश द्वार शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्यः ऊर्जा सुरक्षा का प्रवेश द्वार शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. आर. पी. सिंह पूर्व कुलपति, सदस्य उत्तर प्रदेष उच्च शिक्षा सेवा आयोग एवं पूर्व प्राचार्य बरेली कॉलेज बरेली, शैक्षिक उन्नयन समिति के चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल, प्रबंध समिति के सदस्य अशोक कुमार गोयल, निदेषक डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल, अतिथि पवन कुलश्रेष्ठ, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, कला संकाय समन्वयक डॉ. सीमा श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. तरूण पाण्डेय, सह समन्वयक राकेश कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. तरूण पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत की गई। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्यः ऊर्जा सुरक्षा का प्रवेश शीर्षक पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये। आज की संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने भू-राजनीति एवं जलमार्गो के वर्चस्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भू-राजनीति में जल मार्गो का विशेष महत्व है क्योंकि यही जलमार्ग किसी देश की अर्थव्यवस्था का आधार बनते है। वर्तमान में ईरान एवं अमेरिका के मध्य चल रहे युद्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस समय पर फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी के मध्य स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा जल मार्ग है जहां से होकर विभिन्न देशो के लिए कच्चा तेल एवं गैस से लदे मालवाहक जहाज निकलते है। वर्तमान में चल रहे विवाद के कारण यहां से निकलने वाले मालवाहक जहाजो को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जो कि आयात-निर्यात में बाधा उत्पन्न कर रहें है। जिससे विभिन्न देशो की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ रहा है। शैक्षिक उन्नयन समिति के चेयरमैन ने अपने अविभाषण में होर्मुज जलडमरूमध्य के अतिरिक्त विश्व के अन्य महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य पर प्रकाश डाला। निदेशक महोदय ने ईरान आयातित तेल एवं गैस के बढ़ते हुए मूल्यों पर चिंता व्यक्त की।इस कार्यक्रम के दौरान श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। संगोष्ठी के अन्त में प्रबन्ध समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भूगोल विभाग के दोनों प्रवक्ताओं को भी उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी से छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास में सार्थक सिद्ध होती है। मंच संचालन भूगोल विभाग के प्रवक्ता राकेश कुमार ने किया ।

संगोष्ठी को सफल बनाने में डॉ. आरती बंसल, प्रीती यादव, डॉ. बृजेश नंदिनी, गोविन्द सिंह, रामलखन, संगीता चैहान का विशेष योगदान रहा। संगोष्ठी में डॉ. के.के.अग्रवाल, डॉ. के.के. मेहरोत्रा, डॉ. रेशु जौहरी, मंयक षर्मा, शोभित अग्रवाल, अजीत सिंह, डॉ. सुमित अग्रवाल, डॉ. निशा परवीन, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. राजपाल वर्मा, प्रथमेश कुमार, प्रफुल्ल पाठक सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद भी करवाई नहीं कर रहे एस. एच. ओ.मैलानी

● विशेष समुदाय के वहसी दरिन्दे ने एक दलित महिला की जबरन आबरू लूटने के आरोप

●मैलानी पुलिस ने किया नामजद आरोपी का समान्य घटना की धारा में चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर/बांकेगंज खीरी-** जनपद खीरी में महिला पुलिस अधीक्षक की तैनाती और सुबे के मुखिया द्वारा महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान भले ही चलाए जा रहे हो और महिलाओं की सुरक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त फरमान जारी किए जा रहे हो लेकिन जनपद खीरी में महिला उत्पीड़न और महिला के साथ हुई यौन शोषण की घटना के प्रति मैलानी थाना पुलिस के चौकी प्रभारी बांकेगंज जरा सा भी संजीदा दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण चौकी क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक दलित महिला को एक विशेष समुदाय के वहसी दरिंदे खलील पुत्र खालिद निवासी कुकरा ने जबरन असलहा की दम पर अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीडिता द्वारा मामले की शिकायत पुलिस में करने पर बांकेगंज चौकी प्रभारी ने उक्त खलील पुत्र खालिद का साधारण धाराओं में चालान भेज दिया और घटना की रिपोर्ट दर्ज करना उचित नहीं समझ गया।

पीडिता व उसके परिजनों ने चौकी प्रभारी की कार्यवाही से क्षुब्ध हो कर पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई फिर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शायद चौकी प्रभारी बांकेगंज के लिए पुलिस अधीक्षक का आदेश कोई मायने ना रखता हो। बांके गंज पुलिस द्वारा विपक्षी गणों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बजाय पीड़िता के घर दो दो बार दबिश दी गई ऐसा पीड़िता का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि पुलिसिया उत्पीड़न से तंग होकर वह गांव से पलायन को मजबूर हो रही है पीड़िता व उसके परिजनों का आरोप है कि ना तो मेडिकल परीक्षण ही कराया गया और ना ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान ही कराया गया सीधे नामज़द आरोपी का चालान धारा 151 में कर मामले को रफा दफा कर दिया गया। पीड़िता द्वारा कार्रवाई की बात कहने पर प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी द्वारा कहा गया की बार-बार मुकदमा नहीं लिखा जाता है मुकदमा तो लिख दिया गया है और आरोपी का चालान भी भेज दिया गया। घटना दिनांक 11. 4.2026 समय 1:00 की बताई जाती है जब पीडिता अपने 12 वर्षीय भतीजे के साथ अपनी मजदूरी का पैसा लेने पास के ही गांव कुंवरपुर गई थी जैसे ही वह पैसा लेकर वापस आ रही थी तभी खलील के साथ तीन अन्य अज्ञात साथी एक सफेद रंग की कार से आए और पीड़िता को जबरन उसमें लादकर गोला जंगल की ओर चल दिए। पीड़िता ने बताया जंगल में ले जाकर खलील पुत्र खालिद ने तमंचा लगाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं और गोला विकास चौराहा ले जाकर छोड़ दिया घटना की जानकारी पीड़िता के भतीजे ने घर जाकर परिजनों को बताई। घर वाले ढूंढते हुए गोला आए गोला से पीड़िता परिजनों के साथ घर गई और आप बीती सुनाई परिजनों द्वारा 12. 4.26 को थाना मैलानी में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई लेकिन धनवल के आगे पीड़िता की एक न सुनी गई और नामजद किए गए आरोपी को सामान्य धाराओं में चालान भेज कर मामले को रफा दफा कर दिया गया ।विपक्षी गणों और पुलिस की साठ गांठ से आहत पीडिता ने न्याय की आशा में पुलिस महानिदेशक लखनऊ और पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन से मिलकर अपनी बात सुनाने की बात कही है।

## कुकरा ग्राम पंचायत में बदहाल जल निकासी व्यवस्था




● गंदे पानी के जलभराव से जनता त्रस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कुकरा ग्राम पंचायत के मुख्य चौराहे से जटपुरा जाने वाले प्रमुख मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। नालियों की नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में वे पूरी तरह चोक हो चुकी हैं, जिससे गंदा, बदबूदार और प्रदूषित पानी सड़कों पर भर गया है। इस जलभराव के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और क्षेत्रवासियों को मजबूरी में इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र की जनता भय और असुविधा के बीच जीवन यापन करने को मजबूर है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मांगःक्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से नालियों की सफाई,जल निकासी की उचित व्यवस्था और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके और क्षेत्र को संभावित स्वास्थ्य संकट से बचाया जा सके।

### राघव चड्ढा के विश्वासघात से AAP कार्यकर्ताओं में गुस्सा, मुंबई में घर के बाहर जमकर हंगामा



आम आदमी पार्टी के लिए इस समय संकट के बादल गहरा गए हैं। पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों, जिनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल शामिल हैं, ने पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस बड़े सियासी घटनाक्रम के बाद मुंबई में आप कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है।

**राघव चड्ढा के आवास के बाहर प्रदर्शन**

सांसदों के पाला बदलने से नाराज आप कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के मुंबई स्थित आवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी के प्रमुख नेताओं का इस तरह साथ छोड़ना समर्थकों के साथ विश्वासघात है। प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के इस फैसले पर नाराजगी जताई और उनसे दोबारा सोचने की अपील की।

## कलुआपुर अग्निकांड: जब सब जल गया, तब सहारा बनकर पहुंचे डॉ. कौशल वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** ग्राम कलुआपुर में लगी भयावह आग ने कई परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। कुछ ही पलों में घर, सामान और वर्षों की मेहनत राख में बदल गई। हर चेहरे पर दर्द, आंखों में आंसू और भविष्य को लेकर चिंता साफ नजर आ रही थी। ऐसे कठिन समय में डॉ. कौशल वर्मा ने आगे बढ़कर मानवता का हाथ थामा। उनके नेतृत्व में सनशाइन हॉस्पिटल टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही घायलों व जरूरतमंदों के लिए मेडिकल सहायता सुनिश्चित की गई। डॉ. वर्मा ने पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दर्द सुना, उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर हर संभव सहायता दिलाने की प्रक्रिया भी जारी है। जब हालात ने सब कुछ छीन लिया, तब इंसानियत ने अपना फर्ज निभाया... और यही कलुआपुर में देखने को मिला।

### जिलाधिकारी ने स्पोर्ट स्टेडियम का किया निरीक्षण, सुधार के निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 उपनिदेशक खेल मुद्रिका पाठक के साथ जिला स्पोर्ट स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट स्टेडियम, तरणताल, बहुउद्देशीय हाल एवं प्रशासनिक भवन को देखा गया। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन एवं बहुउद्देशीय हाल का शौचालय ठीक कराने का निर्देश दिया। इसके हाईमास्ट को भी ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होना चाहिए। पीने के लिए पानी आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एथलेटिक खेलो इंडिया को सुमन सिंह, राजलक्ष्मी, सौरभ पाल व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## लखीमपुर खीरी में डीएसओ के दावे फेल: तहसीलों में सूखे पड़े पेट्रोल पंप

● गांवों में 200/लीटर बिक रहा डीजल-पेट्रोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जिला पू र्ति अधिकारी के 'जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं' वाले बयान की हवा 2निकल गई है। जिले की कई तहसीलों में हालात बदतर हैं। दर्जनों पेट्रोल पंपों पर ताले लटके हैं और जहां मिल रहा है वहां लंबी कतारें हैं। सबसे गंभीर स्थिति गांवों की है। आरोप है कि पंप बंद कर अधिकारी और पेट्रोल पंप संचालक मिलीभगत से कालाबाजारी करा रहे हैं। सगांवों में खुलेआम पेट्रोल ?160 से ?200 प्रति लीटर और डीजल ?150 से ?180 प्रति लीटर बिक रहा है। किसान और आम लोग मजबूरन ब्लैक में खरीद रहे हैं। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब पंप बंद हैं तो गांवों तक ये तेल पहुंच कैसे रहा है? टैंकरों से सीधे गांवों में सप्लाई की आशंका जताई जा रही है। सवाल ये भी कि जब जिलेभर में हाहाकार मचा है तो जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? पंप संचालकों पर जुर्माना या लाइसेंस रद्द जैसी सख्त कार्रवाई न होना मिलीभगत की तरफ इशारा कर रहा है।अधिकारी जांच की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि जमीन पर जनता परेशान है। खेती-किसानी का सीजन है और डीजल न मिलने से किसान बेहाल हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## राजकीय महाविद्यालय चुनार में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारम्भ


**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने बताया कि बी.ए. में कुल 420 सीट, बीएससी (गणित वर्ग) में 150 सीट, बीएससी (बायो वर्ग) में 150 सीट एवं बी.कॉम में 240 सीट हैं। बी. ए. एवं एम. ए. में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं शारीरिक शिक्षा ( केवल बी. ए. ) विषय संचालित हैं। बी.एससी.एवं एम. एससी. में जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय संचालित हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर के पोर्टल पर पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा।तत्पश्चात महाविद्यालय के पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

## कच्चे मकान पर पीपल के पेड़ की डाल गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल,ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के महूगढ़ छतरिया गांव में शनिवार रात आठ बजे के करीब कच्चे घर के ऊपर पीपल के पेड़ की मोटी डाल गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों द्वारा एंबुलेंस से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए प्राथमिक उपचार के बाद महिला के पेट तथा कमर में आई गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।थाना क्षेत्र के महूगढ़ छतरिया गांव निवासी कैलाश कहार के घर के बगल में स्थित विशालकाय पीपल के पेड़ की सुखी डाली कच्चे घर पर गिर गई जिसकी चपेट में आने से कैलाश की पत्नी मंजू देवी( 42) गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों ने एंबुलेंस से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए डॉ विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला के पेट तथा कमर की गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र पांडेय द्वारा बताया गया कि घायल महिला के पति द्वारा पीपल के पेड़ की सुखी डाल को कटवाने के संदर्भ में वन विभाग तथा समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया था सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित द्वारा आईजीआरएस भी किया गया लेकिन पेड़ की सुखी डाल को नहीं कटवाया गया अधिकारियों की लापरवाही की वजह से घटना घटित हो गई।

# भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र की जनता का हाल बेहाल, सरकार के दावे का विद्युत विभाग खोल रही पोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** विद्युत उपकेंद्र हलिया से भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र की जनता का हाल बेहाल हो गया है विद्युत विभाग सरकार के दावे की पोल खोल दी।रात में 7 से 8 घंटे तक रोस्टिंग के नाम पर विद्युत कटौती की जा रही है कभी 2 घंटे कभी 1 घंटे कभी डेढ़ घंटे की रोस्टिंग की जा रही है। रोस्टिंग के बाद आधे घंटे 20 मिनट सप्लाई देकर पुनः रोस्टिंग कर दिया जा रहा है। इसी तरह दिन में भी कटौती की जा रही है रात में भीषण कटौती की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे बच्चों घर की महिलाओं बुजुर्ग तथा बीमार लोगों को हो रही है विकासखंड हलिया पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते तापमान 42 से 44 डिग्री तक पहुंच जा रहा है एसे में रात को भीषण तपीश भरी गर्मी पड़ रही है शाम छ बजते ही विद्युत विभाग द्वारा रोस्टिंग के नाम पर कटौती शुरू कर दिया जाता है जिससे क्षेत्र की जनता भीषण गर्मी की वजह से रात-रात भर सो नहीं पा रही है कहने को तो विद्युत उपकेंद्र हलिया को चार फीडरो मे लोड को विभाजित किया गया है। जिसमें हलिया फीडर,ड्रमंडगंज फीडर,अदवा फीडर,कोटा घाट फीडर तथा बरहुला जल जीवन मिशन फीडर लेकिन बरहुला फीडर को छोड़कर चारों अन्य फीडरों के उपभोक्ताओ का रात में हो रही अघोषित विद्युत कटौती से हाल बेहाल हो गया है सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे बच्चों,महिलाओं बुजुर्ग तथा बीमार लोगों को हो रही है। एसडीओ तथा जेई से पूछने पर बताया जाता है कि हमें छांनबे से जो आदेश मिलता है हम उसका पालन करते हैं हम लोग इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं। एक तरफ सरकार ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति किए जाने का दावा करती है वही जमीनी स्तर पर इस समय मात्र 8 से 9 घंटे आपूर्ति मिल पा रही है।सोनगढ़ा गांव निवासी शंकर लाल शिव बहादुर सिंह माधव लाल प्रशांत कुमार आदि का कहना है कि 24 घंटे में मात्र 8 से 9 घंटे बिजली मिल पा रही है।वर्तमान सरकार में विद्युत विभाग पुरानी सरकारों में जो कटौती हो रही थी उसकी याद ताजा कर दे रही है अगर जल्द ही घोषित विद्युत कटौती में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता सड़क पर उतरने पर मजबूर हो जाएगी। इस संबंध में एसडीओ विद्युत दिलीप कुमार का कहना है कि ऊपर से कटौती की जा रही है इसमें हमारा कोई बस नहीं है।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए घर-घर चला पंजीकरण अभियान



**हलिया, मीरजापुर।** शासन की मंशा के अनुरूप खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी के निर्देशन में रविवार को विकास खंड के ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के लिए डोर-टू-डोर पंजीकरण अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत सचिवों की टीम गांव-गांव पहुंचकर घर-घर फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी दर्ज करते हुए पंजीकरण का कार्य करती रही।इस दौरान सचिवों ने ग्रामीणों से आवश्यक विवरण लेकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण कराई। ग्रामीणों ने सहयोग करते हुए पंजीकरण कराया, जिससे कार्य में तेजी आई।खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का अभियान शासन की प्राथमिकता में है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पंजीकरण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा: डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सख्त व्यवस्थाओं पर जोर



**मिर्जापुर:** होमगार्ड भर्ती परीक्षा को नक़ल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेएस जुबली इंटर कॉलेज, जीआईसी महुवरिया तथा जेडी विनानी डिग्री कॉलेज में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, कक्षों में बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराई जाए।डीएम और एसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की कोशिश पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## दो शराब तस्करों को कार में लदी तीन सौ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**● ड्रमंडगंज घाटी के बरम बाबा मोड़ के पास से पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी कार को पकड़ा, दोनों तस्कर बिहार के निवासी हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज पुलिस और एसओजी टीम को रविवार सुबह बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी कार से तीन सौ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। कार में सवार दोनों तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई करते जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह पांच बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी स्थित बरम बाबा मंदिर के पास पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दिल्ली कि फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मध्यप्रदेश की ओर से आ रही सफेद रंग की क्रेटा कार को रोककर तलाशी ली तो कार की डिक्की में तीन सौ बोतल अंग्रेजी शराब देखकर पुलिस दंग रह गई। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन,एसआइ मूलचंद्र वर्मा,हेड कांस्टेबल संतोष कुमार यादव कांस्टेबल अमित कुमार ने कार में सवार दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हरियाणा से अंग्रेजी शराब कार में लादकर बिहार ले जा रहे थे। पकड़े गए दोनों शराब तस्करों ने अपना नाम नागेंद्र शाह पुत्र रामप्रवेश शाह निवासी हेत्तनपुर थाना दानापुर जिला पटना व इशू सिंह पुत्र कुंडदेव सिंह निवासी मजीदपुर थाना किंजर जिला जहानाबाद बिहार बताया। पुलिस ने कार के भीतर से अंग्रेजी शराब रायल रणथम्भौर की 10 बोतल,हंड्रेड पाइपर 5 बोतल जानी वाकर रेड लेबल की 234 बोतलें जानी वाकर ब्लैक लेवल 8 बोतल,आफ सेल्यूट बोदका की 23, वेलेंटाइन की 20 बोतल बरामद किया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि दोनों शराब तस्कर कार में दिल्ली का फर्जी नंबर प्लेट लगाकर हरियाणा से बिहार अंग्रेजी शराब की विभिन्न किस्म की तीन सौ बोतलें लादकर ले जा रहे थे। जिन्हें ड्रमंडगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पकड़ा है।पकड़ी गई कार का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नही है।कार के भीतर से झारखंड का फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 व बीएनएस की धारा 318(4),338,336(3) व 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार को एमबी एक्ट में सीज कर दिया गया है।

## पडरौना में 'मन की बात' का 133वां एपिसोड उत्साह के साथ सुना गया, युवाओं को मिला प्रेरणादायक संदेश




**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद पडरौना में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात का 133वां एपिसोड बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम, ग्रीन एनर्जी, कृषि क्षेत्र, बुद्ध पूर्णिमा, बीटिंग रिट्रीट, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक जीवों के संरक्षण, उत्तर-पूर्वी राज्यों की खूबसूरती, बांस की खेती और तकनीक जैसे विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति ही भारत का भविष्य है और उनकी ऊर्जा, नवाचार व जागरूकता देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के उपरांत अध्यक्ष विनय जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बहुआयामी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कृषि, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, खेल और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति को उल्लेखनीय बताया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल सहित संतोष चौहान, आकाश वर्मा, सनी मिश्र, भरत चौधरी, अनिल पाण्डेय, अभय मारोदिया, मुरारी पटेल, बबलू शर्मा, गोरख गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डांगीपार, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत डांगीपार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत डांगीपार कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्ते-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत डांगीपार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- जितेंद्र यादव**
**ग्राम पंचायत डांगीपार**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्ते-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- मनोरमा देवी**
**ग्राम पंचायत टिकरिया नाथ सिंह**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खण्ड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

# मीरजापुर: दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन, 392 रिक्रूट आरक्षियों ने दी शानदार सलामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर,** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में रविवार को रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत/पासिंग आउट परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में 14 टोलियों के कुल 392 रिक्रूट आरक्षियों ने नौ माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद आकर्षक परेड प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर.पी. सिंह रहे, जिनका स्वागत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली, टोलियों का निरीक्षण किया और उनके अनुशासन व प्रदर्शन की सराहना की समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसे रिक्रूट आरक्षियों ने ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त बनने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि द्वारा सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद टोलियों ने गौरवपूर्ण ढंग से मार्च पास्ट कर समारोह का समापन किया पुरस्कार वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षी: रि. आरक्षी मो. सिराज - सर्वांग सर्वोत्तम (सम्पूर्ण परीक्षा में प्रथम)

रि. आरक्षी दीपक कुमार - आउटडोर परीक्षा में प्रथम

परेड कमांडर-I - रि. आरक्षी कृष्णदत्त

परेड कमांडर-II - रि. आरक्षी अभिषेक पाण्डेय

परेड कमांडर-III - रि. आरक्षी अरबाज खान

समारोह के सफल आयोजन से पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल रहा और नव नियुक्त आरक्षियों में देश सेवा का जज्बा देखने को मिला।

# थाना लालगंज पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 26.04.2026 को एक महिला द्वारा वादिनी के नाबालिग पुत्री को शादी का झासा देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-130/2026 धारा 69 बीएनएस व 3(2)V SC/ST एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी लालगंज को निर्देश दिए गए उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए दिनांकः 26.04.2026 को उप निरीक्षक कुवंर मनोज सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विष्णुकान्त विश्वकर्मा उर्फ सचिन पुत्र कृपाशंकर विश्वकर्मा निवासी ग्राम कोटा शिवप्रताप सिंह (चौदहवा) थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 64(2)M,65 बीएनएस व ङ(2),5(एल)/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)V SC/ST एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल भेजा गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सैरो, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत सैरो में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत सैरो कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्ते-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सैरो कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान सत्यपाल यादव**
**ग्राम पंचायत सैरो**
**विकास खंड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खंड खजनी जनपद**
**गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चारनाद, विकास खण्ड ख़जनी जनपद गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड ख़जनी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत चारनाद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), राज्य वित्त, पंचम वित्त, 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यो हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

आपूर्ति की जाने वाली प्रमुख सामग्री में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, पत्थर, गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत सामग्री, निराश्रित पशु आश्रय स्थल हेतु सामग्री, आरओ प्लांट, ई-रिक्शा (कचरा उठान हेतु), सफाई किट एवं फॉगिंग मशीन आदि शामिल हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27- अप्रैल- 2026 अपनी निविदा दरों सहित समस्त आवश्यक अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में जमा करेंगे। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पंचायत कार्यालय में उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा के साथ 5000/- (पांच हजार रुपये) की धरोहर राशि एफडीआर/एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत चारनाद कार्यालय से 200/- शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम एवं शर्ते-**

1. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. जीएसटी/सेल्स टैक्स पंजीकरण एवं आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष) अनिवार्य हैं।
3. आपूर्ति स्वीकृत दरों पर निर्धारित कार्यस्थल तक करनी होगी।
4. सभी दरें कर सहित (जीएसटी आदि) प्रस्तुत की जाएंगी।
5. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
6. पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होंगी।
7. गुणवत्ता प्रमाणन के बाद ही भुगतान किया जाएगा।
8. निर्धारित समय (07 दिन) में आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी।
9. पंचायत से संबंधित जनप्रतिनिधियों/कर्मचारियों के निकट संबंधियों की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।
10. पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. अधिक जानकारी एवं विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत चारनाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान- बासमती देवी**
**ग्राम पंचायत चारनाद**
**विकास खंड ख़जनी जनपद**
**गोरखपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**कमलेश शाह**
**विकास खंड ख़जनी जनपद**
**गोरखपुर**

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी दस्तावेज बनाकर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र हासिल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार




**बहरिया, प्रयागराज।** बहरिया पुलिस फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। बहरियावांछित अभियुक्त बलवन्त कुमार धुरिया को रविवार (26 अप्रैल 2026) को सिलोखरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी बलवन्त कुमार धुरिया (उम्र लगभग 45 वर्ष), निवासी सिलोखरा, थाना बहरिया, मूल रूप से पिछड़ी जाति से संबंधित है। उसने सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खुद को अनुसूचित जाति का दर्शाते हुए फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिया था। इस संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना बहरिया में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले से मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं में दो मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें एक मामला स्ट/स्ज्ञ एक्ट से भी संबंधित है।

### चोरी के 04 अभियुक्त गिरफ्तार, 03 बाइक व कटी हुई मोटरसाइकिल के पुर्जे बरामद




**प्रयागराज।** थाना जार्जटाउन पुलिस टीम ने चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की 03 मोटरसाइकिलें तथा एक कटी हुई बजाज एवेंजेर मोटरसाइकिल के अलग-अलग पुर्जे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर वाहन चोर हैं, जो शहर के विभिन्न इलाकों से मोटरसाइकिलें चोरी कर उन्हें काटकर पुर्जों के रूप में बेचने का काम करते थे, जिससे पहचान छिपाई जा सके। बरामद सामान में दो कटे हुए रिम, एक साइलेंसर, एक हैंडल, दो शॉकर तथा मोटरसाइकिल की चेसिस पांच अलग-अलग हिस्सों में कटी हुई मिली है। थाना जार्जटाउन प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दूसरे कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच परीक्षा सम्पन्न

**भदोही।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स भर्ती 2025 के तहत आयोजित लिखित परीक्षा के दूसरे दिन जनपद में अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की सतर्कता और मजबूत व्यवस्था के चलते कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता की सूचना नहीं मिली। पहली पाली में कुल 2496 अभ्यर्थियों में से 1898 ने परीक्षा दी, जबकि 598 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति 76.04 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं दूसरी पाली में 2496 में से 1836 अभ्यर्थी शामिल हुए और 660 अनुपस्थित रहे। इस पाली में उपस्थिति 73.56 प्रतिशत रही। जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों–ज्ञान देवी बालिका इंटर कॉलेज, काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, एम.ए. समद इंटर कॉलेज, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज एवं जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज–पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और प्रवेश प्रक्रिया का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया और पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होती रही। कुल मिलाकर, दूसरे दिन भी होमगार्ड भर्ती परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जो प्रशासन की सुदृढ़ व्यवस्था का परिचायक रही।

# सूबेदारगंज स्टेशन पर महिला यात्री ने प्लेटफॉर्म पर जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

**● आरपीएफ व स्टाफ की तत्परता से बची जान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली, जब एक महिला यात्री ने प्लेटफॉर्म पर ही जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। रेलवे सुरक्षा बल और महिला स्टाफ की सूझबूझ व तत्परता से सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, 03294 डाउन पटना स्पेशल ट्रेन से नई दिल्ली से प्रयागराज आ रही महिला यात्री ज्योति कुमारी (पत्नी रमेश कुमार, निवासी भदोही) को यात्रा के दौरान अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ट्रेन जैसे ही रविवार सुबह करीब 10:40 बजे सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर पहुंची, महिला की हालत गंभीर हो गई। मौके पर मौजूद यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने तत्परता दिखाते हुए अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया और तुरंत मदद की व्यवस्था शुरू की। महिला कांस्टेबल और सफाई कर्मियों ने संभाला मोर्चा स्थिति की नाजुकता को देखते हुए महिला कांस्टेबल सुमन यादव और प्रियंका ने अन्य महिला सफाई कर्मियों के साथ मिलकर प्लेटफॉर्म को अस्थायी 'डिलीवरी रूम' में तब्दील कर दिया।

पर्दा कर अन्य यात्रियों की सहायता से सुरक्षित वातावरण तैयार किया गया और वहीं महिला का सफल प्रसव कराया गया। ज्योति कुमारी ने जुड़वा बच्चों–एक पुत्र और एक पुत्री–को जन्म दिया।

**मेडिकल टीम ने किया प्राथमिक उपचार**

घटना की जानकारी मिलते ही सेंट्रल रेलवे अस्पताल प्रयागराज से नर्स शबीना व मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने मां और नवजातों का प्राथमिक उपचार किया और उनकी स्थिति को स्थिर किया।

**डफरिन अस्पताल में कराया गया भर्ती**

इसके बाद एंबुलेंस की मदद से महिला कांस्टेबल प्रियंका की निगरानी में जच्चा-बच्चों को बेहतर इलाज के लिए डफरिन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। इस सराहनीय कार्य के लिए रेलवे स्टाफ, आरपीएफ और महिला कर्मियों की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने कहा कि समय पर मिली सहायता ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया और रेलवे कर्मचारियों ने मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

### भीषण गर्मी में बढ़ा लोड, बिजली के पोल की केबल में लगी आग, मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सिटी जोन के राजपुर मोहल्ले में रविवार को एक बिजली के पोल पर लगी केबल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते केबल तेज लपटों के साथ जलने लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले केबल से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत बिजली विभाग व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं एहतियातन बिजली आपूर्ति को कुछ समय के लिए बाधित कर दिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ गई है, जिससे तारों और केबलों पर अत्यधिक लोड पड़ रहा है। इसी वजह से अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा और सेवा का दायित्व है,-पुलिस आयुक्त




**● पुलिस लाइन्स में पासिंग आउट परेड संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके रिक्रूट आरक्षियों की भव्यपरेड ) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार ने परेड की सलामी ली कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, परेड, शारीरिक दक्षता, फायरिंग, ड्रिल सहित विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा और सेवा का दायित्व है, जिसे ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने सभी नवप्रशिक्षित आरक्षियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने प्रशिक्षण में सीखे गए मूल्यों को व्यवहार में लाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनता के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा ही एक अच्छे पुलिसकर्मी की पहचान होती है। इस मौके पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं जवान मौजूद रहे। परेड के दौरान आरक्षियों ने शानदार अनुशासन और तालमेल का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

## झूंसी में तेज रफ्तार से हैंडलूम कर्मचारी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में हैंडलूम कर्मचारी की जान चली गई। यह हादसा ड्यूटी हैंडलूम के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चंदौली जिले के धानापुर थाना क्षेत्र के मलाई गांव निवासी सुरेंद्र यादव (55) पुत्र स्वर्गीय राम अवध यादव के रूप में हुई है। वह लंबे समय से प्रयागराज स्थित टीडी हैंडलूम में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार रात ड्यूटी समाप्त करने के बाद सुरेंद्र यादव पैदल अपने ठिकाने की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झूंसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जगत के मंगल का सुफल है भगवान श्रीकृष्ण का लोकावतार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के दीवानी वार्ड में हो रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण एवं रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास उत्तराखण्ड के बदरिका आश्रम से पधारे दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मणी का विवाह आत्मा का ईश्वर के प्रति समर्पण का नैतिक बोध कराता है। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि राजकुमारी रूक्मणी के मन मे भगवान के गुणों का गुणगान सुनकर दिव्य भक्ति की चेतना जागृत हुई। स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी ने कहा कि रूक्मणी का भगवान श्रीकृष्ण से विवाह भक्त और ईश्वर के बीच सच्चे प्रेम का शाश्वत संदेश हैं। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जगत के मंगल और कल्याण का उत्सव बनकर धरा पर फलीभूत हुआ। कथा के दौरान सम्पूर्ण परिसर हरिनाम संकीर्तन एवं भक्ति संगीत की मधुर ध्वनियों से गुंजायमान रहा। देर शाम तक राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी कथा श्रवण को पहुंचे। सांसद प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी को आध्यात्मिक सम्मान सौंपा।

वहीं व्यासपीठ द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य सांसद प्रमोद तिवारी को भी लोकमंगल का आशीष प्रदान हुआ। कथा का संचालन उच्च न्यायालय लखनऊ के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने किया। संयोजक शिक्षक रमाशंकर तिवारी, रामकिशोर तिवारी, रामराज तिवारी, रोहित तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रामेश्वर तिवारी, कपिल तिवारी, दिवाकर नाथ शुक्ल, कौशलेन्द्र त्रिपाठी, गिरीश मिश्र, माताफेर मिश्र, आचार्य विनोद मिश्र, लालजी त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, आदि रहे।

### आगजनी से फसल जलकर हुई राख, किसानों को नुकसान



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से खेत में आगजनी से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। लालगंज कोतवाली के मनीपुर में रविवार को दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गयी। इसके चलते गांव के प्रभाकर नाथ शुक्ल, भाष्कर नाथ शुक्ल, गणेश प्रसाद तिवारी, कृपाशंकर तिवारी, रमाशंकर तिवारी, सुधाकरनाथ के खेत में रखा भूसा जलकर राख हो गया। वहीं गांव के दिवाकर नाथ शुक्ल व विभाकर नाथ शुक्ल के दो बीघा खेत में गेहूं की फसल भी जलकर नष्ट हो गयी। सूचना पर लालगंज के फायर बिग्रेड पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### करंट लगने से आरपीएफ जवान की मौत

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित ललितपुर रेलवे कॉलोनी में करंट लगने से एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रवण कुमार प्रजापति (40) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव के निवासी थे और वर्तमान में प्रयागराज की रेलवे कॉलोनी में रह रहे थे। वह रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में जवान के पद पर तैनात थे। परिजनों के मुताबिक, श्रवण कुमार अपने कमरे में मौजूद थे, तभी अचानक उन्हें करंट लग गया। घटना के बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उन्हें रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हालांकि उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राम आसरे यादव ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। इस घटना से मृतक के परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर दुख जताया है और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## अवैध संबंध के शक में बेटे की हत्या मे पिता गिरफ्तार,हत्याकांड का खुलासा

**● आरोपी पिता से पूछताछ जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**करेली/ प्रयागराज।** शहर के करेली थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात का खुलासा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर करते हुए आरोपी पिता पप्पू जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान प्रियंशु के रूप में हुई है। आरोपी पिता पप्पू जायसवाल को अपनी पत्नी और बेटे के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी शक ने उसे इस कदर अंधा कर दिया कि उसने अपने ही बेटे की हत्या जैसा जघन्य कदम उठा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की गई। इस पूरे प्रकरण में पुलिस अधिकारी निकिता श्रीवास्तव के निर्देशन में टीम गठित की गई। थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की इसी सक्रियता और रणनीति के चलते आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ की जा रही है और हत्या में प्रयुक्त साधनों तथा अन्य साक्ष्यों को भी जुटाया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

## झूंसी में शादी समारोह में हार चोरी की कोशिश नाकाम

**● दो महिलाएं हिरासत में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झूंसी, प्रयागराज।** ईसीपुर मलावा में शनिवार रात एक शादी समारोह के दौरान सोने का हार चोरी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता से घटना नाकाम हो गई और दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र यादव की पुत्री की शादी में बारातियों का स्वागत चल रहा था। इसी दौरान बारात में आई महिलाओं ने अपना सामान एक कमरे में रख दिया और कार्यक्रम में शामिल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी बीच एक महिला ने मौका पाकर एक अन्य महिला के बैग से सोने का हार निकाल लिया। घटना को वहां मौजूद दो बच्चों ने देख लिया और तुरंत परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया और उसके पास से चोरी किया गया हार बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि पकड़ी गई महिला थाना नैनी क्षेत्र के अरैल की रहने वाली है। उसके साथ एक अन्य महिला साथी भी मौजूद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों महिलाओं से पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर मिलने




पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बच्चों की सतर्कता की सराहना की, जिनकी वजह से समय रहते चोरी की वारदात को रोका जा सका। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे आयोजनों में अपने कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतें।

## रेस्टोरेंट में बमबाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, दो देशी बम बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बीएचएस (क्लास) के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में बमबाजी की घटना को अंजाम देने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमरजीत, मानस यादव और आर्यन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो देशी बम भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना हाल ही में उस समय हुई थी जब रेस्टोरेंट में ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई थी। अचानक हुई बमबाजी से इलाके में दहशत फैल गई थी और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही प्रयागराज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध युवकों की पहचान की। इसके बाद सघन अभियान चलाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो



देशी बम बरामद किए गए, जिन्हें निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आपसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया गया निरीक्षण



भदोही दिनांक 26.04.2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक द्वारा अपराहन 2.00 पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसियापुर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद पाए गए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि लू वार्ड कक्ष में हरा पर्दा लगाने हेतु आदेशित किया गया अपराह्न 3:20 पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मईहरदोईपट्टी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक मौजूद पाए गए।

## स्मार्ट मीटर के जरिए सरकार गरीबों की जेब पर डाल रही डांका- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को रामपुरखास में एक दिवसीय दौरे में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए क्षेत्र की जानकारी की। लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिए सरकार गरीब व मध्यम वर्ग की जेब पर डांका डाल रही है। उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाया जाना बिजली विभाग के निजीकरण का एक दूरगामी षडयन्त्र है।वहीं उन्होने कहा कि भाजपा परिसीमन के नाम पर महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने में खुद रोड़ा साबित हुई है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश के गाजीपुर में एक बेटी की हत्या की घटना को लेकर प्रशासनिक लापरवाही पर सरकार को खुद की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हाथरस और गाजीपुर तथा मणिपुर में न्याय के लिए बेटियों को दुर्लभतम अपराध की शर्मनाक पीड़ा झेलनी पड़ी है। उन्होने कहा कि यह घटनाएं साबित करती है कि भाजपा का महिलाओं के हितैषी होने का दावा पूरी तरह से हवाहवाई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के चुनाव प्रचार से लौटे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सत्ता पाने के लिए भाजपा की छटपटाहट इस कदर बढ़ गयी है कि वह सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं के माध्यम से हर जगह डर का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रही है। बाबा घुइसरनाथ धाम में सांसद प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं को भी सराहना की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, डा0 अमिताभ शुक्ल आदि रहे। इसके पूर्व क्षेत्र के नसीरपुर सीमा पर कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रमोद तिवारी का उत्साहजनक स्वागत किया।

## मासूमों के वार्ड में गंदगी का 'काला सच', वीडियो ने खोली सिस्टम की परतें

**NIC–PICU तक फैली लापरवाही? वायरल वीडियो से स्वास्थ्य विभाग पर घिरे सवाल**




**बस्ती।** बस्तीजिले के मेडिकल कॉलेज कैली से सामने आए एक वीडियो ने स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। वायरल वीडियो में NIC और PIC जैसे अति संवेदनशील वार्डों के आसपास गंदगी का अंबार दिखाई दे रहा है। जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ नजर आता है, वहीं बाथरूम की हालत भी बेहद खराब बताई जा रही है। यह वीडियो कथित तौर पर भर्ती बच्चों के परिजनों द्वारा बनाकर मीडिया तक पहुंचाया गया है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन जो दृश्य सामने आए हैं, वे चिंताजनक हैं और सीधे तौर पर मासूम मरीजों की सेहत से जुड़े हैं। अगर हालात वास्तव में ऐसे हैं, तो यह बड़ा सवाल खड़ा होता है कि जिन वार्डों में नवजात और गंभीर रूप से बीमार बच्चों का इलाज होता है, वहां सफाई व्यवस्था इस कदर लचर कैसे हो सकती है। गंदगी के कारण संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है, जो बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे दावों के बीच इस तरह के वीडियो कई सवाल खड़े करते हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और सुधार के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग (ताइक्वांडो) में डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग, ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग जिला खेल विभाग द्वारा किया गया, जिसमें अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अनु कुमारी और खुशबू कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं दीपिका कुमारी, कुमकुम कुमारी और बिंदिया कुमारी ने रजत पदक जीते। इसके अलावा सलोनी कुमारी, लक्ष्मी महतो, शिवानी कुमारी, स्मिता कुमारी और वैष्णवी कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश राज ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। डेरोजियो बोर्डिंग स्कूल, जो कि सेंट्रल जेल ग्राउंड के पास, झील परिसर, हजारीबाग में स्थित है, लगातार शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। इस उपलब्धि से विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### दनुवा घाटी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रशासन सख्त, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत दनुवा घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी हजारीबाग तथा एनएचएआई के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दनुवा घाटी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा। प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों में सभी अवैध कटों को तत्काल बंद करना, सड़क पर एडवांस साइन बोर्ड लगाने, स्पीड लिमिट बोर्ड स्थापित करने तथा सभी वैध कटों पर लाइनमैन की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अलावा घाटी क्षेत्र में मौजूद बॉटल नेक स्थलों को दुरुस्त करने, आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने तथा निर्माणाधीन क्षेत्रों में प्रतिदिन दो बार पानी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने एनएचएआई की एम्बुलेंस सेवा को भी सक्रिय रखने और ड्राइवरों को हर समय तत्पर रहने का निर्देश दिया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। इसके साथ ही दनुवा घाटी के ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की जांच कर वहां सुरक्षा मानकों को और मजबूत करने का आदेश दिया गया है। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्रवासियों और राहगीरों में राहत की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि निर्देशों का सख्ती से पालन हुआ तो घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

### एडीजी आलोक सिंह ने बुंदेलखंड महाविद्यालय में होमगार्ड परीक्षा का लिया जायजा

**कानपुर।** एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एनरोलमेंट 2025 की प्रचलित लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन, पूर्णतः पारदर्शी सम्पन्न कराने हेतु झांसी पुलिस लाइन के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बुन्देलखण्ड महाविद्यालय व परीक्षा की निगरानी के लिये स्थापित सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा केन्द्रों की सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखनें तथा संदिग्ध व्यक्तियों, नकल एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करनें, परीक्षा की निष्पक्षता एवं शुचिता बनाये रखने हेतु सतत् निगरानी, समन्वय एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, झाँसी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी मौजूद रहे।

# CM हेमंत सोरेन सभी योजनाओं की खुद करेंगे सीधी निगरानी, रांची में बनेगा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

**● मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं की सीधी ऑनलाइन निगरानी करेंगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजनाओं की निचले पायदान तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं की सीधे आनलाइन निगरानी करेंगे। अभी तक योजनाओं की प्रगति तथा निचले स्तर तक पहुंचने की मुख्यमंत्री को जानकारी विभिन्न समीक्षा बैठकों में पदाधिकारी देते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री को योजनाओं की स्थिति की जानकारी सीधे मिलेगी। यह संभव होगा सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म से। इस प्लेटफार्म के लिए राज्य मुख्यालय में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना होगी। सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग के निर्देश पर जैप आइटी ने इस इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। साथ ही सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म का भी प्रस्ताव सीएम डैशबोर्ड-2 योजना के तहत तैयार किया गया है। अगले माह हैदराबाद में AI तथा आइटी क्षेत्र में निवेश पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में इसपर देशभर के विशेषज्ञों से राय ली जाएगी, जिसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

**योजनाओं के अलावा विभिन्न सूचकांकों से भी अवगत होंगे सीएम**

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को न केवल योजनाओं की स्थिति की रियल टाइम और समग्र जानकारी मिलेगी, बल्कि मुख्यमंत्री विभिन्न सूचकांकों (इंडीकेटर्स) में सुधार पर भी सीधे नजर रख सकेंगे। इससे पदाधिकारी समीक्षा बैठकों में सरकार को गुमराह नहीं कर सकेंगे। विभिन्न माध्यमों से विभागों में पहुंचनेवाली आम जनता की शिकायतों के निष्पादन पर भी मुख्यमंत्री नजर रखा सकेंगे। मुख्यमंत्री अपने कार्यालय कक्ष के साथ-साथ आवासीय कार्यालय से भी योजनाओं की निगरानी रख सकेंगे।

**जिला व प्रखंड स्तरीय कर्मचारियों के साथ सरकार के सीधे लिंक पर जोर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल में आयोजित कार्यक्रमों में सरकार के जिला व प्रखंड स्तर के उन कर्मचारियों के साथ सीधे लिंक होने पर जोर दिया है। उनके अनुसार, यह लिंक टूटने से गड़बड़ियों की



संभावना बढ़ जाती है। शिक्षकों, सहिया (आशा), जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका आदि को सरकार द्वारा टैब दिए जाने का उद्देश्य भी सरकार के साथ उनका लिंक जोड़ना है।

**पंचायतों में होने वाले कार्यों की निगरानी**

हाल के दिनों में पंचायतों में विकास कार्य के लिए बड़े पैमाने पर 15वें वित्त आयोग की राशि भेजी गई है। साथ ही राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर भी राशि पंचायतों को भेजी गई है। इन राशि से गांवों में पुल-पुलिया, सड़क का निर्माण होना है तथा पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएं बढ़ाई जानी है। इन कार्यों की प्रगति पर निगरानी के लिए भी सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म के उपयोग पर जोर दिया गया है। यह परियोजना लागू होने पर मुखिया, पंचायत प्रमुख तथा जिला परिषद के अध्यक्षों को टैब भी दिया जा सकता है।

## गृह रक्षा वाहिनी हजारीबाग के 355 प्रशिक्षण गृह रक्षकों का पारण परेड कार्यक्रम

**● बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त हुए शामिल, पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंड:-** क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में गिरिडीह सहित अन्य जिलों के कुल 355 प्रशिक्षु गृह रक्षकों के 63 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत रविवार को पारण परेड का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हजारीबाग हेमंत सती उपस्थित रहे।

पारण परेड समारोह में नगर आयुक्त हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एवं प्रशिक्षु जिला समादेष्टा सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला समादेष्टा, हजारीबाग द्वारा आगंतुक अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने सभी प्रशिक्षु गृह रक्षकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुशासन को जीवन में आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। वर्दी का मूल सिद्धांत अनुशासन है, जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे जहां भी कार्य करें, वहां अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने युवाओं को ऊर्जा से परिपूर्ण बताते हुए कहा कि वे अपनी दक्षता का परिचय देकर बेहतर कार्य करेंगे तथा जनता एवं जिला प्रशासन का विश्वास बनाए रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञातव्य है कि प्रशिक्षण के दौरान गृह रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के अतिरिक्त जिला बल/जैप-7 के दक्ष हवलदारों की प्रतिनियुक्ति कर प्रशिक्षुओं को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### झारखंड को मिलेंगे 329 नए असिस्टेंट प्रोफेसर, मई में ष्टरू हेमंत सोरेन सौपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) से अनुशंसित 329 सहायक आचार्यों को मई के पहले सप्ताह में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। फिलहाल उन 329 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, जिनकी अनुशंसा आयोग ने दिसंबर 2025 में की थी। इनकी काउंसिलिंग जिला स्तर पर हो चुकी है, जिसमें इनके सभी प्रमाणपत्र वैध पाए गए हैं। इधर, विभाग को आयोग से लगभग एक हजार अन्य अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इन अभ्यर्थियों के फोल्डर सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधियों को सौंप दिए जाएंगे। इसके बाद जिला स्तर पर इनकी काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग को लेकर जिलों को दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। काउंसिलिंग में प्रमाणपत्रों की जांच के बाद योग्य अभ्यर्थियों को बाद में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि मई के अंतिम सप्ताह या जून के पहले सप्ताह में इन्हें भी नियुक्ति पत्र मिल सकता है।

## झारखंड पात्रता परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण संपन्न, 1.75 लाख अभ्यर्थी हुए शामिल

**● छह जिलों के 434 केंद्रों पर हुई परीक्षा, सुरक्षा और तकनीक के बीच कदाचारमुक्त आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंड:-** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2026 रविवार को राज्यभर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन राज्य के छह जिलों—रांची, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग और देवघर में किया गया, जहां लगभग 1.75 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। राज्यभर में कुल 434 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें रांची में 117, जमशेदपुर में 93, धनबाद में 70 और हजारीबाग में 67 केंद्र शामिल थे। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से व्यापक तैयारी की थी। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील केंद्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए गए, जबकि उड़नदस्ता टीमों को लगातार सक्रिय रखा गया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रही। इसके तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने तथा किसी भी प्रकार की सभा या प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन की सख्ती का असर केंद्रों के आसपास स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस बार परीक्षा में आधुनिक तकनीक का भी प्रभावी उपयोग किया गया। परीक्षार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने और अनियमितता रोकने के लिए ढ्ढक्रढ्ढस् अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया। कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई, जबकि कुछ स्थानों पर लाइव मॉनिटरिंग भी की गई। प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई तथा मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। रांची सहित अन्य जिलों में उपायुक्तों के नेतृत्व में परीक्षा संचालन की लगातार मॉनिटरिंग की गई। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर समन्वय के कारण पूरे राज्य में झारखंड पात्रता परीक्षा 2026 सुव्यवस्थित, नियंत्रित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### चंदवा में बड़ा हादसाः बोरसीदाग पुल के नीचे गिरी बोलेरो, 6 लोग गंभीर रूप से घायल



**चंदवा, झारखंड:-** मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित बोरसीदाग पुल के पास रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। इस दुर्घटना में वाहन सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और सभी ने मिलकर वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। घायलों में फूलमनिया देवी, सरयू उरांव, रीना कुमारी, पिंकी कुमारी, सोनवा देवी और कार्तिक उरांव (सभी बरछिया, बारियातु निवासी) शामिल हैं।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां डॉ. कंचन बाड़ा और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी लोग बोलेरो से शादी समारोह में शामिल होकर जोंजरो (कुडू) से अपने गांव बरछिया लौट रहे थे। इसी दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के बोरसीदाग के पास वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा।

घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा मशीन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को बाहर निकाला। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व भी इसी पुल के नीचे एक एक्सयूवी वाहन गिर गया था, जिसमें वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, हालांकि उसमें सवार लोगों को मामूली चोटें आई थीं।

### अनमास्क्ड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड का हजारीबाग में जागरूकता अभियान सफल



**हजारीबाग, झारखंड:-** अनमास्क्ड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शहर के इंग्लिश कैफे में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे एवं शाम 5:30 बजे दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों, युवा पेशेवरों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान में व्यक्तिगत व वित्तीय डाटा की सुरक्षा, फ़िशिंग हमलों से बचाव, मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के सौरव विश्वकर्मा ने कहा कि जागरूकता ही साइबर सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है। वहीं शंपा बाला ने कहा कि लोगों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ क्लिक करने से पहले सोचें आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है।

## गुमला में बारातियों से भरा वाहन पलटा दो की मौत, एक गंभीर घायल

**● शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा, इलाके में पसरा मातम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुमला, झारखंड:-** गुमला जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जिले के कुरकुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वेतरकेरा मोड़ के पास बारातियों से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान वेतरकेरा मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन पलट गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक के परिजन हरखू महतो ने बताया कि टाटी भंडार टोली से योगेंद्र महतो के पुत्र तुच्छी महतो की शादी में



शामिल होने के लिए सभी लोग लचरागढ़ गए थे। शादी समारोह से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। घटना में वाहन पर सवार अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही कुरकुरा थाना के एसआई संजय रजक मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं कुरकुरा थाना प्रभारी संजय मुंडा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## मुस्लिम समुदाय के न्याय व अधिकार मुद्दों पर परिचर्चा, एस. अली ने उठाए कई अहम सवाल

**● स्थानीय नीति, आरक्षण, नियुक्तियों और अल्पसंख्यक अधिकारों पर चर्चा, मई में रांची में बड़ी बैठक का ऐलान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही के कोनरा पंचायत भवन में मुस्लिम समुदाय के न्याय और अधिकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम की अध्यक्षता में हुआ, जबकि बैठक का संचालन मो. तौकीर रजा ने किया।कार्यक्रम में रांची से पहुंचे मुख्य अतिथि झारखंड छात्र संघ एवं आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जनाब एस. अली ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि बिना स्थानीय नीति के हो रही बहालियों से झारखंड के युवाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने निजी क्षेत्र में स्थानीय युवकों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नियम को सख्ती से लागू करने की मांग की। एस. अली ने कहा कि पिछड़ी जातियों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण नहीं मिल रहा है और सरकारी नौकरियों में उम्र सीमा में भी अपेक्षित छूट नहीं दी जा रही है। उन्होंने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में पाई गई त्रुटियों का जिक्र करते हुए कहा कि



एसआईआर के दौरान बिहार की 1990 की वोटर लिस्ट से भी मिलान किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि जेटेट में संस्कृत विषय को शामिल किया गया है, लेकिन उर्दू विषय को नजरअंदाज किया गया है। साथ ही मदरसा आलिम-फाजिल डिग्री की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना और डिग्री की वैधानिक मान्यता अब तक नहीं मिल पाई है।

एस. अली ने मॉब लिंचिंग के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्ष 2021 में विधानसभा से पारित भीड़ नियंत्रण विधेयक को अब तक कानून के रूप में लागू नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जमींदारों द्वारा दान की गई जमीन पर बने मुस्लिम धार्मिक स्थलों को अब तक पंजी में दर्ज नहीं किया गया है।इसके अलावा उन्होंने झारखंड में अल्पसंख्यकों से जुड़े बोर्ड, निगम, आयोग और समितियों में स्थायी सचिव और निदेशक की नियुक्ति नहीं होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने घोषणा की कि इन सभी मुद्दों को लेकर मई माह में रांची में मुस्लिम बुद्धिजीवियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों से सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, मो. कयूम (अध्यक्ष, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति), अब्दुल मनान वारसी (कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष, बरही), मो. मुशर्रफ हुसैन (देवघर), मो. यूसुफ (पंसस, बरही), मो. तौकीर रजा (मीडिया प्रभारी, बरही), मो. इसरार (मुस्लिम अवामी तंजीम, बरही), शोएब अख्तर (पत्रकार), मास्टर मो. अख्तर, मो. सफाउल, मो. शमशेर, मो. मंसूर, मो. मोनाजिर, मो. सरफराज, मो. उस्मान, मो. मकसूद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ब्रम्हर्षि समाज की बैठक में शिक्षा व सशक्तिकरण पर जोर



**● 36 गांवों की भागीदारी के साथ समाज के प्रमुख लोगों की अहम बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** ब्रम्हर्षि समाज चय परगना की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष सुधीर सिंह के आवास पर उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज को और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान इटखोरी स्थित माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि धर्मशाला निर्माण के लिए रामकुमार सिंह (पिता बाबूलाल सिंह) एवं उनके पुत्र संजय सिंह द्वारा जमीन दान दी गई है। इस पुनीत कार्य के लिए पूर्व शिक्षक स्वर्गीय रामचन्द्र सिंह के अथक प्रयासों को याद किया गया। अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि समाज को और सशक्त बनाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना होगा। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपने दायित्वों को समझने और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। बैठक में स्वामी सहजानंद विकास मंच के अध्यक्ष अजय सिंह समेत समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इनमें सुखदेव सिंह, अर्जुन सिंह, रामफल सिंह, शिव कुमार सिंह, राम प्रकाश सिंह, अरविंद कुमार सिंह, प्रेम सिंह, श्रीकांत सिंह, हीरा सिंह, दिनेश सिंह सहित हजारीबाग जिला के चौपारण, बरही तथा चतरा जिला के इटखोरी, मयूरहंड, गिद्धौर प्रखंड के करीब 36 गांवों के लोग शामिल हुए। इसके साथ ही बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया।

### अवैध खनन रोकने के लिए झारखंड सरकार का प्लानः वाहनों से वसूला जाएगा 5 लाख तक फाइन

**रांची।** झारखंड सरकार ने अवैध खनन रोककर राजस्व बढ़ाने के बजाय अवैध परिवहन को लक्ष्य बनाते हुए राजस्व उगाही की योजना बनाई है। कैबिनेट से पास होने के बाद इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है और अब अवैध लघु खनिजों के साथ पकड़ाने पर वाहन मालिकों को कई गुना तक जुर्माना अदा करना होगा। एक ट्रैक्टर अवैध बालू पकड़ाने पर पहले जहां एक हजार का जुर्माना लगता था, वहीं अब 50 हजार रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा। तमाम वाहनों के पकड़े जाने पर जुर्माने की रकम तय कर दी गई और हाइवा पकड़ाने पर अब पांच लाख रुपये तक फाइन भरना पड़ सकता है। इतना ही नहीं चालान होने के बावजूद निर्धारित वजन से अधिक लोड लेकर जाने पर भी सरकार वसूली कर सकेगी। पांच प्रतिशत अधिक वजन होने पर ही जुर्माना लगाने का अधिकार खनन विभाग के पदाधिकारियों को होगा।

**अपील करने करने के लिए भरनी होगी फीस**

एक बार पकड़े जाने के बाद वाहन मालिकों के लिए बचना और भी मुश्किल होगा। राज्य सरकार ने अब निर्धारित कर दिया है कि किस स्तर के अधिकारी के द्वारा पकड़े जाने के बाद किस स्तर पर सुनवाई होगी। मसलन, डीसी के द्वारा पकड़े जाने पर खान आयुक्त सुनवाई कर सकेंगे। इसी प्रकार कांटा घर से पकड़े जाने के बाद जिले के खनन पदाधिकारी के पास अपील कर सकेंगे।

## धनबाद फायरिंग कांड का खुलासा : दो आरोपी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

**● बरोरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में हुई थी अंधाधुंध फायरिंग, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धनबाद, झारखंड:-** धनबाद जिले के बरोरा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई सनसनीखेज फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल, कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। रविवार को ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर विशाल चौहान और अनीश चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ सामने आया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है। बरोरा निवासी रविंद्र चौहान पर पुरानी दुश्मनी के कारण जानलेवा हमला किया गया। चार बाइक पर सवार करीब आठ हमलावर माथाबांध ग्राउंड के पास बरोरा-डुमरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे और



अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में रविंद्र चौहान घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पीड़ित के बयान पर बरोरा थाना में गौरव चौहान, अनीश चौहान, पवन यादव, विशाल चौहान, नीरज उर्फ मोटका समेत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रास्ते में घेरकर दंपति से मारपीट

**जान से मारने की धमकी, तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** पूराकलां थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे दंपति के साथ रास्ते में रोककर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ग्राम भैंसनवारा निवासी अशोक पुत्र रामदयाल ने बताया कि बीती 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी संध्या के साथ गांव कंधारिकला से शादी समारोह से मोटरसाइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही दयालु पुत्र बिजनंदन, राहुल पुत्र दयालु, रामपाल उर्फ हल्ले ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे और डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना पूराकलां में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### कॉलेज में सर्वोच्च अंक पाने वाले क़ो किया गया सम्मनित




**भदोही जंगीगंज।** महर्षि शिवव्रत लाल इंटर कॉलेज, राधा स्वामी धाम में शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों ने छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में वित्तविहीन, राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में किशुनदेवपुर स्थित महर्षि शिवव्रत लाल इंटरमीडिएट कॉलेज में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र समीर प्रजापति को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समीर ने 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनके पिता मजदूरी करते हैं जबकि माता गृहिणी हैं। समीर का सपना आगे चलकर इंजीनियर बनने का है। कॉलेज के प्रधानाचार्य सुशील मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष इंटरमीडिएट में समीर प्रजापति, ऋषभ पाण्डेय, ओम साहू, रेनू यादव और विजय लक्ष्मी सहित कुल पांच छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं हाईस्कूल में भी दर्जनों छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इंटरमीडिएट में सगी बहनों चिंकी तिवारी और वैष्णवी तिवारी ने और हाईस्कूल में रुपेश पाण्डेय, आदर्श प्रजापति, रिया मौर्या, सना अंसारी, शिव कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया था। प्रधानाचार्य ने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। साथ ही आश्वासन दिया कि पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कॉलेज सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने विद्यालय के शिक्षण स्तर और शिक्षकों के व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर सुशील मिश्रा, कृपा शंकर पाण्डेय, कमलेश चंद पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, सपना यादव, अशोक कुमार, रजनीश पाण्डेय, सत्य नारायण और बाबूलाल गुप्ता सहित सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### पिकअप से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**बारात से लौटते समय हादसा**

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्र में पूराकलां मार्ग पर हिंगोरा मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन से गिरने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक युवक बारात में शामिल होने के लिए तालबेहट आया था। बारात के बाद वह पिकअप वाहन में दहेज का सामान लादकर हिंगोरा मार्ग से मध्य प्रदेश के बल्देवगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चलती पिकअप से नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तालबेहट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बालकिशन (उम्र लगभग 27 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# ओबरा में लोक निर्माण विभाग ने किया सरकारी धन का दुरुपयोग, उठी जाँच की मांग

**● अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, किया जाँच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** लोक निर्माण विभाग द्वारा ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र में बहुत अच्छी रोड सुभाष तिराहे से भलुआ टोला बैरियर तक रोड लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया जबकि यह रोड खुद में बहुत अच्छी रोड थी। अच्छी रोड के ऊपर रोड बनाना यह दर्शाता है कि यहां के अधिकारी भ्रष्टाचार में सम्मिलित है । जो रोड अच्छी है उसे रोड को बनाने की जरूरत क्या पड़ी यह सरकार के धन का दुरुपयोग है। बतादें कि कोई रोड अच्छी है उसे बनाने से सरकार का क्या मतलब।जिसके क्रम में अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि जो रोड खराब पड़े हैं और जनपद में ढेर सारी रोड खराब है वहां बनना चाहिए । जहाँ रोड बनी है वहाँ संबंधित विभाग द्वारा सरकार के धन का दुरुपयोग किया गया है ,उनके ऊपर विधिक कार्यवाही होते हुए इस पूरे पैसे की भरपाई उनसे करवाई जाए। जिससे भविष्य में अच्छी रोड के ऊपर अच्छी रोड बनाने का दुस्साहस कोई न कर पाए। गौरतलब है कि ओबरा में ही डिग्री कॉलेज रोड अत्यंत खराब है उसे बना दिया जाता है तो कितना अच्छा रहता है लेकिन खराब रोड पर पैसा ना देना और अच्छी रोड पर पुनः पैसा देना बहुत ही दुर्भाग्य है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर कठोर कार्रवाई की मांग किया है। जिसके क्रम में व्यापरियों द्वारा रोड बनते समय विरोध भी किया था किन्तु जाँच का मामला सिफर निकला।

## अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, किया कोन सीएचसी में चिकित्सकों की मांग


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** नव सृजित विकास खंड कोन स्थित सरकारी अस्पताल में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय समाजसेवी आनंद पटेल दयालु ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर तत्काल चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लगभग दो लाख की आबादी वाले कोन क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। अस्पताल में मात्र एक डॉक्टर के भरोसे पूरे क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था चल रही है, जिससे मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।श्री दयालु ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि कोन अस्पताल में कम से कम पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, जिसमें एक महिला डॉक्टर भी अनिवार्य रूप से तैनात हो। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र गरीब और दूरस्थ होने के कारण यहां के लोग निजी अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे कई बार इलाज के अभाव में गंभीर परिणाम सामने आते हैं।

साथ ही ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सोनभद्र जिला खनन के माध्यम से सरकार को भारी राजस्व देता है और जिला खनिज निधि में करोड़ों रुपये उपलब्ध हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि इसी निधि से कोन अस्पताल में एमआरआई जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को 70 किलोमीटर दूर रॉबर्ट्सगंज या अन्य शहरों का रुख न करना पड़े।आगे श्री दयालु ने कहा कि जनहित को देखते हुए सरकार को इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र की जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## 50 से कम गोवंश संरक्षित बलटीकरा गोशाला का हुआ स्थानांतरण




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन ने 50 से कम संरक्षित गोवंश वाले गोशालाओं को बड़े गोशालाओं में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। विकास खंड बैतालपुर के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने जानकारी दी है कि इस आदेश के अनुपालन के क्रम में ग्राम पंचायत बलटीकरा के अस्थाई निराश्रित गोआश्रय स्थल जिसमें 38 गोवंश संरक्षित थे,इन सभी पशुओं को ग्राम सचिव नन्हे सिंह ने वाहन द्वारा वृहद गो संरक्षण केंद्र पिपरा चन्द्रभान में स्थानांतरित कर दिया है। पशुधन प्रसार अधिकारी ने बताया कि विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम करमेल बनरही में वृहद गोआश्रय केन्द्र का निर्माण किया गया है जिसमें 400 पशुओं को संरक्षित करने की क्षमता है, इस केन्द्र के शीघ्र संचालित करने प्रक्रिया चल रही है। इस केन्द्र के संचालन होने से क्षेत्र को छुट्टा गोवंश से निजात मिल जाएगी।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते चिकित्सक

**● जनसहभागिता पर दिया गया जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर लेक्चर थियेटर-2 में जागरूकता एवं अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम, नियंत्रण, समय पर निदान एवं प्रभावी उपचार के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक रोके जाने योग्य एवं उपचार योग्य रोग है, जिसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी, स्वच्छता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा.रवि पचौरी ने मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ वातावरण, जलभराव की रोकथाम और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग जरूरी है। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। डा.मनोज सोनी ने मलेरिया के जनस्वास्थ्य महत्व एवं रोकथाम, डा.सूरवीर सिंह ने मच्छरजनित रोगों की रोकथाम में सामुदायिक भूमिका, डा.प्रद्युम्न वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर मलेरिया प्रबंधन, डा.दिव्या स्वामी ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों जैसे संवेदनशील समूहों में मलेरिया नियंत्रण तथा डा.आशीष निरंजन ने जनजागरूकता और जनसहभागिता की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट, इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में 485 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड सम्पन्न

**● अनुशासन, शौर्य और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन, नवआरक्षियों ने लिया जनसेवा का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** रविवार दिनांक 26.04.2026 को प्रशिक्षण केन्द्र पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में 485 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे परेड ग्राउण्ड में अनुशासन, ऊर्जा एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ नवआरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण, समर्पण और उत्कृष्ट कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक यातायात अरविन्द कुमार मौर्या रहे, जिनके द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने परेड ग्राउण्ड में सुसज्जित 18 टोलियों का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षार्थियों की एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं ड्रिल की उत्कृष्टता की सराहना की। निरीक्षण के दौरान नवआरक्षियों का आत्मविश्वास, संतुलन एवं अनुशासन विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र रहा। इसके उपरान्त समस्त टोलियों द्वारा शानदार एवं समन्वित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कदम से कदम मिलाकर चलते हुए सभी टोलियों ने सलामी मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। मार्चपास्ट की सटीकता, तालमेल एवं अनुशासन ने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया और पूरे परिसर में गर्व एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ।

समारोह के दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल विजेताओं के लिए गौरव का विषय रहा, बल्कि अन्य प्रशिक्षार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बना। सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (कुल 1246.1 अंक)बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (572.1 अंक)

अंतः कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- प्रशिक्षु आरक्षी नीरज ओझा (685 अंक)

अंतः कक्षीय विषयों के समूहवार सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी*

**प्रथम समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी नितिन कुमार (64 अंक)

**द्वितीय समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी नीरज ओझा (91 अंक)

**तृतीय समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी चन्द्रपाल (110 अंक)

**चतुर्थ समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी विजय पाण्डेय (95 अंक)

**पंचम समूह -** प्रशिक्षु आरक्षी अनुभव कुमार तिवारी (111 अंक)

**षष्ठम समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी अभिषेक तिवारी (86 अंक)



**सप्तम समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी हेमन्त राज (92 अंक)

**अष्टम समूह-** प्रशिक्षु आरक्षी सन्तोष कुमार पटेल (73 अंक)

बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- शारीरिक दक्षता परीक्षा में - प्रशिक्षु आरक्षी राम कुमार (94 अंक)

यू0ए0सी0 में- प्रशिक्षु आरक्षी वरुण कुमार पाण्डेय (36 अंक)

**योगासन में-** प्रशिक्षु आरक्षी मयंक पाल (28 अंक)पदाति प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी अभिनव सिंह (82 अंक)

शस्त्र प्रशिक्षण में- प्रशिक्षु आरक्षी अभिषेक कुमार मिश्रा (70.9 अंक)जंगल प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी विकास चन्द्र (60 अंक)भीड़ नियंत्रण में- प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (38 अंक)विशिष्ट तलाशी में - प्रशिक्षु आरक्षी प्रशांत शुक्ला (38 अंक)यातायात प्रशिक्षण में- प्रशिक्षु आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह (38 अंक)आतंकवाद निरोधी प्रशिक्षण में - प्रशिक्षु आरक्षी मुकुल सिंह (65 अंक) मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में नवआरक्षियों को दीक्षांत की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने सभी को ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी नवआरक्षियों को कर्तव्यों के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी अपने संबोधन में सभी नवआरक्षियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ बनाने में नवआरक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी तथा आमजन के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं मित्रवत पुलिसिंग ही उनकी पहचान बने। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सोनभद्र चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# शक्ति और अनुशासन का संगम ललितपुर पुलिस लाइन्स में भव्य दीक्षांत परेड

**● आरक्षियों की नई खेप पुलिस सेवा में शामिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को प्रशिक्षु आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। महीनों के कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के बाद प्रशिक्षु आरक्षियों की नई खेप अब उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गई। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी उ.प्र. अखिलेश कुमार निगम रहे। उनके साथ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और आरक्षियों के अनुशासन, टर्न-आउट व समर्पण की सराहना की। दीक्षांत परेड समारोह का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षु आरक्षियों की सुसंगठित मार्च पास्ट रहा। आरक्षियों ने कदमताल और तालमेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को निष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी अखिलेश कुमार निगम ने कहा कि ये नवप्रशिक्षित आरक्षी पुलिस की संवेदनशीलता और सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगे। राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी आरक्षियों को शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग के लिए तैयार किया गया। प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदुओं में कम्यूनिटी पुलिसिंग और संवाद कौशल, तकनीक आधारित पुलिसिंग (सीसीटीवी, डिजिटल


परेड का निरीक्षण करते अतिथि व सम्मानित करते राज्यमंत्री

साक्ष्य, डेटा विश्लेषण), जनउन्मुख और संवेदनशील व्यवहार, नए आपराधिक कानूनों का अध्ययन, फॉरेंसिक जांच तकनीक, साइबर क्राइम नियंत्रण, दंगा नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन, शारीरिक दक्षता, ड्रिल व हथियार संचालन रहा। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों को सम्मानित किया गया, जिनमें देवदत्त भरंगर (चेस्ट नं. 361) ने 1261/1500 अंक प्राप्त कर सर्वांग सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीरज गौतम (चेस्ट नं. 279) ने 727/800 अंक के साथ अंतः कक्षीय विषय में प्रथम, देवदत्त भरंगर ने 491/600 अंक के साथ बाह्य विषयों में प्रथम शामिल रहे। वहीं राहुल (चेस्ट नं. 307), द्वितीय प्रियांशु सिंह (चेस्ट नं. 20), तृतीय मयंक यादव (चेस्ट नं. 190) को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों ने अपने बच्चों को वर्दी में शानदार परेड करते देखा तो गर्व से भावुक हो उठे। महीनों की मेहनत का यह परिणाम उनके लिए अविस्मरणीय रहा। दीक्षांत परेड समारोह ने यह संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस अब और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम और जनसेवा के प्रति समर्पित दिशा में आगे बढ़ रही है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्मः आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर शादी का झांसा देकर नाबालिग का लंबे समय से शोषण करने का आरोप है। पीड़िता की तहरीर पर शोहरतगढ़ थाने में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी और लगातार दबिश दे रही थी। रविवार को पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चेतिया क्रॉसिंग के पास घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार

अनुज कुमार पुत्र स्व. भगवान दीन, ग्राम रणधीर खेड़ा, थाना फतेहपुर चौरासी, जनपद उन्नाव का निवासी है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वह सफल नहीं हो सका। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह और कांस्टेबल पवन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और पीड़िता को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## चलती ट्रेन में परिवार पर हमला, महिलाओं-बच्चों से मारपीट

**● पांच अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। भोपाल से ग्वालियर जा रहे एक परिवार के साथ ट्रेन के जनरल डिब्बे में दबंगों द्वारा जमकर मारपीट और अभद्रता की गई। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित मध्य प्रदेश के शब्द प्रताप आश्रम, कांटे साहब का बाग निवासी अनूप सम्बालिया पुत्र देवराज सम्बालिया ने जीआरपी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 02 अप्रैल 2026 की रात लगभग 11 बजे वह अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 20423 पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। ललितपुर स्टेशन से 4-5 अज्ञात व्यक्ति डिब्बे में चढ़े और बिना किसी कारण के पीड़ित से विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए



पीड़ित के भाइयों लक्ष्मण और देवेंद्र को भी पीटा गया। हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की। आरोप है कि पीड़ित द्वारा रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल करने के बावजूद कोई मदद नहीं मिली। ट्रेन जब ग्वालियर स्टेशन पहुंची तो आरोपियों ने दोबारा हमला किया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर जीआरपी ललितपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। जीआरपी पुलिस ने पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296(ए), 351(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह को सौंपी गई है।

# पुलिस लाइन ज्ञानपुर, भदोही में 198 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड सम्पन

**● मिशन खाकीः जनपदीय पुलिस को मिले 198 जांबाज, सुरक्षा का संकल्प हुआ और प्रखर!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** आज प्रशिक्षण केन्द्र पुलिस लाइन ज्ञानपुर, भदोही में 198 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे परेड ग्राउण्ड में अनुशासन, ऊर्जा एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ नवआरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण, समर्पण और उत्कृष्ट कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि शिव हरि मीणा, अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट, वाराणसी रहे, जिनके द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने परेड ग्राउण्ड में सुसज्जित 07 टोलियों का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षार्थियों की एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं ड्रिल की उत्कृष्टता की सराहना की। निरीक्षण के दौरान नवआरक्षियों का आत्मविश्वास, संतुलन एवं अनुशासन विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र रहा। इसके उपरान्त समस्त टोलियों द्वारा शानदार एवं समन्वित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कदम से कदम मिलाकर चलते हुए सभी टोलियों ने सलामी मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि महोदय को सलामी दी। मार्चपास्ट की सटीकता, तालमेल एवं अनुशासन ने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया और पूरे परिसर में गर्व एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। समारोह के दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल विजेताओं के लिए गौरव का विषय रहा, बल्कि अन्य प्रशिक्षार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बना।

सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- प्रशिक्षु आरक्षी रामकरन पाल जनपद भदोही

बाह्य कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी- प्रशिक्षु आरक्षी नरोत्तम सिंह जनपद भदोही

अंतः कक्षीय विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षु आरक्षी रामकरन पाल जनपद भदोही

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी संबोधन



में नवआरक्षियों को दीक्षांत की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने सभी को ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी नवआरक्षियों को कर्तव्यों के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा भी अपने संबोधन में सभी नवआरक्षियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ बनाने में नवआरक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी तथा आमजन के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं मित्रवत पुलिसिंग ही उनकी पहचान बने। कार्यक्रम के दौरान अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही, शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक बलराम, श्रेत्राधिकारी लाईन्स भदोही अनिल कुमार,प्रतिसार निरीक्षक भदोही एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम कानपुर के नामित सदस्यों को दिलाई गई शपथ



**कानपुर।** कानपुर नगर निगम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित 10 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रमिला सभागार में आयोजित किया गया, जहां नव-नामित पार्षदों को औपचारिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले नामित सभासदों में सरदार नीतू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दिनेश बाबा सविता, विजय सेंगर, रमेश बाल्मीकि, विजय पटेल (विनय), आदित्य शुक्ला, कमला साहू, निधि बाजपेयी और सुभाष गौड़ शामिल रहे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में योगेन्द्र उपाध्याय (प्रभारी मंत्री) और प्रमिला पांडेय (महापौर) उपस्थित रहीं, जिन्होंने सभी नामित पार्षदों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक रघुनन्दन भदौरिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, अपर नगर आयुक्त, प्रथम सचिव नगर निगम और अन्य अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी नव-नामित पार्षदों ने शहर के विकास, स्वच्छता और जनसमस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### हत्या का प्रयास में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, दीपक भूकर के निर्देशन में थाना पट्टी पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों सचिन चौरसिया व विनय चौरसिया को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रेड़ीगारापुर बाजार से गिरफ्तार किया गया। बीते 25 अप्रैल को समय लगभग साढ़े तीन बजे ग्राम रेड़ीगारापुर निवासी वादी के अनुसार मोहिनी तालाब के पास पूर्व नियोजित योजना के तहत कुलदीप चौरसिया, विनय चौरसिया, सचिन चौरसिया व संतोष यादव द्वारा अपाची बाइक से आकर वादी को पकड़कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया तथा बीच-बचाव करने आए विजय यादव व शिवम यादव को भी चाकू व डंडे से घायल कर दिया गया, जिससे शिवम यादव गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व रंजिश के चलते घटना अंजाम देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना पट्टी पर 04 नामजद अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में थाना पट्टी के उप निरीक्षक विजय यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित वांछित दो अभियुक्तों सचिन चौरसिया पुत्र विमल चौरसिया उम्र करीब 23 वर्ष व विनय चौरसिया पुत्र इन्द्रजीत चौरसिया उम्र करीब 24 वर्ष नि0 गण रेडीगारापुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रेडीगारापुर बाजार से गिरफ्तार किया ग

### घाटमपुर पावर प्लांट से चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के यमुना पट्टी में स्थित निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड से केबिल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, आरोपी चोरी की गई केबिल को तांबे के तार,,को 1400 सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से कबाड़ियों को बेचते थे,, पुलिस अब चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ियों की तलाश कर रही है, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी घटना का खुलासा करते हुए बताया कि निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड में लंबे समय से केबिल चोरी की शिकायते मिल रही थी, शुक्रवार को भी 50 मीटर केबिल चोरी होने की सूचना मिली थी,, जिसके बाद सजेती थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी, पुलिस ने चार आरोपी को किया गिरफ्तार, शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केबिल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को अरेस्ट कर लिया, पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम चतुरीपुर गांव निवासी, सुनील कुमार, नवाज़ शरीफ़, सोनू,और सुशील कुमार सभी थाना सजेती क्षेत्र के निवासी हैं, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपी नवाज शरीफ पहले भी पावर प्लांट में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है, और उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, आरोपियों के पास से दो बाइकें और क़रीब दो लाख रुपए क़ीमत की केबिल बरामद हुई हैं सजेती पुलिस अब उन कबाड़ियों की तलाश में जुटी है, बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में भीषण आग में जिंदा जला व्यापारी,बेटे बहू नाती और भतीजी गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज शनिवार दोपहर यहां भीषण आग लगने से एक व्यापारी जिंदा जल गया, जबकि गंभीर रूप से घायल उसके बेटे, बहु, नाती0और भतीजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीषण अग्निकांड की यह घटना घाटमपुर में पुराना डाकखाना रोड स्थित एक मार्केट में हुई। इस हादसे में एक व्यापारी की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, उनके बेटे, बहू, नाती और भतीजी झुलस गए। झुलसे लोगों को घाटमपुर सीएचसी से कानपुर रेफर किया गया। दमकल के साथ ही पावर प्लांट की सीआईएसएफ की गाड़ियों को इस आग पर काबू पाने में घंटा लग गए।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुराना डाकखाना रोड पर 75 वर्षीय रामकिशन गुप्ता उनके भाई सत्यनारायण और राज्जनलाल अपने परिवारों के साथ रहते हैं। घर के नीचे खुद की मार्केट है, जिसमें तीनों भाइयों की कपड़े और किराना की दुकानें हैं। बताया गया कि रामकिशन की लक्ष्मी वस्त्र भंडार नाम से कपड़े की दुकान में शनिवार भोरपहर आग लगी। धुआं उठता देख रामकिशन नीचे उतर कर आए। दुकान का शटर उठाकर देखा तो लपटे और धुआं से घर भर गया। वह शोर मचाते हुए ऊपर की ओर भागे। इस दौरान घर के अन्य सदस्य भी जग गए। इस बीच देखते ही देखते लपटें तेज हो गई और सभी जान बचाने के लिए छत से चढ़कर दूसरे के घरों से होते हुए निकले। लेकिन, इस दौरान रामकिशन का पता नहीं चला। इसके बाद दमकल को सूचना दी गई। आसपड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। दमकल जब तक आ पाती आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी और पूरे घर को चपेट में ले लिया था। तीन घंटे बाद रामकिशन का शव निकाला गया।

पुलिस के अनुसार आग जिस समय लगी घर पर तीनों परिवारों के 14 लोग मौजूद थे। रामकिशन के घर पर उनकी पत्नी गोमती, बेटा हरिओम और बहू और दो नाती थे। सत्यनारायण के घर पर पत्नी और एक बेटी व दो बेटे थे। राज्जनलाल के घर पर पत्नी और दो बच्चे थे। आग से रामकिशन का बेटा हरिओम, बहू श्रेया, चार माह का पौत्र शिवार्थ और सत्यनारायण की बेटी आयुषी झुलस गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बर्रा में होटल बना अवैध गतिविधियों का अड्डा नाबालिगों की एंट्री और आपत्तिजनक हरकतों के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बर्रा इलाके में स्थित एक होटल को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक यह होटल कथित तौर पर अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। मामले से जुड़े कुछ वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है, जिनमें कई अनियमितताओं के संकेत मिलते हैं।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि होटल में स्कूल ड्रेस और एनसीसी यूनिफॉर्म में नाबालिगों को भी ठहराए जाने की बात सामने आई है। इस सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि वीडियो में होटल के कमरों में डांसर बुलाकर कार्यक्रम कराने और हुक्का जैसी गतिविधियों के दृश्य भी सामने आए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि होटल में नियमों को नजरअंदाज कर संचालन किया जा रहा है। यह होटल ठाकुर चौराहे पर एक प्रतिष्ठित स्कूल के ठीक सामने, रिहायशी इलाके में संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसका संचालन मिश्रा और अवस्थी नाम के व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है।

इलाके के निवासियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल सामाजिक माहौल को खराब कर रही हैं, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इस पूरे प्रकरण में पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि प्रशासन इस मामले में कब और क्या कदम उठाता है।

## किशोरी के साथ अश्लील हरकत व उत्पीड़न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** ग्राम दशरथपुर निवासी वादिनी द्वारा बीते 23 अप्रैल को थाना पट्टी पर तहरीर दी गई कि नामजद आरोपी द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत की गई। विरोध करने एवं शोर मचाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना पट्टी पर धारा 333, 74, 351(3) बीएनएस व धारा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(वी ए)एससी/एसटी एक्ट, धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम 01 नामजद अभियुक्त गामा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में थाना पट्टी पुलिस द्वारा रविवार को सटीक सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त गामा पुत्र करीम निवासी ग्राम दशरथपुर, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 के परीक्षा केंद्रों का एडीजी प्रयागराज जोन द्वारा औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायन द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।एडीजी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को परखा और निर्देश दिए कि प्रत्येक अभ्यर्थी की गतिविधि पर डिजिटल माध्यम से पैनी नजर रखी जाए और तकनीकी निगरानी में कोई भी शिथिलता न बरती जाए।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि पुलिस, शिक्षा विभाग और केंद्र पर्यवेक्षकों के बीच निरंतर समन्वय बना रहे। परीक्षा केंद्र के आसपास कानून-व्यवस्था एवं यातायात सुचारू रखने हेतु अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## नया पटेल नगर में सड़कें पड़ी खुदी, लोगों में आक्रोश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर के मोहल्ला नया पटेल नगर स्थित कांच के मंदिर के पीछे कॉलोनी में सड़क, नाली, साफ सफाई जैसी मूलभूत समस्याएं व्याप्त होने और कई मर्तबा शिकायत करने के बाद भी इन समस्याओं का निराकरण न किए जाने से कॉलोनी वासियों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नमामि गंगे परियोजना के तहत करीब दो माह पूर्व कॉलोनी में पाइपलाइन डाली गई थी लेकिन अब तक पानी की सप्लाई भी शुरू नहीं हो सकी है। कॉलोनी निवासी जेपी कुशवाहा, रामेश्वर दयाल, रामवीर, सुमित, राजेश, अवधकिशोर आदि ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान आम रास्तों की सड़कें जगह-जगह खोद दी गई थी। पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद भी इन सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई जिससे सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं और खुदाई में निकली मिट्टी भी सड़कों पर जगह-जगह बिखरी पड़ी हुई है जिससे आवागमन में लोगों खासकर महिला, बच्चे और बूढ़ों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से पानी के जमा होने की स्थिति में सड़क के हालात और भी खराब हो जाते हैं। दोपहिया वाहन निकालने में खासी दिक्कत होती है। उक्त लोगों ने कहा कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद जल निगम और नगर पालिका प्रशासन द्वारा समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उक्त लोगों ने अब स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द पाइप लाइन के सहारे पानी की सप्लाई शुरू कराने तथा जर्जर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। उक्त लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### रानीगंज पुलिस द्वारा 04 जिन्दा देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी रानीगंज विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह द्वारा थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत लच्छीपुर रेलवे फाटक के आगे ग्राम मेढ़ौली के लिए जाने वाला रास्ता के पास से एक अभियुक्त नीरज तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम खेमईपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को 04 जिन्दा देशी नाजायज बम के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त नीरज तिवारी के पास से 04 जिन्दा देशी बम नाजायज की बरामदगी के संबंध में थाना रानीगंज में धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम- 1908 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### जन आरोग्य मेले में 227 मरीजों का हुआ उपचार



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के पीएचसी तरहर, बिजौरा, सोहना, कोहडौरा व बिस्कोहर में रविवार को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में खांसी व गले में खराश, एसिडिटी, फंगल इन्फेक्शन,जोड़ों में दर्द , त्वचा रोग आदि के कुल 227 मरीजों का इलाज कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। पीएचसी तरहर में डॉ आशीष सत्यार्थी ने 37 मरीजों, पीएचसी बिजौरा में डॉ.ईशदेव आर्य ने 39 मरीजों, पीएचसी सोहना में डॉ.प्रिंस विश्वास ने 43 मरीजों, पीएचसी कोहडौरा में डॉ राहुल कुमार ने 30 मरीजों व पीएचसी बिस्कोहर में डॉ एससी शर्मा ने कुल 78 मरीजों का इलाज व निःशुल्क दवाई दी। अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा ने पीएचसी सोहना, कोहडौरा व बिस्कोहर पहुंचकर स्वास्थ्य मेले का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान चिकित्साधिकारी व अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित मिले तथा उनके द्वारा किया जा रहे कार्य संतोषजनक पाया गया। अधीक्षक ने चिकित्साधिकारी व फार्मासिस्ट को निर्देशित किया कि आवश्यक दवा सूची के अनुसार सभी दवाओं की उपलब्धता अस्पतालों पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मौसम के तापमान को देखते हुए सभी आम जनमानस दोपहर के समय बाहर निकले से बचें, फूल आस्तीन के कपड़े पहने, अधिक से अधिक नींबू युक्त शुद्ध पेयजल व ओआरएस युक्त पेयजल का इस्तेमाल करें तथा तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी को भोजन में शामिल करें। इस दौरान पीएन तिवारी, अखिलेश तिवारी, विनय किशोर, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा में नकल कराने के संगठित प्रयास का खुलासा, तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 25.04.2026 को बीएनएसडी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा की दूसरी पाली में ड्यूटी के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से नकल कराने के एक सुनियोजित षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि एक इन्विजिलेटर को संदिग्ध अवस्था में वॉशरूम की ओर जाते देख रोककर तलाशी ली गई, जिसके दौरान उसके पास से प्रश्नपत्र बुकलेट बरामद हुई जिसे उसने छिपाकर रखा था। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह एक अन्य इन्विजिलेटर एवं कॉलेज के एक केमिस्ट्री लेक्चरर के साथ मिलकर परीक्षा में नकल कराने की योजना में संलिप्त था। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा पूर्व नियोजित रूप से एक कक्ष में मोबाइल एवं प्रिंटर की व्यवस्था कर प्रश्नपत्र हल कराकर उसकी प्रतिलिपि तैयार की जा रही थी तथा अनुपस्थित अभ्यर्थी की ह्स्क्र शीट भरकर उसे अनुचित लाभ दिलाने की योजना थी। कॉलेज के संबंधित लेक्चरर द्वारा आवश्यक संसाधन एवं कक्ष उपलब्ध कराया गया था। प्रकरण में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना कर्नलगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है तथा अन्य संभावित संलिप्तताओं/तकनीकी साक्ष्यों का संकलन कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना का समय रहते खुलासा कर गंभीर परीक्षा अनियमितता को रोकने वाले सतर्क पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

### महिला रिक्रूट के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए एडीजी आलोक सिंह



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर जनपद झॉसी पुलिस लाईन में आयोजित महिला रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर उन्होनें परेड का निरीक्षण कर सलामी ली तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाली प्रशिक्षु महिला आरक्षियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ सभी को राष्ट्र सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ दिलाई गई। उन्होनें अपनें प्रेरणादायी संबोधन में नवआरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं जनसेवा के उच्च आदर्शों का पालन करने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्हें निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए पुलिस की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया।

## कानपुर में परीक्षा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने सड़क पर उतरे डीसीपी ट्रैफिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** 25 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड्स एनरोलमेंट 2025 की ऑफलाइन लिखित परीक्षा के मद्देनज़र डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार स्वयं सड़कों पर उतरे और शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रमुख चौराहों–घंटाघर चौराहा, बड़ा चौराहा, परेड चौराहा, चेतना चौराहा और सरसैया घाट चौराहा का भौतिक निरीक्षण किया। डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इस बात का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए कि किसी भी परीक्षार्थी को आने जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने संभावित भीड़ को देखते हुए चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

## बालू से ओवरलोड डंपर सड़क पर पलटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** कोंच-कैलिया सड़क मार्ग पर स्थित झलापठा के समीप रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे बालू से भरा ओवरलोड एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना ऐसे समय हुई जब सड़क पर सामान्य आवाजाही जारी थी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई राहगीर डंपर की चपेट में नहीं आया वरना एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डंपर में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बालू लोड थी। अधिक भार होने के कारण डंपर का संतुलन बिगड़ गया और चालक स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा जिसके फलस्वरूप डंपर सड़क पर पलट गया और चालक सहित सवार अन्य लोगों ने बाहर कूदकर अपनी जान बचाई।

डंपर पलटने से सड़क पर भारी मात्रा में बालू बिखर गई जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मशक्कत कर स्थिति को संभालते हुए यातायात व्यवस्था बहाल कराई। कुछ देर बाद क्रेन मशीन की मदद से डंपर को सड़क से हटवाया गया।

यह घटना क्षेत्र में सक्रिय बालू खनन माफियाओं की मनमानी और ओवरलोडिंग के गंभीर खेल को साफ तौर पर उजागर करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंच-कैलिया सड़क मार्ग पर प्रतिदिन बालू से भरे ओवरलोड डंपर तेज रफ्तार से गुजरते हैं जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अवैध खनन पर रोक लगाई जाए और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराया जाए ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### कानपुर के कई इलाकों में बिजली संकट, भीषण गर्मी में लोग बेहाल




**कानपुर।** 25 अप्रैल 2026 की रात शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोग भीषण गर्मी में परेशान रहे। स्थानीय निवासियों के अनुसार दिन में भी बार-बार बिजली कटौती हो रही है, जिससे हालात और खराब हो गए हैं। लोगों का कहना है कि बिजली न होने के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पंखे और कूलर बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को खास तौर पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क करने की कोशिश करने पर नंबर लगातार व्यस्त बताया गया, जबकि कई लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बिजली विभाग तत्काल समस्या का समाधान करे और सप्लाई को सुचारू बनाए। साथ ही, शिकायतों के निस्तारण के लिए हेल्पलाइन और अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** शनिवार देर रात करीब 11 बजे नगर में उरई रोड पर हुल्का देवी मंदिर के निकट एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुभाष नगर निवासी महिला नारायण देवी (55) पत्नी पप्पू अपनी बेटी खुशबू (20) सहित बेटे के साथ उरई रोड स्थित आशीर्वाद क्लब में आयोजित एक शादी समारोह से वापस लौट रही थी। वहीं ग्राम सिमिरिया निवासी शिवम (23) पुत्र रमेश एवं सुमित यादव (16) पुत्र विक्रम आशीर्वाद होटल में आयोजित शादी समारोह से वापस अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही उक्त दोनों बाइकें हुल्की माता मंदिर के समीप पहुंचीं तभी दोनों बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग बाइक से उछलकर सड़क पर दूर गिर पड़े और चीख पुकार मच गई। टक्कर लगने से महिला नारायण देवी, खुशबू एवं शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि सुमित को मामूली चोटें आई हैं। बाइक चला रहा नारायण देवी का बेटा और दूसरी बाइक पर सवार शिवम सुरक्षित बच गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर घायलों की समुचित जानकारी ली।

### कट में साथः पार्षद एसोसिएशन ने दिवंगत साथियों के परिजनों को दी आर्थिक मदद



**कानपुर।** राजनीति की भागदौड़ और आपसी वैचारिक मतभेदों से ऊपर उठकर कानपुर के पार्षदों ने मानवता और एकजुटता की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल पद के साथी नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह सुख-दुख में भी एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। इसी संकल्प के तहत एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूर्व पार्षद स्वर्गीय मदन बाबू के रानी घाट स्थित निवास पर जाकर उनके शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। संगठन के सदस्यों ने दिवंगत साथी की पत्नी सपना देवी को सांत्वना दी और पार्षदों द्वारा स्वेच्छा से एकत्रित की गई 1,00,000 (एक लाख रुपये) की सम्मानजनक धनराशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक अमित पांडे बंटी और अध्यक्ष नवीन पंडित ने भावुक होते हुए कहा, 'हमारे साथी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका परिवार हमारा अपना परिवार है। संगठन का हर सदस्य आपके साथ 24 घंटे खड़ा है और भविष्य में भी किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर हम पीछे नहीं हटेंगे। 'एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक शुरुआत है। संगठन के पदाधिकारियों ने घोषणा की है कि जल्द ही दीपक शर्मा जी के निवास पर जाकर उनकी पत्नी को भी इसी प्रकार 1 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, ताकि उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल मिल सके। इस पुनीत कार्य के दौरान पवन पांडे, सौरभ देव, नीरज रक्सेल, नीरज कुरील, राज किशोर यादव, विवेक शर्मा, वेद प्रकाश छोटू, गोविंद शुक्ला, जितेन चौरसिया सहित भारी संख्या में अन्य पार्षद मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कानपुर के राजनीतिक गलियारों में पार्षदों के इस सामूहिक प्रयास की जमकर सराहना हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक को नकली आभूषण थमाकर लोन हासिल करने वाले जालसाजों में शामिल एक अभियुक्त गिरफ्तार



थाना ज्ञानपुर पर आवेदक यूनियन बैंक आफ इण्डिया ज्ञानपुर जनपद भदोही में शाखा प्रबन्धक द्वारा सूचित किया गया कि शाखा में माह सितम्बर 2023 से माह मार्च 2024 के बीच मे गोल्ड लोन हुए थे जिसमे तीन गोल्ड लोन के लोन धारक जिनका नाम (1) राजेन्द्र गौतम पुत्र श्रीपत निवासी पाली जनपद भदोही (2) रवि कुमार पुत्र रामलखन निवासी पुरेटीका थाना गोपीगंज जनपद भदोही (3) नूर आलम पुत्र मो0 रफीक निवासी पुरानी बाजार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही लोन में रखे गये स्वर्ण आभूषणों की जब बैंक द्वारा दुबारा जांच दिनांक 12.11.2024 को की गयी, सभी आभूषण नकली पाये गये जबकि इन आभूषणों को लोन होने के समय जांच बैंक द्वारा स्वकृत स्वर्णकार भावना आरनामेन्ट दुर्गा जी की गली गोपीगंज के प्रोपराइटर राजू सेठ ने किया था अतः राजू सेठ एंव लोन लेने वाले उक्त सभी ने षडयंत्र करके नकली आभूषण बैंक मे रख कर लोन धोखे से लिया और बैंक की धनराशी का दुरुपयोग किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0 अ0 सं 0- 222/ 25 धारा 319(2)/ 318(4)/316(2)/ 61(2)/316(5) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में हो रहे अपराधों में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोगों से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-26.04.2026 को थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और आपराधिक विश्वासघात करते हुए बैंक को नकली आभूषण 'खोटा सोना' थमाकर लोन हासिल करने की जालसाजी के संबंध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0- 222/ 25 धारा 319(2)/ 318(4)/ 316(2)/ 61(2)/ 316(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित अभियुक्त राजू सेठ पुत्र स्व0 बसन्तलाल सेठ निवासी ग्राम पूरेरजई थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 41 वर्ष को सिंहपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित मा0 न्यायालय किया गया।

### दिल्ली में हीट वेव एक्शन प्लान लागू, दोपहर 12 से 3 बजे तक श्रमिकों के काम पर रोक; अस्पतालों में 'कूल रूम' तैयार

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में बढ़ते तापमान और लू की गंभीर स्थिति को देखते हुए 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' की विस्तृत समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष सरकार ने अपनी रणनीति को पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाया है और स्कूली बच्चों, निर्माण स्थलों पर कार्य कर रहे श्रमिकों का तो विशेष ध्यान रखा ही गया है। साथ ही पक्षियों व पशुओं तक पानी की उपलब्धता पहुंचाने के लिए विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। हीट वेव पीड़ितों के लिए विशेष टीमें भी तैनात की जा रही हैं।

**स्कूली बच्चों और श्रमिकों के लिए सुरक्षा कवच**

मुख्यमंत्री का कहना है कि स्कूली बच्चों को गर्मी और लू से बचाने के लिए अगर जरूरत हुई तो उन्हें छुट्टी से पहले स्कूल से ओआरएस का घोल पिलाकर ही घरों के लिए रवाना किया जाएगा ताकि रास्ते में डिहाइड्रेशन का खतरा न रहे।बहुत अधिक हीट वेव की अवस्था में निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्यस्थलों पर पानी ही नहीं, बल्कि धूप से बचाव के लिए कैप (टोपी) और गमछे के साथ जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। दोपहर 12:00 से 03:00 बजे के बीच बाहरी कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा।

**बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए विशेष निर्देश**

दिल्ली सरकार ने दिल्ली के थर्मल हाटस्पाट और हीट आइलैंड क्षेत्रों की संवेदनशीलता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले 2-3 वर्षों से लगातार 40 दिनों तक तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहने का गंभीर ट्रेंड देखा जा रहा है। अनुमान है कि इस सीजन में दिल्ली की बिजली पीक पावर डिमांड 9,000 मेगावाट के स्तर को पार कर जाएगी, जो पिछले वर्ष की अधिकतम मांग 8,442 मेगावाट से काफी अधिक है। इस भारी मांग को देखते हुए सीएम ने बिजली कंपनियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आपूर्ति में कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बढ रहे तापमान को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से पशु-पक्षियों के लिए पानी और छाया के निर्देश दिए हैं।

## आईसीयू के लिए एक समान मानक होः सुप्रीम कोर्ट स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर, राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर में आईसीयू मानकों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों को कार्ययोजना बनाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन मेडिकल यूनिट्स (आईसीयू) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के उद्देश्य से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। अदालत ने इस पूरी प्रक्रिया के लिए तीन सप्ताह की समयसीमा तय की। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी विशेषज्ञों के साथ बैठक कर यथार्थवादी और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें। पीठ ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने कहा कि यह योजना जमीन पर लागू होने योग्य और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। पीठ ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।अगली सुनवाई 18 मई को होगी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भी निर्देश दिया गया है कि अदालत में पेश दिशानिर्देशों को औपचारिक रूप से एडवाइजरी के रूप में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी करे व मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करे। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मई को तय की है।सुनवाई के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को IC परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, क्योंकि वही मरीजों के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि डॉक्टर समय-समय पर विजिट करते हैं। अदालत ने इस सुझाव को व्यावहारिक और जरूरी बताते हुए भारतीय नर्सिंग परिषद और पैरा मेडिकल परिषद को मामले में पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने इन संस्थाओं से कहा है कि वे अगली सुनवाई तक यह योजना पेश करें कि आईसीयू प्रबंधन के लिए नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों तथा प्रशिक्षण प्रणाली को कैसे मजबूत किया जाएगा, ताकि भविष्य में प्रशिक्षित कर्मी गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल कर सकें। पीठ ने निर्देश दिया कि सबसे पहले पांच ऐसे बुनियादी मुद्दों की पहचान की जाए, जो IC की न्यूनतम व्यवस्था के लिए पूर्णतः आवश्यक और अनिवार्य हों। इनमें विशेष रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन, उपकरण और आवश्यक मेडिकल ढांचे को प्राथमिकता दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को भी निर्देश दिया कि गहन मेडिकल सेवाओं के संगठन और संचालन संबंधी विशेषज्ञों द्वारा तैयार दिशानिर्देश सभी राज्यों को परामर्श के रूप में भेजे जाएं और मंत्रालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किए जाएं।

पीठ ने कहा कि राज्यों को इन मानकों को जमीन पर लागू करने की व्यावहारिक व्यवस्था तैयार करनी होगी और अनुपालन की निगरानी के लिए तंत्र भी बनाना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से बैठकों में शामिल होने को कहा गया। राज्य स्तर की कार्यवाही पूरी होने के बाद सभी रिपोर्ट केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सचिव को भेजी जाएंगी। इसके बाद केंद्र स्तर पर संयुक्त बैठक कर एक समान राष्ट्रीय प्रारूप तैयार किया जाएगा, जिसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## श्रीभूमि जिले के पश्चिम सिंगला में बिजली गिरने से घर जलकर खाक, परिवार बाल-बाल बचा





● प्रशासन से त्वरित व स्थायी सहायता की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पश्चिम सिंगला में गत 25 अप्रैल (शनिवार) लगभग शाम 4 बजे एक भीषण बिजली गिरने की घटना में समर दास का आवासीय घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। यह हादसा इतनी तेजी से हुआ कि परिवार के सदस्य कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पड़ोसी बाप्पन दास ने सबसे पहले आग और घने धुएँ को देखा और तुरंत शोर मचाकर स्थानीय लोगों को सतर्क किया। इसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। स्थानीय लोगों की तत्परता से समर दास और उनका परिवार किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। हालांकि इस दुर्घटना में घर के भीतर रखे सभी सामान, फर्नीचर एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घटना की सूचना मिलने पर दरगाबंद जीपी के प्रतिनिधि दीपन सिन्हा तथा उपाध्यक्ष श्यामकुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद स्थानीय बिधायक के माध्यम से प्रशासन से संपर्क किया गया, जहां से आश्वासन दिया गया कि पीड़ित परिवार को आगामी 6 या 7 तारीख को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रारंभिक राहत के रूप में प्रशासन की ओर से 10 हजार रुपये नकद एवं खाद्य सामग्री (चावल) उपलब्ध कराई गई है।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रभावित परिवार के लिए त्वरित एवं स्थायी सहायता की मांग तेज कर दी है, ताकि परिवार अपनी आर्थिक स्थिति को पुनः संभाल सके।

## 'मैं घर जाना चाहतीं हूं', व्हाइट हाउस डिनर फायरिंग के बाद रो पड़ीं एरिका किर्क

● पति की पिछले साल गोली लगने से हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेरिका की राजधानी में वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान शनिवार रात करीब 8:30 बजे अचानक फायरिंग की घटना से अफरातफरी मच गई। इस दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एरिका किर्क को रोते हुए सुरक्षा कर्मियों के साथ कार्यक्रम स्थल से बाहर ले जाते देखा जा सकता है। वीडियो में एरिका बेहद भावुक नजर आ रही हैं और बार-बार कहती सुनाई देती हैं, 'मैं बस घर जाना चाहती हूं।' इस घटना ने इसलिए भी ज्यादा ध्यान खींचा है क्योंकि उनके पति चार्ली किर्क जो डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते थे पिछले साल सितंबर में एक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी में मारे गए थे।वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में चल रहे इस कार्यक्रम के दौरान करीब पांच गोलियों की आवाजें सुनाई दीं। जिसके बाद तुरंत सिक्रेट सर्विस एजेंट्स एक्टिव हो गये और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को मंच से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले गए।

**फायरिंग के बाद एक्टिव हुई सुरक्षा एजेंसी**

यह फायरिंग उस समय हुई जब वॉशिंगटन हिल्टन होटल में डिनर कार्यक्रम चल रहा था और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भाषण दे रहे थे। अचानक गोलियों जैसी आवाजें सुनाई दीं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गई। सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने राष्ट्रपति ट्रंप को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**कई बड़े नेता डिनर में थे मौजूद**

कार्यक्रम में फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट सदस्य मौजूद थे। ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और एफबीआई निदेशक काश पटेल को भी सुरक्षा के तहत बाहर निकाला गया।

**हमलावर को किया गया गिरफ्तार**

फायरिंग करने वाले शख्स की पहचान कैलिफोर्निया के 31 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के पीछे की मंशा की जांच जारी है।

## गाजीपुर कांड पर अखिलेश का सरकार पर हमला, बोले- 'बयान बदलवाने से सच नहीं छिपता

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजीपुर के करंडा कटरिया मामले को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि बयान बदलवाने से सच्चाई नहीं बदली जा सकती और प्रदेश में पीड़ितों पर दबाव बनाकर सच छिपाने की कोशिश हो रही है। आरोप लगाया कि प्रदेश ने इतना कमजोर नेतृत्व कभी नहीं देखा, जो घोर अत्याचार के शिकार गरीब और बेबस लोगों पर दबाव डालकर उनके बयान बदलवाता हो। उन्होंने पूछा कि गाजीपुर में एक बेटी की हत्या होती है फिर उसमें एफआईआर दर्ज कराने में इतनी देर क्यों हुई, पीड़ित परिवार के बयान क्यों बदलवाए गए, परिवार को लगातार उत्पीड़ित क्यों किया जा रहा है, पुलिस पर पथराव करने वाले वर्चस्ववादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किसने रोकी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवालिया निशान क्यों लग रहे हैं। इन सवालों के जवाब सरकार को देने चाहिए। सपा प्रमुख ने कहा कि सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट चाहे कुछ भी कहे, लेकिन गांव के हर घर को जमीनी हकीकत मालूम है। सभी जानते हैं कि वास्तव में क्या हुआ और क्या कहा जा रहा है। गाजीपुर की घटना को हाथरस कांड का दोहराव बताते हुए कहा कि दोनों पीड़ित परिवार पीडीए समाज से जुड़े थे। उनकी पार्टी सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को हर हाल में जारी रखेगी।

## 'आज सिर्फ छक्के मारेंगे', वैभव सूर्यवंशी ने SRH के गेंदबाजों को धोने का पहले ही बना लिया प्लान; सेंचुरी ठोकने के बाद खोला राज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया। हालांकि, उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा लेकिन 15 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से सभी का दिल जीत लिया। सूर्यवंशी ने मुकाबले के बाद यशस्वी जायसवाल के साथ अपनी बातचीत का खुलासा किया है। वैभव का कहना है कि जायसवाल ने उनसे सिर्फ छक्के मारने की बात कही थी। वैभव का कहना है कि जायसवाल ने उनसे आक्रामक बल्लेबाजी करने की बात कही थी। इसके बाद वे भी इसके लिए तैयार हो गए थे। बता दें कि हैदराबाद के खिलाफ जायसवाल का बल्ला नहीं चला और वे 10 रन बनाकर आउट हो गए थे। हालांकि, सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और चौकों से ज्यादा बार गेंद को हवाई यात्रा पर भेजा। मैच में हार के बाद सूर्यवंशी ने जायसवाल के साथ बातचीत का खुलासा किया है।

**वैभव सूर्यवंशी ने जायसवाल के साथ बातचीत का किया खुलासा**

राजस्थान रॉयल्स ने अपने एक्स अकाउंट पर वैभव का एक वीडियो शेयर किया है। सूर्यवंशी ने कहा, 'जब हम टॉस जीतकर अंदर गए, तो यश भाई ने कहा कि आज चलकर सिर्फ मारते हैं। इस पर मैंने भी कहा कि हां आज चलकर सिर्फ मारते हैं। हम सिर्फ छक्के मारेंगे। यश भाई ने कहा कि चलो आज चलकर अटैक करते हैं और मैंने भी ऐसा ही करने को कहा। '

**वैभव सूर्यवंशी का शतक**


सूर्यवंशी ने हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने 36 गेंदों पर शतक ठोक दिया। ये आईपीएल में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा दूसरा सबसे तेज शतक है। पहले स्थान पर भी सूर्यवंशी का ही नाम शामिल है, जिन्होंने आईपीएल 2025 में गुजरात के खिलाफ 35 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी।

**हैदराबाद की मुकाबले में जीत**

राजस्थान ने सूर्यवंशी के शतक के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 228 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, हैदराबाद के लिए ये काफी नहीं था। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन के अर्धशतक के दम पर एसआरएच ने मुकाबले को 5 विकेट से अपना नाम कर लिया था। किशन ने 74, जबकि अभिषेक ने 57 रनों की पारी खेली थी। आईपीएल 2026 में हैदराबाद की ये लगातार चौथी जीत है।

## इंदिरा गांधी से मदर टेरेसा तक, तस्वीरों से इतिहास लिखने वाले रघु राय ने दुनिया को कहा अलविदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



देश के दिग्गज फोटो जर्नलिस्ट और प्रतिष्ठित फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को 83 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार ने सोशल मीडिया के जरिए दी। आज शाम 4 बजे दिल्ली के लोधी श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रघु राय को भारतीय फोटोग्राफी और फोटो पत्रकारिता का 'जनक' माना जाता है। उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक के करियर में देश और दुनिया की कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घटनाओं को अपने कैमरे के जरिए अमर कर दिया।

**इतिहास को कैमरे में किया कैद**

रघु राय का जन्म 1942 में अविभाजित भारत के झंग (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उन्होंने 1962 में फोटोग्राफी को अपना करियर बनाया।

उन्होंने आधुनिक भारतीय इतिहास की कुछ सबसे मार्मिक और अहम घटनाओं को अपने कैमरे में कैद किया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ उन्होंने लंबे समय तक काम किया और उनके कार्यकाल के कई ऐतिहासिक पल कैमरे में दर्ज किए। मदर टेरेसा पर की गई उनकी फोटोग्राफी को दुनिया भर में काफी सराहा गया। 1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट और 1984 की भीषण भोपाल गैस त्रासदी की उनकी तस्वीरें इतनी प्रभावशाली थीं कि उन्होंने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था।

## धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिसः वीकेंड पर 'धुरंधर 2' ने हिला डाला बॉक्स ऑफिस, स्पाई थ्रिलर ने की करोड़ों में कमाई



रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर की कमाई की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है। 39वें दिन भी फिल्म ने जबरदस्त कलेक्शन दर्ज किया है। आइए जानते हैं 19 मार्च को रिलीज हुई धुरंधर 2 ने अपने 6वें रविवार को कितना कलेक्शन किया।

**'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 39**

बॉक्स ऑफिस पर अपना 7वां हफ्ता शुरू करने वाली 'धुरंधरः द रिवेंज' (DhurandharÑ The Revenge) अभी भी करोड़ों रुपये छाप रही है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 102 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला था। जिसके बाद से फिल्म की कमाई की रफ्तार बुलेट ट्रेन की तरह दौड़ रही है। रविवार की बात करें तो फिल्म ने 39वें दिन अब तक 3.07 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। ये कलेक्शन फिल्म ने 2,828 शोज और 25% ऑक्यूपेंसी के साथ दर्ज किया है। इसके साथ ही फिल्म का टोटल इंडिया नेट कलेक्शन 1,130.26 करोड़ रुपये हो गया है वहीं इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 1,352,82 करोड़ रुपये हो गया है।

## अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को दिव्य शक्ति साबित करने की चुनौती दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** महाराष्ट्र की अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति (ANIS) ने दो परीक्षणों के जरिए बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के 'चमत्कारी' दावों को चुनौती दी है। पुणे मिरर की खबर के मुताबिक ANIS के संस्थापक प्रो. श्याम मानव ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दो विशेष परीक्षणों से गुजरना होगा। अगर वे इन परीक्षणों में सफल होते हैं तो उन्हें 80 लाख की पुरस्कार राशि दी जाएगी, लेकिन असफल होने पर इवेंट फीस के मद में जमा राशि 8 लाख जब्त कर लिए जाएंगे। सोशल मीडिया पर इस घोषणा की काफी चर्चा है।

**परीक्षण की शर्तें अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने यह चुनौती तीन शर्तों के साथ रखी है:**

1. धीरेंद्र शास्त्री को बंद लिफाफों में रखे 10 अलग-अलग व्यक्तियों के नाम, उनके माता-पिता के नाम, उम्र और मोबाइल नंबर सही-सही पहचानना होगा।

2. धीरेंद्र शास्त्री को परीक्षण वाली जगह पर बगल के में कमरे में रखी 10 अलग-अलग वस्तुओं की पहचान बिना देखे करनी होगी।

3. पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग नागपुर में होगी और दोनों पक्षों की पाँच-पाँच सदस्यीय समिति इसकी निगरानी करेगी।

प्रो. श्याम मानव ने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल में महाराष्ट्र में अंधविश्वास बढ़ा है। साथ ही उन्होंने यह गंभीर आरोप भी लगाया कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई हाल ही में अपने परिवार सहित धीरेंद्र शास्त्री से मिले, जिसे उन्होंने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिहाज़ से बेहद चिंताजनक बताया। हालांकि इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक धीरेंद्र शास्त्री ने इस चुनौती को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि शास्त्री ने कहना है कि 'मेरे पास कोई अलौकिक शक्ति नहीं है, सभी शक्तियाँ बजरंगबली की हैं। मुझे केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि मैं धर्मांतरण का विरोध करता हूँ।' इसके जवाब में एएनआईएस के प्रो श्याम मानव का कहना है कि 'अगर वे वाकई दिव्य शक्तियाँ रखते हैं, तो हमारे परीक्षण में क्या डर? हम सार्वजनिक रूप से सिद्ध करने को तैयार हैं।' धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म 4 जुलाई 1996 को हुआ था। वो मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गाँव स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। वे अपने 'दिव्य दरबार' में भूत भगाने, बिना परीक्षण के बीमारियाँ पहचानने और 'चमत्कार' करने का दावा करते हैं। बिना परीक्षण बीमारियां पहचानने और कथित चमत्कार को लेकर ही उन्हें ANIS ने अब चुनौती दी है। बागेश्वर धाम प्रमुख हमेशा विवादों में घिरे रहे हैं। कभी वो महिलाओं के बारे में गलत बोलने के लिए चर्चा में रहते हैं तो कभी किसी वीआईपी से मिलने पर चर्चा में आ जाते हैं। 25 अप्रैल 2026: नागपुर में धीरेंद्र शास्त्री ने शनिवार को कहा कि हिन्दुओं को कम से कम चार बच्चे पैदा करना चाहिए। जिसमें वो एक बच्चा आरएसएस को सौंप दें। उनके इस बयान पर खासा विवाद हो रहा है। जनवरी 2023 मे ANIS ने नागपुर पुलिस में महाराष्ट्र के काला जादू-विरोधी कानून (2013) के तहत धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि 'दिव्य दरबार' और 'प्रेत दरबार' की आड़ में आम लोगों को ठगा जा रहा है। प्रो. मानव ने तब 30 लाख की चुनौती दी थी। 25 जनवरी 2023 को नागपुर पुलिस ने जाँच के बाद शास्त्री को क्लीन चिट दे दी। पटना में आयोजित दरबार में शास्त्री ने 'हमारा साथ दो, हम हिंदू राष्ट्र देंगे' का नारा दिया। इस पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई नेताओं ने कड़ा एतराज जताया। पटना में उनके पोस्टरों पर कालिख पोती गई और 'चोर' तथा '420' जैसे शब्द लिखे गए। फरवरी 2023 में शास्त्री के छोटे भाई शालिग्राम गर्ग को गढ़ा गाँव में एक दलित परिवार की शादी में हथियार लहराने के मामले में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद शालिग्राम गर्ग और उनके साथियों ने बागेश्वर धाम के एक देखभालकर्ता के घर में घुसकर महिलाओं पर डंडे और छड़ों से हमला किया, जिसमें एक नाबालिग लड़की का हाथ टूट गया। बुजुर्ग सदस्यों पर भी हमला किया गया। कैंसर के इलाज में गोमूत्र की सलाहः 2022 में एक वीडियो सामने आया जिसमें तब 25 वर्षीय शास्त्री एक युवक को उसकी कैंसर पीड़ित माँ, जो चौथे चरण में थीं, को गोमूत्र पिलाने की सलाह देते दिखे। इस वीडियो पर व्यापक आलोचना हुई। इन्हीं सब विवादों के बीच, फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में 200 करोड़ के कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी। 2024 में छत्तीसगढ़ के कवर्धा में एक कार्यक्रम में शास्त्री ने महाकुंभ में गैर-हिंदुओं की भागीदारी पर आपत्ति जताते हुए 'मेरे आँगन में तुम्हारा क्या काम है' जैसे विवादास्पद शब्द कहे। इस बयान पर धर्मनिरपेक्षता की आलोचना करने वालों ने कड़ा विरोध किया। अप्रैल 2025 में नागपुर के जामठा में भारत दुर्गा मंदिर की आधारशिला समारोह में शास्त्री ने दावा किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने कई युद्धों के बाद थककर अपना राज्य संत समर्थ रामदास को सौंपने की पेशकश की थी। इतिहासकारों और महाराष्ट्र के नागरिकों ने इस बयान को ऐतिहासिक तथ्यों से परे और आहत करने वाला बताया। इसी कार्यक्रम में उन्होंने हिन्दुओं से चार बच्चे पैदा करने की अपील की थी और एक बच्चा आरएसएस को सौंपने को कहा था। इस बयान ने जनसंख्या नियंत्रण की बहस के बीच



राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया उत्पन्न की। 2025 में एक पॉडकास्ट में YouTuber रणवीर इलाबादिया के एक विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शास्त्री ने कहा, 'सनातन और हिंदू धर्म को नुकसान पहुँचाने वाले को माफ नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें मिटा देना चाहिए।' इस बयान को हिंसा के समर्थन के रूप में देखा गया। धीरेंद्र शास्त्री के सबसे ज्यादा कार्यक्रम बीजेपी शासित राज्यों या उसकी समर्थक सरकारों के क्षेत्रों में होते हैं। शास्त्री के दरबार में BJP के कई वरिष्ठ नेता जैसे कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा, और पूर्व CM रमन सिंह शामिल हो चुके हैं। यहाँ तक कि कांग्रेस नेता कमल नाथ भी 2023 के चुनाव से पहले आशीर्वाद लेने पहुँचे थे। कई बार वो राजनीतिक दलों के टिकट तक तय करते नज़र आते हैं। पिछले दिनों उन्होंने दिल्ली से मथुरा तक हिन्दू राष्ट्र के समर्थन में पदयात्रा भी की थी। आलोचकों का कहना है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते उन पर कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाती।

## AAP में बगावत के बीच अरविंद केजरीवाल ने कोलकाता में ममता बनर्जी के लिए मांगे वोट, Giriraj Singh ने कसा तंज

आम आदमी पार्टी इस समय मुश्किल दौर से गुजर रही है क्योंकि पार्टी के 7 राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। इस आंतरिक संकट के बावजूद, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कोलकाता में ममता बनर्जी की टीएमसी का समर्थन करने और बीजेपी के खिलाफ प्रचार करने में व्यस्त हैं। केजरीवाल ने बंगाल पहुंचकर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है।

**केजरीवाल का बीजेपी पर हमला**

कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर दिल्ली में उनके कामों को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'आज बीजेपी ने दिल्ली में हमारे किए गए सभी अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया है। हमने अच्छे स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए, महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की, जिसे उन्होंने रोकने की कोशिश की। 'उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सिर्फ गंदी राजनीति कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि बंगाल लोकतंत्र को बचाने के लिए बीजेपी, अमित शाह और मोदी जी को करारा जवाब दे और उन्हें बुरी तरह हराए।